CMYK

अधिकतम : 29°C
न्यूनतम : 15°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, रविवार 8 मार्च 2026 राष्ट्रीय संस्करणः वर्ष 23 अंक 335 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 18 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सिलेंडर की कीमतों को लेकर अखिलेश ने केंद्र व राज्य सरकार पर साधा निशाना पेज 2





भारत की नजरें जीत पर, न्यूजीलैंड इतिहास के पक्ष में खेल टाइम्स



ईरान के खिलाफ जंग में उतरेगा पाकिस्तान ! पेज 11



'धुरंधर-2' में सारा अर्जुन ने उठा ली बंदूक बॉलीवुड

## 18वां रोज़ा

कुरआने-पाक में जाहिर कर दिया गया है-जो लोग ईमान लाए, नेक अमल किए व अपने परवरदिगार के आगे आजिजी की, यही साहिबे- जन्नत हैं। हमेशा इसमें रहेंगे। मजकूर आयत की रोशनी में अठारहवां रोज़ा बेहतरीन तरीके से समझा जा सकता है। 'नेक अमल' से मुराद है ऐसे काम जो पाकीज़गी, परहेजगारी, इंसानियत और शरई उसूल के मुताबिक सब्र और सदाकत की मिसाल हों। नेक अमल। परवरदिगार से मुराद अल्लाह से है।





# केदारनाथ से कन्याकुमारी तक बाहर होंगे घुसपैठिएः अमित शाह



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हरिद्वार।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को हरिद्वार के बैरागी कैम्प में 'जन जन की सरकार, 4 साल बेमिसाल' कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया।

केंद्रीय गृह मंत्री ने संबोधन की शुरुआत उत्तराखंड राज्य आंदोलन से करते हुए कहा कि, उत्तराखंड के युवाओं को अपनी पहचान, संस्कृति बचाने के साथ ही अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरना पड़ा, लेकिन इसके लिए उन्हें रामपुर तिराहा कांड जैसी हिंसा का सामना करना पड़ा। इसके बाद केंद्र में भाजपा सरकार बनने पर तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई ने उत्तराखंड के साथ ही झारखंड और

- **गृह मंत्री ने 'जन जन की सरकार, 4 साल बेमिसाल' कार्यक्रम के तहत हरिद्वार में आयोजित विशाल जनसभा को किया संबोधित**
- **शाह बोले उत्तराखंड की समस्याओं को चुन-चुन कर हल कर रहे हैं मुख्यमंत्री पुष्कर धामी**

छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों का निर्माण करने का निर्णय लिया, आज ये तीनों राज्य तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि उन्होंने कहा था कि उत्तराखंड को अटल जी ने बनाया है, अब इसे संवारने का काम मोदी जी करेंगे, इसी क्रम में 2017 से 2026 तक का कालखंड, उत्तराखंड के विकास को समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि बीते चार सालों में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड की सभी समस्याओं को चुन- चुन कर समाप्त करने का काम किया है। इस कारण उत्तराखंड -शेष पृष्ठ दो पर

### राज्य सरकार ने किए कई ऐतिहासिक कार्यः धामी

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के समग्र विकास के साथ समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन पर कार्य किया जा रहा है। राज्य में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रेल एवं हवाई कनेक्टिविटी सहित सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। वर्ष 2023 में ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन कर राज्य में 3.56 लाख करोड़ के निवेश समझौते किए। जिसमें एक लाख करोड़ से ज्यादा के ग्राउंडिंग हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं। राज्य में पहली बार जी-20 जैसे वैश्विक सम्मेलन का आयोजन, राज्य में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन, जिसमें राज्य के खिलाड़ियों ने 100 से अधिक मैडल प्राप्त कर राज्य को अंक तालिका में 7वां स्थान प्राप्त हुआ। राज्य में पहली बार वर्षभर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए शीतकालीन यात्रा प्रारम्भ, जैसे कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं।

### उत्तराखंड के लिए केंद्रीय सहायता बढ़ी

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 2004 से 2014 के बीच उत्तराखंड को केंद्र सरकार से सिर्फ 54 हजार करोड़ मिले, जबकि इसके बाद से उत्तराखंड को केंद्र से एक लाख 87 हजार करोड़ रुपये मिल चुके हैं, इसके अलावा केंद्र सरकार के सहयोग से उत्तराखंड में हजारों करोड़ रुपये की आलवेदर को रोड, दिल्ली - देहरादून इकानॉमिक कॉरिडोर, रेल, सड़क और परियोजनाओं पर भी काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 में उत्तराखंड की प्रति व्यक्ति आय 1 लाख 80 हजार रुपये थी, जो अब बढ़कर 2 लाख 74 हजार हो चुकी है। जीएसडीएपी भी 2 लाख 22 हजार करोड़ से बढ़कर तीन लाख 82 हजार करोड़ हो चुकी है।

# यूएई, सऊदी और जॉर्डन में अमेरिकी थाड डिफेंस-सिस्टम पर ईरानी हमला

## जॉर्डन वाला डिफेंस-सिस्टम ईरानी हमले में तबाह, कीमत 22 हजार करोड़

तेल अवीव/तेहरान, वार्ता

**अमेरिका-इजरायल** और ईरान जंग का शनिवार को आठवां दिन था। ईरान ने बीते एक हफ्ते में सऊदी अरब, यूएई और जॉर्डन में तैनात अमेरिका के टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस (थाड) सिस्टम को निशाना बनाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इन हमलों में जॉर्डन के 'मुवफ्फाक साल्टी एयर बेस' पर लगे थाड का रडार सिस्टम तबाह हो गया है।

एक थाड सिस्टम की कीमत 22 हजार करोड़ तक होती है, जबकि थाड के रडार सिस्टम की कीमत 2700 करोड़ रुपये (300 मिलियन डॉलर) तक होती है। यह रडार थाड सिस्टम का अहम हिस्सा होता है और दुश्मन की बैलिस्टिक मिसाइलों को पहचानने और ट्रैक करने का काम करता है। अमेरिका के पास सिर्फ 7-8 थाड सिस्टम ही मौजूद हैं, इसलिए इसे बड़ा सैन्य नुकसान माना जा रहा है। जॉर्डन में अमेरिकी थाड का रडार सिस्टम की ईरानी हमले के बाद की सैटेलाइट तस्वीर जारी की गई हैं। वहीं ईरान का एक युद्धपोत आईआरआईएस लावन भारत के कोच्चि बंदरगाह पर रुका हुआ है। ईरान ने 28 फरवरी को तकनीकी खराबी आने के बाद भारत से मदद मांगी थी। भारत ने 1 मार्च को



- **अमेरिका के पास ऐसे सिर्फ सात सिस्टम थे मौजूद**
- **ईरान का एक युद्धपोत अभी भारत में, 183 नौसैनिक मौजूद, तकनीकी खराबी के बाद मदद मांगी, चार मार्च को कोच्चि पहुंचा**

### ईरानी युद्धपोत को कोच्चि में रुकने की अनुमति मानवीय फैसला

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस लावन को कोच्चि बंदरगाह पर रुकने की अनुमति देने के भारत के फैसले पर उठ रहे सवालों को खारिज करते हुए कहा है कि यह विशुद्ध कानूनी जटिलताओं से परे मानवीय आधार पर लिया गया निर्णय है जो उनकी समझ से सही है।

डा. जयशंकर ने शनिवार को यहां प्रतिष्ठित रायसीना डायलॉग के तीसरे और अंतिम दिन 'हिन्द महासागर का भविष्य' विषय पर पैनल चर्चा में हिस्सा लेते हुए सवालों के जवाब में कहा कि ईरानी युद्धपोत को कोच्चि बंदरगाह पर रुकने का निर्णय विशेष परिस्थितियों और मानवीय आधार पर लिया गया है और इसे कानूनी बारीकियों में नहीं तोला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईरान के तीन युद्धपोत आईआरआईएस डेना, आईआरआईएस लावन और आईआरआईएस बुशहर पिछले महीने विशाखापत्तनम में नौसेना के अंतर्राष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा समारोह तथा मिलन अभ्यास में शामिल होने आए थे।



जहाज को कोच्चि में डाक करने की अनुमति दी और इसके बाद 4 मार्च को यह बंदरगाह पर पहुंच गया। जहाज के 183 क्रू मेंबर फिलहाल कोच्चि में भारतीय नौसेना की सुविधाओं में ठहरे हुए हैं। आईआरआईएस लावन हाल ही में भारत में आयोजित इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू 2026 और मिलान 2026 नौसैनिक अभ्यास में शामिल हुआ था, जो 15 से 25 फरवरी के बीच आयोजित हुए थे। इससे पहले अमेरिका ने भारत से लौट रहे ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस डेना को श्रीलंका के पास हमला कर डुबा दिया था। हमले में 87 ईरानी नौसैनिक मारे गए।

# घरेलू एलपीजी सिलेंडर 60 रुपये कमर्शियल 114.50 रुपये महंगा

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल तथा गैस की कीमतों में भारी वृद्धि और डॉलर की तुलना में रुपये में जारी गिरावट के कारण तेल विपणन कंपनियों ने शनिवार से रसोई गैस (एलपीजी) के दाम बढ़ा दिए हैं।

देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की वेबसाइट के अनुसार, 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में शनिवार से 60 रुपये की बढ़ोतरी की गई है, जबकि 19 किलोग्राम

- **डॉलर की तुलना में रुपये में जारी गिरावट से बढ़े दाम**

वाला वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 114.50 रुपये महंगा हो गया है। दिल्ली में 7 मार्च से घरेलू एलपीजी सिलेंडर 913 रुपये का मिलेगा। यह जुलाई 2023 के बाद का उच्चतम स्तर है। कोलकाता में इसकी नई कीमत 939 रुपये, मुंबई में 912.50 रुपये और चेन्नई में 928.50 रुपये हो गई है। घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में 11 महीने बाद कोई बदलाव किया गया है। इससे पहले 8 अप्रैल 2025 को इसकी कीमत 50 रुपये बढ़ाकर 853 रुपये प्रति सिलेंडर की गई थी। वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर की कीमत दिल्ली में 1,768.50 रुपये से बढ़कर अब 1,883 रुपये हो गई है, जो अप्रैल 2023 के बाद सबसे अधिक है। वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर लगातार चौथी बार महंगा हुआ है। छह दिन पहले 1 मार्च को भी दिल्ली में इसके मूल्य में 28 रुपये की वृद्धि की गई थी।

### पाक में शिया प्रदर्शनकारियों पर सेना की गोलीबारी, 38 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगिट-बाल्टिस्तान के सबसे बड़े शहर स्कार्दू में भीषण हिंसा भड़क उठी। पहली मार्च को शुरू हुए विरोध-प्रदर्शनों के दौरान पाकिस्तानी सेना व अर्द्धसैन्य बलों की गोलीबारी में बाल्टी-शिया समुदाय के 38 लोगों की मौत हो गई। बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी घायल हुए हैं। इससे क्रोधित प्रदर्शनकारियों ने सैन्य प्रतिष्ठानों व सरकारी दफ्तरों में तोड़फोड़ की और आग के हवाले कर दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने कई इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया है। सूत्रों के मुताबिक, शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर सुरक्षा बलों की कार्रवाई के बाद हिंसा भड़की।

## डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को एक संभावित हादसे से बाल-बाल बच गए। कौशांबी जाते समय उनके हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। जानकारी के अनुसार उपमुख्यमंत्री लखनऊ के ला मार्टिनियर ग्राउंड से हेलीकॉप्टर द्वारा कौशांबी के लिए रवाना हुए थे।

उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हेलीकॉप्टर के केबिन में अचानक धुआं भरने लगा। स्थिति को देखते हुए पायलट ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए हेलीकॉप्टर को वापस लखनऊ एयरपोर्ट की ओर मोड़ दिया और आपातकालीन लैंडिंग कराई। बताया जा रहा है कि हेलीकॉप्टर में उपमुख्यमंत्री के साथ पायलट,

- **बाल-बाल बचे**

एक सहयोगी और एक पीएसओ मौजूद थे। धुएं के कारण कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई, हालांकि सुरक्षित लैंडिंग होने से सभी लोग पूरी तरह सुरक्षित हैं और किसी प्रकार के नुकसान की खबर नहीं है। घटना के बाद उपमुख्यमंत्री कुछ समय तक एयरपोर्ट पर ही रुके रहे। तकनीकी खराबी के कारणों की जांच के लिए हेलीकॉप्टर की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। उपमुख्यमंत्री मौर्य शनिवार को कौशांबी में आयोजित कार्यक्रम शामिल होने जा रहे थे। इसके अलावा उनके पार्टी पदाधिकारियों के साथ संवाद, विभागीय अफसरों के साथ बैठक और कई विकास परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करने का भी कार्यक्रम तय था।

## संक्षिप्त समाचार

### राम रहीम पत्रकार छत्रपति हत्याकांड में बरी

**चंडीगढ़।** पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में डेरा सच्चा सौदा के राम रहीम को बरी कर दिया है। हालांकि कोर्ट ने 3 आरोपियों कुलदीप सिंह, निर्मल सिंह और कृष्ण लाल की सजा को बरकरार रखा है। इससे पहले 17 जनवरी 2019 को पंचकूला की स्पेशल सीबीआई कोर्ट ने राम रहीम समेत बाकी सभी आरोपियों को 7 साल कैद की सजा सुनाई थी। जिसके खिलाफ आरोपियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। फैसला सुनाते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि इस हत्याकांड में राम रहीम के साजिशकर्ता होने के पर्याप्त सबूत नहीं हैं। जिस वजह से राम रहीम को बरी कर दिया गया। राम रहीम इससे पहले डेरा मैनेजर रणजीत हत्याकांड में पहले ही हाईकोर्ट से बरी हो चुका है। हालांकि सीबीआई ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। राम रहीम को साध्वियों के यौन शोषण केस में 10 साल कैद की सजा हुई है। इस वजह से राम रहीम को अभी जेल में ही रहना होगा।

### नेपाल चुनावः भारत विरोधी नेता केपी ओली की हार

**काठमांडू।** नेपाल में 165 सीटों पर शुरुआती रुझान आ चुके हैं। रैपर और काठमांडू के मेयर रहे बालेन शाह ने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को 50 हजार वोटों से हरा दिया है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के बालेन शाह और ओली झापा-5 सीट से चुनाव लड़ रहे थे। यहां बालेन शाह को 68,348 वोट मिले, जबकि केपी शर्मा ओली को 18,734 वोट मिले। ओली को भारत विरोधी नेता माना जाता है।

# संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण नौ मार्च से

## पहले दिन ही आएगा लोकसभा स्पीकर को हटाने का प्रस्ताव, भाजपा-कांग्रेस ने व्हिप किया जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने अपने लोकसभा सांसदों को 9 से 11 मार्च तक सदन में मौजूद रहने के लिए 3-लाइन व्हिप जारी किया है। कांग्रेस ने अपने सांसदों से कहा है कि वे इन दिनों सदन में मौजूद रहें, क्योंकि लोकसभा स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा की संभावना है।

वहीं भाजपा ने भी सांसदों को मौजूद रहने का निर्देश दिया है। विपक्ष ने स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव का नोटिस दिया है। विपक्ष के 118 सांसदों ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं। हालांकि तृणमूल कांग्रेस के सांसदों (29) ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए। वहीं, तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने अपनी पार्टी के चेयरपर्सन के निर्देश के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करने का मन बना लिया है। सूत्रों के मुताबिक टीएमसी सांसद लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ वोट करेंगे। आरोप है कि स्पीकर बिरला ने सदन की कार्यवाही चलाने में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया और विपक्षी नेताओं को बोलने का मौका नहीं दिया। नियमों के अनुसार स्पीकर को हटाने का प्रस्ताव लोकसभा में साधारण बहुमत से पारित होता है। मौजूदा लोकसभा में एनडीए के पास करीब 290 से अधिक सांसदों का समर्थन है, इसलिए प्रस्ताव पारित होना कठिन है। प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान स्पीकर स्वयं सदन की अध्यक्षता नहीं करेंगे, लेकिन उन्हें अपना पक्ष रखने और मतदान करने का अधिकार होगा।

### ममता बनर्जी का धरना दूसरे दिन भी जारी, रातभर धरनास्थल पर रहीं

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का धरना शनिवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी है। ममता ने शुक्रवार की रात धरना स्थल पर ही बिताई।

ममता ने राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) में वोटर लिस्ट से नाम हटाने के विरोध में 6 मार्च दोपहर 2 बजे से कोलकाता के एस्प्लेनेड मेट्रो चैनल पर धरना शुरू किया है। ममता बनर्जी ने समर्थकों को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि पोस्ट एसआईआर में वोटर लिस्ट से वोटर्स के नाम हटाना बंगाल को बांटने के इरादे से किया गया है। भाजपा बंगाल को बांटकर वोट छीनने की योजना बना रही है। वे (भाजपा नेता) अन्य राज्यों में बंगाली भाषी लोगों को परेशान कर रहे हैं और बंगालियों को उनके वोट देने के अधिकार से वंचित करने की साजिश रच रहे हैं। धरना स्थल पर ममता के साथ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता, विधायक और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद हैं।

- **बोलीं: एसआईआर में वोटर्स के नाम बंगाल को बांटने के इरादे से हटाए**

## तुरन्त आवश्यकता

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607,9389076177

## संक्षिप्त समाचार

### महिला दिवस पर ताजमहल समेत संरक्षित स्मारकों में प्रवेश नि:शुल्क

**आगरा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुरातत्व विभाग ने पर्यटकों को विशेष तोहफा दिया है। रविवार को ताजमहल सहित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित सभी स्मारकों में प्रवेश नि:शुल्क रहेगा। अधिकारियों के अनुसार देशी और विदेशी पर्यटक रविवार को ताजमहल में बिना प्रवेश शुल्क के जा सकेंगे। हालांकि मुख्य मकबरे में प्रवेश के लिए निर्धारित टिकट लेना होगा। ताज. महल के अलावा फतेहपुर सीकरी, सिकंदरा स्मारक और आगरा किला सहित एएसआई के सभी संरक्षित स्मारकों में भी प्रवेश मुफ्त रहेगा। ताजमहल में पर्यटकों का प्रवेश सूर्योदय से लगभग 30 मिनट पहले शुरू हो जाता है और सूर्यास्त से करीब 30 मिनट पहले पर्यटकों को बाहर निकलना होता है। महिला दिवस के अवसर पर प्रवेश नि:शुल्क होने के कारण रविवार को ताजमहल और अन्य ऐतिहा. सिक स्थलों पर पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना जताई जा रही है।

### पांच दिन के बाद कश्मीर में खुले बाजार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कश्मीर में हालात सामान्य हो गए हैं और पांच दिनों की पाबंदियों के बाद शनिवार को बाजार फिर से खुल गए और सार्वजनिक परिवहन भी सामान्य रूप से चलने लगे। इससे पहले विरोध प्रदर्शनों के कारण बंद पघे इंटरनेट और प्रीपेड मोबाइल फोन सेवाओं को शुक्रवार शाम से फिर से शुरू कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर में अधिकारियों ने 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान पर किए गए हवाई हमलों में वहां शीर्ष नेता खामेनेई के मारे जाने के बाद हुए विरोध प्रदर्शनों को रोकने के लिए पांच दिन पहले घाटी के कुछ हिस्सों में पाबंदियां लगा दी थीं।

# सपा की साइकिल पंक्चर हो चुकी है: केशव मौर्य

**कौशांबी, वार्ता**



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को कौशांबी पहुंचे, जहां उन्होंने बाबू सिंह महाविद्यालय संयारा में आयोजित सरस महोत्सव का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन भी किया।

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद उपमुख्यमंत्री ने मंच से उपस्थित जनसमूह का अभिवादन किया। अपने संबोधन में उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव बिहार में पराजय के बाद घोर निराशा में हैं और सत्ता के वनवास से बौखला गए हैं। उन्होंने कहा कि सपा की साइकिल अब पंचर हो चुकी है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2047 तक समाजवादी पार्टी और कांग्रेस सत्ता में नहीं आ पाएंगी तथा 2027 में उत्तर प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अप्रैल महीने से दिव्यांगजनों को 1500 रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जाएगी।

### जो हिम्मती होगा वो गाय के पक्ष बोलेगा: अविमुक्तेश्वरानंद

**वाराणसी।** ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि जो गाय के पक्ष में होगा, वह गोहत्या पर प्रतिबंध की मांग का समर्थन करेगा। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने शनिवार को गंगा माता, गौ माता, चिंतामणि गणेश मंदिर और संकट मोचन मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद उन्होंने 'गोप्रतिष्ठा धर्मयुद्ध शंखनाद यात्रा' का शुभारंभ किया। यात्रा विभिन्न स्थानों पर जनसभाओं और रात्रि विश्राम के साथ आगे बढ़ेगी तथा 11 मार्च को लखनऊ पहुंचेगी। शंकराचार्य ने कहा कि लखनऊ पहुंचने पर आगे का कार्यक्रम घोषित किया जाएगा। वहां से गौ माता की रक्षा को लेकर बड़ी आवाज उठेगी।

# जब जाएंगे भाजपाई, तभी हटेगी देश से महंगाई: अखिलेश

## पूर्व पुलिस अधिकारी राजीव गुप्ता समेत कई लोग सपा में शामिल हुए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महंगाई और एलपीजी सिलेंडर की कीमतों को लेकर केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है और सरकार टैक्स बढ़ाकर लोगों पर बोझ डाल रही है। अखिलेश यादव ने शनिवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि आज ही एलपीजी सिलेंडर पर करीब 60 रुपये की बढ़ोतरी कर दी गई है। सरकार का कहना है कि कुछ परिस्थितियों के कारण कीमतें बढ़ानी पड़ रही हैं और बाद में कम कर दी जाएंगी, लेकिन एक बार जो चीज महंगी हो जाती है वह दोबारा सस्ती नहीं होती। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां-जहां भाजपा की सरकार है, वहां लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गाड़ियों की कीमतें बढ़ने का एक बड़ा कारण भारी टैक्स है, जो कई मामलों में 50 प्रतिशत तक है। उन्होंने कहा कि हमारी समझ में एक ही बात आती है कि जब जाएंगे भाजपाई, तभी हटेगी महंगाई। इस बीच आगामी यूपी विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी में नेताओं के शामिल होने का सिलसिला भी जारी है। शनिवार को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व नेता और संत कबीर नगर से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी रोहित पांडेय ने सपा की सदस्यता ग्रहण की। उनके साथ डीएनएनएस यादव, पूर्व पुलिस अधिकारी राजीव गुप्ता समेत कई अन्य लोगों ने भी पार्टी जॉइन की। इस दौरान अखिलेश यादव ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा बार-बार सपा की नई-नई छवि पेश करने की कोशिश करती है। उन्होंने हाल ही में वायरल हुए 'कट्टा' वाले गीत का जिक्र करते हुए कहा कि यह सपा की छवि खराब करने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि इस गाने के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी और यदि कार्रवाई नहीं होती है, तो इसके पीछे भाजपा की भूमिका मानी जाएगी। अखिलेश ने कहा कि जिस सरकार ने प्रदेश में एक्सप्रेसवे, लोकभवन और गोमती रिवर फ्रंट जैसे बड़े विकास कार्य किए हों, उसके बारे में इस तरह के गीत बनाना गलत है।



■ सिलेंडर की बढ़ी कीमतों को लेकर केंद्र व योगी सरकार पर साधा निशाना

## हम सब कर रहे नए भारत का दर्शन: सीएम योगी

# हर क्षेत्र में नई टेक्नोलॉजी पर कर रहे काम

**आगरा/मथुरा।**



■ आगरा में सीएम योगी बोले, यूपी में 81 मेडिकल कॉलेज, 2 एम्स

■ मथुरा में ब्रज तीर्थ विकास परिषद की बैठक में हिस्सा लिया

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को आगरा पहुंचे और यहां योगी आरएसएस ब्रज प्रांत की समन्वय बैठक में शामिल हुए। बैठक में संगठन की मजबूती, संघ के लोगों की समस्याओं पर चर्चा हुई, जिसमें सीएम ने सभी की समस्याओं का समाधान किया। योगी ने एक हॉस्पिटल का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ग्रुप का 8वां हॉस्पिटल है। हर व्यक्ति को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त करने का अधिकार है। भारत में पिछले 11 साल में पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया में नई पहचान मिली है, हम सब नए भारत का दर्शन कर रहे हैं।

सीएम ने कहा कि दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरे भारत को अपनी आंखों से देख रहे हैं। विरासत और विकास के समन्वय का स्वरूप अपने भारत में देख रहे हैं। समग्र विकास की संभावनाएं अपनी आंखों के सामने देख रहे हैं। भारत में हाईवे, एक्सप्रेस वे बन रहे हैं। रेलवे की नई लाइनें, नई टेक्नेलॉजी के साथ नए कोच भी बन रहे हैं। वंदे भारत और नमो भारत जैसी ट्रेनें भी हमनें देख लीं। जानने और यात्रा करने का अवसर भी मिल रहा है। देश में एयर कनेक्टिवटी बेहतर हो रही है। देश में 70 वर्ष में एयरफोर्स और एयर कनेक्टिवटी के लिए सुविधाएं बढ़ाई गईं। सीएम ने बताया कि हेल्थ सेक्टर की बात करें, तो अटलजी के समय देश में केवल एक एम्स था। धीरे-धीरे अटलजी ने इसकी संख्या 6 तक पहुंचाई। पीएम मोदी ने देश में एम्स की संख्या 23 तक पहुंचा दी है। आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी, आईआईआईटी की संख्या बढ़ रही है। देश की सबसे बड़ी आबादी वाले प्रदेश यूपी में भी हमने प्रयास किए। 2017 के पहले यूपी में 17 मेडिकल कॉलेज थे। आज यूपी में 81 मेडिकल कॉलेज का संचालन हो रहा है। जब यूपी में 17 मेडिकल कॉलेज थे, तब यूपी में वन ड्रिस्ट्रिक वन माफिया जरूर हावी था, मेडिकल कॉलेज नहीं थे, सरकारों की सोच माफिया तक सीमित थी। स्वास्थ्य सेवाएं हर नागरिक तक पहुंचाने के लिए डबल इंजन सरकार ने हर जिले में मेडिकल कॉलेज के लिए काम किया। आज यूपी में 81 मेडिकल कॉलेज और 2 एम्स संचालित हो रहे हैं, जिसमें एक गोरखपुर और दूसरा रायबरेली में हैं। यूपी में डबल इंजन की सरकार में 6 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से उपर आए हैं। एक समय था कि जब कोई बीमार होता था, तो पूरा परिवार परेशान होता था, घर गिरवी रख जाता था।

### एआई से होगा किसानों की समस्याओं का समाधान: जितिन प्रसाद

**शाहजहांपुर।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा है कि एआई से किसानों की सभी समस्याओं का समाधान होगा। वे शनिवार को शाहजहांपुर में जिला सहकारी बैंक लिमिटेड के 87वें वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है और पूरी दुनिया की निगाहें भारत के बाजार पर टिकी हैं। यह नया भारत है, जो किसी के सामने झुकने वाला नहीं है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि भारत का यूरोपीय यूनियन, ऑस्ट्रेलिया, ओमान समेत कई देशों से एफडीए करार हुआ है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में एआई लोगों की रोजमर्रा जिंदगी में शामिल हो जाएगा, जिससे लोगों का जीवन स्तर बदल जाएगा। आने वाले टाइम में घर-घर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल होगा। उन्होंने कहा कि ये आज का तेजी से बदलता हुआ नया भारत है और यह सब प्रधानमंत्री मोदी सरकार की बदौलत संभव हो पा रहा है।

# एसआईआर में 44,952 नाम हटे, 70.69 लाख दावे-आपत्तियां प्राप्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के एसआईआर अभियान के तहत 27 अक्टूबर से 6 मार्च तक कुल 44,952 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं।

यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने पत्रकार वार्ता के दौरान यह जानक. ारी दी। उन्होंने बताया कि 37,132 मामलों में मतदाताओं ने खुद आवे. दन देकर नाम हटवाए, जबकि अन्य मामलों में माइग्रेशन या फॉर्म-7 के माध्यम से नाम विलो. पित किए गए। कुल हटाए गए नामों में 27,118 माइग्रेशन, 10,014 स्वयं हटवाने और 7,620 फॉर्म-7 के जरिए नाम कटे हैं। अब तक प्राप्त दावों और आपत्तियों में से करीब 86 प्रतिशत मामलों की सुनवाई पूरी कर ली गई है। जिन आवेदकों ने सही दस्तावेज प्रस्तुत किए, उनके नाम मतदाता सूची में जोड़ दिए गए हैं। 6 जनवरी से शुरू हुई दावा-आपत्ति प्रक्रिया के दौरान अब तक 70 लाख 69 हजार आवेदन प्राप्त हुए। इनमें पुरुषों के 34.96 लाख, महिलाओं के 35.72 लाख और अन्य लिंग के 296 आवेदन शामिल हैं। मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 के कुल 86.69 लाख आवेदन 27 अक्टूबर से प्राप्त हुए हैं, जिनमें 43.06 लाख पुरुष और लगभग 43 लाख महिलाओं ने आवे. दन किया। वहीं फॉर्म-7 के 3.18 लाख आवेदन मिले, जिनमें 1.58 लाख पुरुष और 1.10 लाख महिलाओं के आवेदन शामिल हैं। इसी अवधि में फॉर्म-8 के 22.55 लाख आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 13.38 लाख पुरुषों ने आवेदन किया।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 78918.90
निफ्टी 24450.45



सोना 159409
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 263210
प्रति किलो



# जन औषधि दिवस पर पीएम मोदी ने किफायती स्वास्थ्य सेवा पर दिया जोर

**नई दिल्ली, वार्ता**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जन औषधि दिवस 2026 के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार की प्रमुख सस्ती दवा पहल सभी नागरिकों के लिए सुलभ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना ने लाखों लोगों को काफी कम कीमतों पर अच्छी गुणवत्ता वाली दवाएं पाने में मदद की है। उन्होंने कहा कि जन औषधि दिवस 2026 पर, उन सभी लोगों को मेरी शुभकामनाएं, जो प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना से लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने इस योजना के मकसद का उल्लेख करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम स्वास्थ्य देखभाल को और सस्ता बनाने के सरकार के इरादे को दिखाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पहल यह सुनिश्चित करने की हमारे प्रतिबद्धता को दिखाती है कि हर नागरिक को सस्ती कीमतों पर अच्छी गुणवत्ता वाली दवाएं मिलें। गौरतलब है कि यह योजना जन औषधि केंद्रों के नाम से जाने जाने वाले खास केंद्रों के एक नेटवर्क के जरिए चलती है, जो ब्रांडेड दवाओं के मुकाबले काफी कम कीमत पर जेनेरिक दवाएं देते हैं। सरकार के मुताबिक इन केंद्रों ने देश भर के परिवारों पर स्वास्थ्य देखभाल के वित्तीय बोझ कम करने में मदद की है। मोदी ने अपनी पोस्ट में कहा कि जन औषधि केंद्रों के जरिए, अनगिनत परिवार स्वास्थ्य देखभाल के खर्च बचा रहे हैं और उन्हें सही इलाज मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जेने. रिक दवाओं के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना शुरू की है। इसका मकसद सस्ती दवाओं तक पहुंच बढ़ाना है, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए।

### राष्ट्रपति मुर्मू आज मानेकशॉ सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में होंगी शामिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा राजधानी के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित एक राष्ट्रीय स्तर के समारोह में मुख्य अतिथि होंगी। महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर भी उपस्थित होंगी।

विश्व स्तर पर 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों और उनके योगदान के उत्सव मनाए जाते हैं। यह दिवस स्त्री-पुरुष समानता, महिलाओं की सुरक्षा, गरिमा और महिला सशक्तिकरण के सरकार और समाज की सामूहिक प्रतिबद्धता को का महत्वपूर्ण अवसर है। मानेकशां सेंटर के कार्यक्रम शुभारंभ महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव अनिल मलिक के स्वागत भाषण के साथ होगा।

# अगर बैंक खाते से डिजिटली कट गए हैं पैसे, तो मिलेंगे 25000!

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ पांच दिन के अंदर अपने बैंक को करना होगा सूचित

ऑनलाइन ठगी के बढ़ते मामलों के बीच आरबीआई आम आदमी के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। नए नियम के तहत अगर आपके बैंक खाते से धोखे से पैसे उड़ जाते हैं, तो आपको 25,000 रुपये तक का मुआवजा मिल सकेगा, लेकिन इसके लिए 5 दिन के अंदर एक काम करना होगा।

रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 6 फरवरी को मॉनेटरी पॉलिसी की घोषणा करते समय इस बदलाव के संकेत दिए थे। इसके बाद 6 मार्च को डिजिटल ट्रांजेक्शन से जुड़े कस्टमर लायबिलिटी फ्रेमवर्क का यह ड्राफ्ट पेश किया गया। फिलहाल केंद्रीय बैंक ने इस पर आम जनता से उनकी राय मांगी है, जिसके लिए 6 अप्रैल 2026 तक का समय दिया गया है। अगर सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो 1 जुलाई 2026 या उसके बाद होने वाले सभी इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग ट्रांजेक्शन पर यह नया नियम लागू हो जाएगा। इस मुआवजे को पाने के लिए सतर्कता बेहद जरूरी है। ठगी का अहसास होते ही आपको तुरंत एक्शन लेना होगा। नियमों के तहत पीड़ित को फ्रॉड होने के 5 दिन के अंदर अपने बैंक को इसकी सूचना देनी होगी। इसके साथ ही नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल या नेशनल साइबर क्राइम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज करानी अनिवार्य है। शिकायत मिलने के बाद बैंक को महज 5 कैलेंडर दिनों के भीतर ही ग्राहक को मुआवजे की राशि का भुगतान करना होगा। डिजिटल पेमेंट हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन चुका है। सब्जी वाले को पैसे देने हों या लाखों का लेन-देन करना हो, सब कुछ स्मार्टफोन के एक क्लिक पर हो जाता है, लेकिन इस सहूलियत के साथ ही ऑनलाइन धोखाधड़ी का खतरा भी तेजी से बढ़ा है। आए दिन साइबर ठग आम लोगों की गाढ़ी कमाई उड़ा ले जाते हैं, ऐसे में आरबीआई आम जनता के लिए एक बड़ी राहत लेकर आया है। आरबीआई का यह कदम सीधे तौर पर उन ग्राहकों को राहत देगा, जो अक्सर छोटे स्तर की ऑनलाइन ठगी का शिकार हो जाते हैं।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**केदारनाथ से...**

अब दोगुनी रफ्तार से विकास के रास्ते पर बढ़ रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तराखंड में 10 हजार एकड़ सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार केदारनाथ से कन्याकुमारी तक एक-एक घुसपैठिया को देश से बाहर निकालने के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। उन्होंने यूसीसी लागू करने के लिए भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रशंसा करते हुए कहा कि यूसीसी, डेमोग्राफी में आए अप्राकृतिक बदलाव को रोकने का काम करेगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने एसआईआर का उल्लेख करते हुए कहा कि जो भारत का नागरिक नहीं है, उसका नाम वोटर लिस्ट से कटना ही चाहिए, लो. कतंत्र की रक्षा के लिए वोटर लिस्ट का शुद्ध होना जरूरी है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूडी, राज्य सभा सांसद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, हरिद्वार सांसद और पूर्व सीएम त्रिवेंद्र रावत, पूर्व सीएम तीरथ सिंह रावत, पूर्व सीएम रमेश पोखरियाल, पूर्व सीएम विजय बहुगुणा, टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी, गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी, नैनीताल सांसद अजय भट्ट, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, गणेश जोशी, डा. धन सिंह रावत, सुबोध उनियाल, रेखा आर्य, सौरभ बहुगुणा, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन सहित कई विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी शामिल हुए।

# ग्रीन-हाइड्रोजन ऊर्जा प्रौद्योगिकी के लिए भारत और ब्रिटेन मिलकर करेंगे सहयोग

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ राजधानी में आयोजित सम्मेलन में प्रतिबद्धता व्यक्त की गई

भारत और ब्रिटेन ने ग्रीन-हाइड्रोजन ऊर्जा प्रौद्योगिकी के सुरक्षित उपयोग और विस्तार के लिए मानकों और सुरक्षा प्रोटोकॉल के विकास में सहयोग करने पर साझा प्रतिबद्धता व्यक्त की है। दोनों देशों के बीच हरित हाइड्रोजन मानक और सुरक्षा प्रोटोकॉल विषय पर राजधानी में पिछले दिनों आयोजित एक दिवसीय सम्मेलन में इस प्रकार की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक इस सम्मेलन का आयोजन भारत में हरित हाइड्रोजन ऊर्जा पर एक व्यापक सुरक्षा प्रणाली का निर्माण करना और एक विश्वसनीय और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी हरित हाइड्रोजन क्षेत्र के विकास को सुगम बनाने के उद्देश्य से किया गया था। यह सम्मेलन राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के सहयोग से नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के अंतर्गत स्थापित राष्ट्रीय हाइड्रोजन सुरक्षा केंद्र (एनसीएचएस) में भारत में ब्रिटिश उच्चायोग और डब्ल्यूआरआई इंडिया के सहयोग से आयोजित किया गया था। राजधानी में 27 फरवरी को आयोजित इस उच्चस्तरीय सम्मेलन में नीति निर्माता, उद्योग जगत के प्रमुख और तकनीकी विशेषज्ञ एक सुरक्षित हरित हाइड्रोजन भविष्य को आकार देने के लिए शामिल हुए थे। इसमें दोनों देशों की सरकारों, उद्योग, शिक्षा जगत, मानक निकायों, परीक्षण संस्थानों, अनुसंधान संगठनों और नियामक एजेंसियों के प्रतिनिधियों को एक साथ लाया गया ताकि भारत के राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के अंतर्गत हरित हाइड्रोजन के सुरक्षित उपयोग पर सहयोग को मजबूत किया जा सके। इसमें हरित हाइड्रोजन मूल्य श्रृंखला में नियामक ढांचे, अंतर्राष्ट्रीय मानकों और सुरक्षा प्रोटोकॉल पर महत्वपूर्ण चर्चाएं हुईं। इनमें उत्पादन, भंडारण, परिवहन और अंतिम उपयोग अनुप्रयोग के विषय भी शामिल थे। सम्मेलन को राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान के महानिदेशक मोहम्मद रिहान, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के मिशन निदेशक अभय बकरे, भारत में ब्रिटिश उच्चायोग के प्रथम सचिव जिनूस शरियाती, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड के सचिव अंजन कुमार मिश्रा और भारत में ब्रिटिश उच्चायोग के प्रथम सचिव लौरा आयलेट आदि ने संबोधित किया। प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय के वैज्ञानिक सचिव परविदर मैनी ने मुख्य भाषण देते हुए, हरित हाइड्रोजन प्रौद्योगिकियों के बड़े पैमाने पर उपयोग को सक्षम बनाने के लिए मजबूत सुरक्षा ढांचे, मानक विकास और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर बल दिया। चर्चा सत्रों में हाइड्रोजन सुरक्षा और मानकों के लिए जिम्मेदार राष्ट्रीय नियामकों की भी भागीदारी रही। पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) ने हाइड्रोजन प्रणालियों के लिए सुरक्षा अनुपालन, जोखिम मूल्यांकन और आपदा प्रबंधन पर नियामक दृष्टिकोण साझा किया। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने विकसित हो रहे मानक ढांचे और भारतीय हाइड्रोजन मानकों को अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप बनाने के लिए चल रहे प्रयासों पर जानकारी प्रस्तुत की। सम्मेलन के तकनीकी सत्रों में उद्योग, शिक्षा जगत और अनुसंधान संस्थानों के प्रख्यात विशेषज्ञों द्वारा हाइड्रोजन मूल्य श्रृंखला में सुरक्षा प्रथाओं पर प्रस्तुतियां और चर्चाएं शामिल थीं।

# कर्तव्य पथ पर 'शक्ति वॉक' का आयोजन किया जाएगा

**नई दिल्ली।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'शक्ति वॉक-शी लीड्स भारत' नाम से यहां कर्तव्य पथ पर महिलाओं के नेतृत्व में एक वॉक का आयोजन करेगा। इस समारोह का मकसद अलग-अलग क्षेत्र में महिलाओं की उपलब्धियों, नेतृत्व और योगदान का जश्न मनाना है।

साथ ही लिग सामानता, सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को सुनिश्चित करना है। मंत्रालय के मुताबिक यह वॉक सुबह 7:30 बजे से 10:00 बजे तक होगी, जिसमें इंडिया गेट से विजय चौक तक कर्तव्य पथ पर लगभग दो किलोमीटर का रास्ता तय किया जाएगा। इस समारोह में 150 से ज्यादा मंत्रालयों, विभागों और संगठनों की लगभग 3,000 महिलाओं के हिस्सा लेने की उम्मीद है। हिस्सा लेने वालों में सशस्त्र बल, पुलिस, मीडिया, स्वास्थ्य विभाग, खेल, सरकारी संस्थानों, उद्योगों और अन्य संगठनों की प्रतिनिधि शामिल होंगी। इसमें अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों के भी शामिल होने की उम्मीद है। इस वॉक को महिला जन प्रतिनिधि नेतृत्व करेंगी, जिनमें केंद्रीय मंत्री, राज्य मंत्री, संसद सदस्य, विधायक और अलग-अलग क्षेत्र की दूसरी जानी-मानी हस्तियां शामिल हैं। महिलाएं आज केवल राष्ट्र निर्माण में सहभागिता ही नहीं निभा रहीं, बल्कि उसका नेतृत्व भी कर रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित 'शक्ति वॉक' नारी शक्ति, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का सशक्त प्रतीक है केन्द्र सरकार के कई मंत्रालयों और विभागों की महिला अधिकारियों को भी इसमें शामिल होने के लिए बुलाया गया है।

# दिल्लीवासियों को ₹33,500 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का उपहार





## श्री नरेन्द्र मोदी
### प्रधानमंत्री
के कर-कमलों द्वारा

- दिल्ली मेट्रो फेज़-IV के मजलिस पार्क से मौजपुर-बाबरपुर खण्ड (पिंक लाईन का 12.3 कि.मी. विस्तार)
- दिल्ली मेट्रो फेज़-IV के दीपाली चौक से मजलिस पार्क खण्ड (मजेंटा लाईन का 9.9 कि.मी. विस्तार)
- सरोजिनी नगर और कस्तूरबा नगर में 7 जीपीआरए कॉलोनियों में 2,722 फ्लैट्स
- नेताजी नगर में जीपीओए परिसर

का **उद्घाटन** एवं

- दिल्ली मेट्रो फेज़-V(A) के रामकृष्ण आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ खण्ड (मजेंटा लाईन का 9.9 कि.मी. विस्तार)
- दिल्ली मेट्रो फेज़-V(A) के तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज खण्ड (गोल्डन लाईन का 3.9 कि.मी. विस्तार)
- दिल्ली मेट्रो फेज़-V(A) के एयरोसिटी से आईजीडी एयरपोर्ट टर्मिनल 1 खण्ड (गोल्डन लाईन का 2.3 कि.मी. विस्तार)
- नेताजी नगर, श्रीनिवासपुरी और कस्तूरबा नगर में 7 जीपीआरए कॉलोनियों में 6,632 फ्लैट्स
- सरोजिनी नगर में भारत बिज़नेस पार्क वाणिज्यिक परिसर

का **शिलान्यास**

### प्रमुख विशेषताएं

**फेज़ - IV कॉरिडोर्स**
- नए खण्डों से लंबी दूरी की यात्रा के लिए सीधी कनेक्टिविटी
- आधुनिक ड्राईवरलैस ट्रेनों द्वारा अधिक कुशल संचालन
- निर्बाध यात्रा के लिए विभिन्न स्थानों पर इंटरचेंज सुविधा

**फेज़ - V (A) कॉरिडोर्स**
- सेंट्रल, साउथ और साउथ-ईस्ट दिल्ली के बीच सुगम यात्रा
- कर्तव्य भवन, इंडिया गेट, हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट और भारत मंडपम इत्यादि तक सीधी कनेक्टिविटी
- एयरपोर्ट के एक टर्मिनल से दूसरे टर्मिनल तक की यात्रा और आसान

**जीपीआरए कॉलोनियां/जीपीओए**
- सरकारी कर्मचारियों को विश्वस्तरीय आवास और कार्य वातावरण
- सरकारी कर्मचारियों को आवासों की अधिक उपलब्धता
- आधुनिक बहुमंजिला आवासीय परिसर
- सोलर एनर्जी, जीरो डिस्चार्ज सिस्टम, वेस्ट मैनेजमेंट जैसी स्मार्ट सुविधाएँ
- बेहतर डिज़ाइन के कारण हरित आवरण में वृद्धि
- स्व-वित्त पोषण मॉडल पर विकसित
- नवीनतम निर्माण प्रौद्योगिकी का प्रयोग

| दिनांक | समय | स्थान |
|---|---|---|
| रविवार, 8 मार्च, 2026 | 12:00 बजे | डीडीए मैदान, बुराड़ी रोड़ नज़दीक संत निरंकारी मंडल, दिल्ली-110009 |

### गरिमामयी उपस्थिति

**श्रीमती रेखा गुप्ता**
मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार

**श्री मनोहर लाल**
केंद्रीय मंत्री, आवासन एवं शहरी कार्य और विद्युत

**श्री तोखन साहू**
केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री

**श्री हर्ष मल्होत्रा**
केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग तथा कॉरपोरेट कार्य राज्य मंत्री

**श्री विनय कुमार सक्सेना**
उपराज्यपाल, दिल्ली

**डॉ. पंकज कुमार सिंह**
मंत्री, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार





डीडी न्यूज़ पर सीधा प्रसारण देखें
DD NEWS






# ठगी का खुलासा, दो गिरफ्तार



## 15 लाख रुपये के जेवरात बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कोतवाली धामपुर पुलिस ने ठगी और धोखाधड़ी के एक मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लगभग 15 लाख रुपये कीमत के सोने के आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम सुहागपुर निवासी ताजुद्दीन पुत्र इस्लामुद्दीन ने 6 मार्च 2026 को थाना धामपुर में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि कुछ लोगों ने उसके पुत्र को झांसे में लेकर उससे नकदी और सोने के आभूषण ठग लिए। तहरीर में अदनान खान, मौहम्मद आसिफ अंसारी तथा कैफ मलिक को नामजद किया गया था। पीड़ित की शिकायत पर थाना धामपुर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 68/2026 धारा 318(4) व 351(3) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

मामले की विवेचना के दौरान पुलिस को जांच में कई महत्वपूर्ण सुराग मिले। जांच के दौरान मौहम्मद जाहिद पुत्र निजामुद्दीन निवासी मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा, थाना धामपुर तथा आसिफ पुत्र असगर निवासी ग्राम सुहागपुर का नाम भी सामने आया। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश तेज कर दी।

पुलिस टीम ने 7 मार्च 2026 को कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उनके कब्जे से सोने के आभूषण बरामद किए। बरामदगी में 2 कुंडल, 1 गले की कंठी, 2 कंगन और 1 रानीहार सेट (जिसमें कान के दो झुमके भी शामिल हैं) बरामद किए गए। सभी आभूषण पीली धातु के हैं और उनकी अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपये बताई जा रही है।

बरामदगी के आधार पर पुलिस ने मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की भी बढ़ोतरी कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य आरोपियों की भी तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अश्वनी डिमरी और कांस्टेबल अंकित सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले में आगे की विवेचनात्मक कार्रवाई जारी है और पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।

पुलिस ने लोगों से भी अपील की है कि किसी भी प्रकार के लालच या झांसे में आकर अंजान लोगों पर भरोसा न करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## बाबा पानप दास समाधि स्थल पर भंडारा



**धामपुर।** बाबा पानप दास समाधि स्थल पर पूजन एवं भंडारा कराया गया। बाबा पानप दास गुरुद्वारा के ट्रस्टी द्वारा धार्मिक कार्यक्रम और भंडारा कराया गया। जिसमें सभी संतों ने एवं श्रद्धालु ने भाग लिया और धर्म लाभ कमाया। मुजफ्फरनगर निवासी ट्रस्टी परिवार निरंकार स्वरूप कंदर्प स्वरूप पल्लवी स्वरूप महिमा स्वरूप केवलवम स्वरूप द्वारा धार्मिक कार्यक्रम कराए गए उसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम सब संतों को भोजन कराया गया। उसके बाद श्रद्धालुओं द्वारा भोजन ग्रहण किया गया और धर्म लाभ उठाया गया। ट्रस्टी परिवार ने बताया कि हमारे परिवार के धार्मिक कार्यक्रम समाधि स्थल पर कराए जाते हैं, जिनके करने के लिए हमारा पूरा परिवार आया हुआ है। उसके बाद भंडारा कराकर प्रसाद ग्रहण किया जाता है। सभी संतों का आशीर्वाद लिया जाता है। इसके बाद ट्रस्ट की आम सभा का आयोजन किया गया। जिसका संचालन सचिव महेंद्र सिंह द्वारा किया गया और अध्यक्षता महंत ओम दास द्वारा की गई। इस अवसर पर महंत ओम दास, उपम. हंत विक्रम दास, पूर्व महंत प्रणवदास, अशोक दास, पुष्पेंद्र दास, निरंजननाथ दास आदि संत शामिल हुए। कार्यक्रम में सचिव महेंद्र सिंह, ठाकुर अभय सिंह, संतोष राजपूत, मास्टर शिशुपाल सिंह, जितेंद्र कुमार, विजयपाल सिंह, राजेश सिंह आदि शामिल रहे।

# मारपीट के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, तीन अभी भी फरार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** मारपीट की घटना के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि नामजद तीन अन्य आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर बताए जा रहे हैं।

ग्राम फैजुल्लापुर निवासी वाकिफ ने थाना स्योहारा में दी गई तहरीर में बताया कि 4 मार्च को करीब शाम 4:30 बजे वाकिफ रेलवे फाटक के पास किसी काम से जा रहे थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही फैजान, इमरान, अनवर और आसिफ ने उन्हें घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वाकिफ गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर किसी तरह घायल को बचाया। इसके बाद परिजनों द्वारा उन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें बिजनौर रैफर कर दिया।

पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना स्योहारा पुलिस ने चारों आरो. पियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वहीं मामले में नामजद तीन आरोपी अभी भी फरार बताए जा रहे हैं।

# अवैध नर्सिंग होम की जांच के निर्देश

## सीएमओ को अवैध अस्पतालों की लिस्ट देने के आदेश जारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने पत्रकारों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा नगीना में अवैध रूप से नर्सिंग होम एवं अस्पतालों के संचालन की कुछ शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मौके पर मौजूद मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि तत्काल इस प्रकरण की पूरी संवेदनशीलता के साथ जांच कराते हुए नगीना सीएससी में तैनात नोडल अधिकारी के कार्यकाल की अवधि की आख्या भी प्रस्तुत करें। शाइनिंग हाकी क्लब नगीना द्वारा स्थानीय एम एम इंटर कॉलेज के खेल का मैदान गहराई में होने की वजह से पानी भरने की शिकायत के दृष्टिगत फील्ड का भराव करने का अनुरोध पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसके सापेक्ष उन्होंने उप जिलाधिकारी नगीना तथा उपयुक्त मनरेगा को एमएम इंटर कॉलेज के खेल मैदान का निरीक्षण कर तत्काल भराव के लिए निर्देशित किया।

जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर आज निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत तहसील नगीना के हाल में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए निर्देशित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन का उद्देश्य है कि एक ही स्थान पर जिला स्तरीय समस्याओं का निस्तारण उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निस्तारित करने का प्रयास किया जाए और यदि किसी कारणवश यह संभव नहीं है तो पूर्ण गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश शासन की स्पष्ट मन्शा है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस सहित जनसामान्य की शिकायतों का गुणवतापरक निस्तारण किया जाए ताकि उन्हें राहत प्राप्त हो।

उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतकर्ता द्वारा अपनी शिकायत पुनः प्रस्तुत करने का सीधा अर्थ है कि उसकी शिकायत को गंभीरतापूर्वक नहीं सुना गया या उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं किया गया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी जन शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुरूप निस्तारण करना सुनिश्चित करें और प्रयास करें कि मौके पर जा कर शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर स्थानीय लोगों से भी वार्ता करें ताकि शिकायत की सत्यता प्रमाणित होने के साथ-साथ उसका निस्तारण भी गुणवत्तापरक होना संभव हो सके। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण के प्रति उत्तर प्रदेश सरकार अति संवेदनशील एवं गंभीर है और उच्च स्तर से शिकायतों की गुणवत्ता की सीधे जांच की जाती है, अतः सभी विभागीय अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

आज तहसील दिवस के मौके पर कुल 25 शिकायतें दर्ज की गयीं। जिन में 04 शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करा दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी विजय शंकर, उप जिलाधिकारी न्यायिक आशुतोष जैसवाल, तहसीलदार अमरपाल सहित अन्य सभी विभागों के जिला स्तरीय एवं स्थानीय अधिकारी मौजूद थे।

# फलौदा में मामूली विवाद को सुलझाने के दौरान जमकर चले लाठी-डंडे

## दो महिलाओं समेत पांच घायल







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** क्षेत्र के ग्राम फलौदा में एक मामूली विवाद को सुलझाने के लिए चल रही बातचीत हिंसक झड़प में बदल गई। इस दौरान लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हुए हमले में एक ही परिवार की दो महिलाओं सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, फलौदा निवासी दो पक्षों के बीच पिछले कुछ समय से किसी मामूली बात को लेकर रंजिश चल रही थी। शनिवार को इसी विवाद को सुलझाने के लिए दोनों पक्ष आमने-सामने बैठकर बातचीत कर रहे थे। बातचीत के दौरान माहौल गरमा गया और गाली-गलौज शुरू हो गई, जिसके बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया।

इस मारपीट में दलवीर सिंह, जितेंद्र, कृष्णा, कुसुम और रीना घायल हुए हैं। सभी घायलों को नहटौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। क्राइम इंस्पेक्टर विपिन चौधरी ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# दूरी, खर्च और लाचारी का त्रिकोण

## एम्स न होने से टूट रहे परिवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर, स्योहारा और आस-पास के क्षेत्रों में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए उच्च स्तरीय सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव लंबे समय से लोगों के लिए बड़ी परेशानी बना हुआ है। यहां के हजारों परिवार हर साल कैंसर, हृदय रोग, गुर्दा रोग, मस्तिष्क संबंधी बीमारियों और गंभीर दुर्घटनाओं के इलाज के लिए बड़े शहरों का रुख करने को मजबूर हो जाते हैं। इलाज की तलाश में उन्हें दिल्ली, लखनऊ, मेरठ और अन्य महानगरों के बड़े अस्पतालों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। जिससे परिवारों पर आर्थिक और मानसिक दोनों तरह का भारी दबाव पड़ता है। ग्रामीण और निम्न मध्यम वर्गीय परिवारों की स्थिति सबसे ज्यादा कठिन हो जाती है, जब किसी घर में गंभीर बीमारी होती है तो शुरुआत में लोग स्थानीय डॉक्टरों या छोटे निजी अस्पतालों में इलाज कराते हैं। कई बार बीमारी का सही और समय पर पता नहीं चल पाता, जिससे हालत और गंभीर हो जाती है। ऐसे में परिवार अपनी जमा पूंजी इलाज में खर्च कर देता है लेकिन जब बीमारी बढ़ जाती है तब उन्हें बड़े अस्पतालों की ओर जाना पड़ता है। बड़े शहरों के अस्पतालों में इलाज करवाना हर किसी के बस की बात नहीं होती। वहां रहने, खाने, जांच और दवाइयों का खर्च मिलाकर लाखों रुपये तक पहुंच जाता है। मजबूरी में लोग अपनी जमीन गिरवी रखते हैं, गहने बेचते हैं और रिश्तेदारों से उधार लेकर इलाज कराते हैं। कई परिवार ऐसे भी हैं जो इलाज के खर्च के कारण वर्षों तक कर्ज के बोझ तले दबे रहते हैं। आर्थिक तंगी के कारण कई बार इलाज बीच में ही रुक जाता है, जिससे मरीज और परिवार दोनों गहरे संकट में पड़ जाते हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि बिजनौर जिले या उसके आसपास एम्स स्तर का आधुनिक अस्पताल स्थापित हो जाए तो हजारों लोगों को समय पर इलाज मिल सकेगा। आधुनिक जांच, सुविधाएं, आपातकालीन सेवाएं, विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता और सस्ती चिकित्सा सुविधा मिलने से लोगों को दूर-दराज के शहरों में भटकना नहीं पड़ेगा। स्वास्थ्य विशेषज्ञों और सामाजिक संगठनों का भी मानना है कि स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी केवल चिकित्सा का विषय नहीं है बल्कि यह एक गंभीर सामाजिक और आर्थिक समस्या बन चुकी है। समय पर इलाज न मिलने के कारण कई परिवार आर्थिक रूप से टूट जाते हैं और कई बार मरीज अपनी जान भी गंवा देते हैं।

क्षेत्र के जागरूक नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने सरकार से मांग की है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इस बड़े क्षेत्र की आबादी और जरूरतों को देखते हुए यहां एम्स स्तर का अस्पताल स्थापित किया जाए इससे न केवल बिजनौर बल्कि आसपास के कई जिलों के लाखों लोगों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाती है तो यह पूरे क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक फैसला होगा और हजारों परिवारों को बीमारी दूरी और खर्च के इस त्रिकोण से बड़ी राहत मिल सकेगी।

# बालिका शिक्षा सामाजिक बदलाव के लिए उत्प्रेरक

## अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस पर विवेक विश्वविद्यालय में गोष्ठी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय मे आज समान अवसर समिति द्वारा अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का प्रारम्भ वाइस चांसलर प्रो. (डा.) नरेश गुप्ता, मुख्य वक्ता डा. रेशु शर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर वर्धमान कॉलेज, डा. राजीव कुमार चौधरी डीन स्कूल ऑफ लीगल स्डडीज, डा. संजय त्यागी डीन, स्कूल ऑफ साइंस, डा. पुष्पा जोशी अध्यक्षा समान अवसर समिति द्वारा माॅ सरस्वती के समक्ष सयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलन करके हुआ।

सर्वप्रथम समान अवसर समिति की अध्यक्षा डा. पुष्पा जोशी ने विवेक विश्वविद्यालय मे समान अवसर समिति के कार्यो और उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि महिलाएं पहले से ही सशक्त है। लेकिन उन्हें शिक्षा द्वारा जागरुक होने का आवश्यकता है। इसके बाद स्कूल ऑफ लीगल स्डडीज के छात्र/छात्राओं निशा शर्मा, हिमांशु आर्य, सुमैरा और जैनव द्वारा वर्तमान समय में लडकियों के लिये शिक्षा की जरुरत एवं महत्व के बारे में विस्तार से बताया।

मुख्य वक्ता डा. रेशु शर्मा ने महिषासुर मर्दनी स्त्रेत की चार लाइन सुनाकर महिलाओं की वर्तमान स्थिति के विषय में बोलते हुए कहा कि महिलाओं को सशक्त होने के लिए पढ़ाई की अत्यन्त आवश्यकता है। क्योंकि सामाजिक ढाचे में परिवर्तन एक दिन में नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि यदि एक पुरुष को शिक्षित किया जाता है तो केवल एक ही व्यक्ति शिक्षित होता है और यदि एक स्त्री शिक्षित होती है। तो उससे पूरा परिवार, समाज एवं देश में परिवर्तन आता है। महिलाओं का शिक्षित होने का अर्थ यह नहीं है कि महिलाये अपनी शिक्षा का दुरुपयोग करे एवं पुरुष का शोषण करें। महिलाओं को अपनी नैतिकता का उल्लंघन नहीं करना चाहिए, क्योंकि महिला का व्यवहार मानवता के लिए एक वरदान है। पुरुष के साथ मिलकर काम करने में ही देश, समाज का विकास संभव है। उन्होंने महिलाओं को सलाह देते हुए कहा कि शक्ति तोड़ने में नहीं जोडने में है। इसलिए कानून का प्रयोग अनावश्यक शोषण करने के लिए नहीं करना चाहिए। अन्त में डा. राजीव कुमार चौधरी डीन लॉ ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि महिलाओं के सम्मान का प्रारम्भ हमें अपने घर से करना चाहिए। कार्यम का संचालन सुगन्धा वैद्य द्वारा किया गया एवं आयुश शर्मा द्वारा एक डोकोमेन्टरी दिखाई गयी, जिसमें स्त्री के विकास एवं सशक्तिकरण का चरणबद्ध तरीके से प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर डा. अरविन्द कुमार, पी.के. दीक्षित, प्रमोद त्यागी, विक्रान्त कुमार, विशाल सिंह, प्राची त्यागी, स्वाति, चंचल चौहान आदि शिक्षकगण एवं छात्र/छात्रा उपस्थित रहें।

## एक नजर

### ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बढ़ापुर।** क्षेत्र के ग्राम शाहलीपुर कोटरा में तीन दिन पहले हुई विवाहिता की मौत के मामले में मृतका के पिता ने ससुराल पक्ष के चार लोगों पर गला घोंटकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। थाना किरतपुर के ग्राम मौजमपुर पाडली निवासी सुशील कुमार ने थाने में दर्ज कराए केस में आरोप लगाया है कि उसने अपनी पुत्री सलौनी की शादी लगभग एक वर्ष पहले बढ़ापुर क्षेत्र के ग्राम शाहलीपुर कोटरा निवासी अमित पुत्र विजेंद्र के साथ की थी। शादी में दिए दान दहेज से ससुराल पक्ष के लोग खुश नहीं थे और कम दहेज के लिए सलौनी को प्रताड़ित करते थे। कई बार समझाने पर नही माने। आरोप है कि बीती चार मार्च की दोपहर पति अमित, ससुर विजेंद्र, देवर मनोज व देवरानी रीता ने दहेज नहीं लाने पर मारपीट कर गला घोंटकर सलौनी को मार डाला। थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र शर्मा ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### ऑक्सफोर्ड की पूर्व छात्रा ने किया नाम रोशन



**नहटौर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेण्डरी स्कूल की पूर्व छात्रा नांगल जट निवासी चन्द्रवाहिनी चौधरी पुत्री अरूण चौधरी व पूनम चौधरी ने देश की प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा 2025 में 662वीं रैंक प्राप्त कर परिवार, नगर व विद्यालय का नाम रोशन किया। सम्भवतः इस उपलब्धि के आधार पर उन्हें भारतीय पुलिस सेवा कैडर प्राप्त होगा। चन्द्रवाहिनी ने बताया कि इस सफलता में मेरी प्रारंभिक शिक्षा का अहम योगदान है। गौरतलब है की चन्द्रवाहिनी चौधरी की नर्सरी से 12वीं तक की शिक्षा नहटौर के ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में हुई हैं। चन्द्रवाहिनी ने 10वीं में 100 प्रतिशत (10 सीजीपीए) तथा 12वीं में 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय व नहटौर में प्रथम व जनपद बिजनौर में चौथा स्थान प्राप्त किया था व दिल्ली से बी.कॉम की परीक्षा उत्तीर्ण की। कल आये यूपीएससी 2025 के परिणाम के बाद स्कूल प्रधानाचार्य इदरीस अहमद ने चन्द्रवाहिनी से फोन पर बात करके उन्हें इस सफलता की बधाई दी व जल्द ही विद्यालय प्रांगण में विशेष सम्मान समारोह आयोजित कर उनका सम्मान किया जायेगा। साथ ही चन्द्रवाहिनी ने बताया कि मैं आज जो इस मकाम पर हूँ उसमें मेरे विद्यालय के शिक्षक, प्रधानाचार्य व प्रबन्धतंत्र का अभूतपूर्व योगदान व सहयोग रहा है। उन्होंने बताया कि स्कूल प्रबन्ध निदेशिका व पूर्व चेयरमैन धामपुर लीना सिंघल मैडम की अभिप्रेरणा हमेशा साथ रही व स्कूल अध्यक्ष डा.(इं.) आशीष सिंघल सर का समय - समय पर अनुशासन हेतु सम्बोधन बहुत कारगर सिद्ध हुआ। इससे पूर्व भी स्कूल के अनेक छात्र भी विभिन्न पदों पर सुशोभित है, जिनमें चित्रा निरवाल जो वर्तमान में शाहजहांपुर में उप-जिलाधिकारी के पद पर कार्यरत है साथ ही चिकित्सा, बैंकिग, चार्टड अकाउटेंसी, आईआईटी, विधि व्यवसाय, नेवी, आर्मी आदि में भी कई पूर्व छात्रा अपना करियर बना चुके हैं। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष डा.(इं.) आशीष सिंघल व प्रबंध निदेशिका एवं पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका धामपुर लीना सिंघल तथा प्रधानाचार्य ने चन्द्रवाहिनी चौधरी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### नारी शक्ति समूह का कार्यक्रम




**हल्दौर।** नगर के मोहल्ला तोल्लावाला में नारी शक्ति फ्रेंड्स कॉलोनी समूह की ओर से होली मिलन समारोह उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम उर्मिला देवी के आवास पर आयोजित हुआ, जिसमें समूह की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और आपसी प्रेम व सौहार्द के साथ होली पर्व की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और पारंपरिक होली गीतों के साथ रंगारंग कार्यक्रमों का आनंद लिया। इस अवसर पर होली मिलन के अंतर्गत आयोजित विशेष कार्यक्रम में राखी रानी को होली क्वीन चुना गया। उपस्थित महिलाओं ने उन्हें बधाई देते हुए फूलों से स्वागत किया।इस मौके पर उर्मिला देवी ने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से महिलाओं के बीच एकता और आपसी सहयोग की भावना मजबूत होती है। कार्यक्रम में समूह की अध्यक्ष राखी रानी, कोषाध्यक्ष दीपमाला, वीना चौहान, ज्योति रस्तौगी, नीतू सिंह, बबीता मारवाड़ी, स्वाति रस्तोगी, ईशा मारवाड़ी, सुनैना वर्मा, मनजीत परवाल और सुमन सिंह सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

### रासेयो के विशेष शिविर का शुभारंभ



**धामपुर।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई के द्वारा भारत सरकार द्वारा निर्धारित विषय वस्तु कौशल विकास हेतु युवा को ध्यान में रखते हुए सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ ग्राम नौरंगाबाद पंचायत घर में किया गया। शिविर का आज प्रथम दिवस था जिसका उप विषय कौशल विकास से व्यक्तित्व और नेतृत्व का निर्माण रखा गया। शिविर स्थल पर पहुँचकर स्वयंसेविकाओं द्वारा परिसर की साफ-सफाई की और साथ लाए आवश्यक सामान को व्यवस्थित रूप से रखा गया। प्रबन्धक रेणु गोयल द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा द्वारा प्रबन्धक श्री मती रेणु गोयल को पुष्प घट भेंट कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉ गीता शर्मा ने भी उपस्थित रहकर कार्यक्रम में सहयोग किया। शिविर में स्वयंसेविका अनुष्का, प्राची, प्रांचल, अंजलि, सेजल, अल्फी और संध्याकुमारी ने शिविर गतिविधियों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर के सफल संचालन में श्री मनोज, श्री रोहित एवं श्रीमती संतोष का सराहनीय योगदान रहा।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर



मुकद्दस रमजान की बधाई
मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मकसूद अहमद अंसारी
(ठेकेदार)
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर



# मेट्रो विस्तार से बदलेगी दिल्ली की रफ्तार व कनेक्टिविटी: रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि राजधानी में दिल्ली मेट्रो के निरंतर विस्तार से शहर की परिवहन व्यवस्था एक नए चरण में प्रवेश कर रही है। उन्होंने कहा कि 8 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जिन मेट्रो परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया जाएगा, वे दिल्ली को तेज, सुगम और पर्यावरण- अनुकूल सार्वजनिक परिवहन प्रणाली की दिशा में महत्वपूर्ण बढ़त देंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से न केवल यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी, बल्कि सड़कों पर निजी वाहनों का दबाव कम होगा और प्रदूषण नियंत्रण के प्रयासों को भी मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो नए मेट्रो कॉरिडोर का उद्घाटन करेंगे, जिनमें मजलिस पार्क से मौजपुर-बाबरपुर सेक्शन (पिंक लाइन) और दीपाली चौक से मजलिस पार्क सेक्शन (मैजेंटा लाइन) शामिल हैं। मजलिस पार्क से मौजपुर-बाबरपुर कॉरिडोर के शुरू होने से पिंक लाइन की कुल लंबाई लगभग 71.56 किलोमीटर हो जाएगी और दिल्ली को देश की पहली पूर्ण रूप से संचालित 'रिंग मेट्रो' प्राप्त होगी। इससे राजधानी के विभिन्न हिस्सों के बीच आवागमन अधिक तेज और सुविधाजनक हो जाएगा तथा उत्तर-पूर्वी और उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।मुख्यमंत्री ने बताया कि दीपाली चौक से मजलिस पार्क तक का कॉरिडोर मैजेंटा लाइन का विस्तार है और इसके शुरू होने से इस लाइन की कुल लंबाई लगभग 49 किलोमीटर हो जाएगी।

इस कॉरिडोर के माध्यम से कई आवासीय और व्यावसायिक क्षेत्रों को मेट्रो नेटवर्क से बेहतर तरीके से जोड़ा जाएगा, जिससे यात्रियों को निर्बाध और समयबद्ध यात्रा की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मेट्रो के फेज-ट (ए) के अंतर्गत तीन नए कॉरिडोर के निर्माण का शिलान्यास भी करेंगे। इनमें रामकृष्ण आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ तक सेंट्रल विस्टा कॉरिडोर, एरोसिटी से इंदिरा गांधी एयरपोर्ट टर्मिनल-1 तक का कॉरिडोर और तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज तक का कॉरिडोर शामिल है।

इन परियोजनाओं के पूरा होने से दिल्ली के प्रशासनिक, वाणिज्यिक और आवासीय क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी और बेहतर होगी तथा एयरपोर्ट तक मेट्रो की सीधी और तेज पहुंच सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से दिल्ली के साथ-साथ एनसीआर के शहरों को भी बड़ा लाभ मिलेगा।

## दिल्ली सरकार पीड़ित परिवार के साथ: रविन्द्र इंद्राज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के समाज कल्याण एवं अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह उत्तम नगर में होली के दौरान हुए एक मामूली विवाद में युवक तरुण की नृशंस हत्या की घटना के बाद पीड़ित परिवार से मिलने पहुँचे और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएँ व्यक्त कीं।

इस अवसर पर उनके साथ उनके कैबिनेट सहयोगी एवं विकासपुरी से विधायक डॉ पंकज कुमार सिंह, पश्चिमी दिल्ली की सांसद कमलजीत सहरावत तथा नजफगढ़ जिला अध्यक्ष राज शर्मा भी उपस्थित रहीं।मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने कहा कि यह घटना अत्यंत पीड़ादायक और हृदयविदारक है।

# मामा को सबक सीखाने के लिए उसके बच्चे की कर डाली थी हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मामा को सबक सीखाने के लिये ही उसके छह साल के लवकुश की गला घोटकर और रेतकर हत्या कर दी थी। रनहौला पुलिस को पहले लवकुश के पिता ने अपनी ही पत्नी पर शक जाहिर किया था। मगर जब जांच की गई तो पता चला कि लवकुश की हत्या उनके भांजे रवि कुमार ने की थी,जिसको गिरफ्तार करके उसकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल चाकू भी जब्त कर लिया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जांच में रनहौला पुलिस, स्पेशल स्टाफ और स्पेशल टास्क फोर्स के जॉइंट ऑपरेशन ने काम किया था। बीते वीरवार दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर रनहौला पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि 5 साल के बच्चे की किसी ने हत्या कर दी थी। रनहौला पुलिस मौके पर पहुंची। बच्चे की पहचान परिवार वालों ने लवकुश के रूप में की। जो मोहन गार्डन इलाके में अपनी मां,पिता और दो बहन व एक भाई के साथ रहता था। वह भाई बहन में सबसे छोटा था। उसकी गर्दन पर धारदार हथियार से वार करने के निशान थे। बच्चे के पिता, पाचू महतो से पता चला कि तीन मार्च से उनका बेटा लापता था। शव को उसके भांजे रवि कुमार ने सबसे पहले उसके घर से करीब 50 गज की दूरी पर एक बन रही बिल्डिंग में देखी थी।

रवि कुमार, अपने भाइयों सनी और कृष्णा के साथ, अपने नाना-नानी (नाना-नानी) धूपलाल महतो और बिंटा देवी के साथ कुछ ही दूरी पर रहता है। पुलिस ने शव को संजय गांधी अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। हैरान करने वाली बात तब हुई जब पाचू महतो ने ही अपनी पत्नी पर शक जाहिर कर दिया। तीन मार्च को उसकी पत्नी घर से चली गई थी। कॉल डिटेल रिकॉर्ड की जांच करने पर नंबर स्वीच ऑफ था। हालांकि, टेक्निकल एनालिसिस से एक नया मोबाइल नंबर ट्रेस किया गया जिसकी लोकेशन छपरा, बिहार में थी। स्पेशल टास्क फोर्स टीम को छपरा, बिहार भेजा गया, जहां उसकी पत्नी से घंटों पूछताछ की गई। पूछताछ में ऐसा कुछ नहीं पता चला,जिससे लग सके कि हत्या उसी ने की थी। उसने बताया कि वह अपने पति के साथ लगातार झगड़े और झूठे आरोपों की वजह से घर छोडकर चली गई थी, और उसने जुर्म में किसी भी तरह का हाथ होने से इनकार किया। इस बीच, पुलिस टीम ने आस-पास के इलाकों से सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को एनालाइज किया और स्ट्रीट वेंडर्स और दुकानदारों से लोकल पूछताछ की। फुटेज एनालिसिस से पता चला कि तीन मार्च की शाम तीन बजकर 24 मिनट पर लवकुश को आखिरी बार रवि कुमार के साथ देखा गया था।

# इंटरस्टेट नारकोटिक्स नेटवर्क का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने इंटरस्टेट नारकोटिक्स नेटवर्क का भंडाफोड़ कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से दो करोड़ रूपये से ज्यादा कीमत की ड्रग्स जब्त की है।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त संजीव कुमार यादव ने बताया कि भरोसेमंद सीक्रेट जानकारी पर कार्रवाई करते हुए एसीपी सतेंद्र मोहन की देखरेख में इंस्पेक्टर शिव कुमार, के नेतृत्व में टीम ने आरोपी सार्थक त्यागी (30) के घर पर छापा मारकर पकड़ लिया।पुलिस ने तलाशी के दौरान, 1016 ग्राम ऑर्गेनिक गांजा, 1112 ग्राम चरस, 17 ग्राम एमडीएमए ,1 ग्राम एक्स्टसी टैबलेट और 4 ग्राम मशरूम बरामद की है बरामद की है। पुलिस पूछताछ के दौरान, पता चला कि आरोपी एक इंटरस्टेट सप्लाई नेटवर्क के जरिए अलग-अलग नशीली चीजों की खरीद और उन्हें बांटने में शामिल था। आगे की जांच से टीम ने सप्लायर,कुलप्रीत सिंह उर्फ सनी (29) को पकड़ लिया।

## हत्यारोपी को दस साल बाद गिरफ्तार किया

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने गांधी नगर, जम्मू के हत्या के मामले के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी न 2016 को कथित तौर पर अपनी बेटी की हत्या कर फरार हो गया था।दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) हर्ष इंदौरा ने बताया कि साल 2016 में आरोपी रमेश कुमार जम्मू में कंस्ट्रक्शन मजदूर के तौर पर काम कर रहा था। उस दौरान, एक दुखद घटना में, आरोपी ने अपनी ही दस साल की बेटी के सिर पर डंडे से वार किया, क्योंकि उसे शक था कि वह उसकी बायोलॉजिकल बेटी नहीं है। घायल बच्ची को मेडिकल ट्रीटमेंट के लिए ले जाया गया, लेकिन बाद में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जुर्म करने के बाद, आरोपी जम्मू से भाग गया और कई सालों तक फरार रहा।




मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्ली में चले मैट्रो रेल परियोजना का निरीक्षण करते हुए।

## एक नजर

### अज्ञेय को श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् डॉ.दयानंद वत्स भारतीय ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में हिदीं के सुप्रसिद्ध साहित्यकार, लेखक, संपादक स्वर्गीय सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय की 115 वीं जयंती पर उन्हें कृतज्ञ राष्ट्र की और से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। वत्स ने कहा कि अज्ञेय की हिंदी और अंग्रेजी पर समान पकड थी। आँगन पार द्वार पर उन्हें साहित्य अकादमी और कितनी नावों में कितनी बार पर ज्ञानपीठ सम्मान से नवाजा गया। अज्ञेय हिंदी साहित्य के शलाका पुरुष थे। अज्ञेय दिनमान और नवभारत टाइम्स के भी संपादक रहे। अज्ञेय का समूचा साहित्य प्रयोगवाद और आधुनिकता की अद्भुत मिसाल है। अज्ञेय की रचनाधर्मिता देश और काल की सीमाओं से परे है। बहुमुखी प्रतिभा के धनी अज्ञेय का व्यक्तित्व करिश्माई था। अज्ञेय भारत की अस्मिता और वैश्विक समरसता के अद्भुत साहित्यिक शिल्पी थे। उनकी लेखनी ने साहित्य और पत्रकारिता जगत को समृद्ध किया।

### मिट्टी में दबने से गई मजदूर की जान



**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सोनिया विहार में काम करते समय एक मजदुर की मिट्टी में दबने से मौत हो गयी, फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है स जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान अफजाल के रूप में हुई है, वह मूल रूप से मेरठ की शौकत कॉलोनी का रहने वाला था और दिल्ली के सोनिया विहार के तीसरे पुस्ते कर पास सीवर लाइन डालने के काम में मजदूरी कर रहा था, शुक्रवार को जब वह पाइप लाइन डाल रहा था और वह गड्ढे में खड़ा था तभी अचानक एक पत्थर हटने से मिट्टी का ढेर उसके ऊपर आ गिरा जिस वजह से वह गंभीर रूप से घायल हो गया स घटना के समय मौजूद लोगो ने उसे मिट्टी से निकाला और ट्रामा सेंटर सिविल लाइन लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया और अस्पताल से मामले की जानकारी पुलिस को दी गयी स फिलहाल पुलिस ने सम्बंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू के दी है।

### महिला दिवस पर शुरू किया नया अभियान

**नई दिल्ली।** इस महिला दिवस पर जूस ब्रांड शरियलश ने अपना नया कैंपेन कीप इट रियल शुरू किया है। इसका मकसद महिलाओं को उनके मन में उठने वाले डर और शक को दूर करने के लिए प्रेरित करना है।

अक्सर महिलाएं खुद की काबिलियत पर शक करती हैं। यह अभियान बताता है कि एक महिला का अपने परिवार, काम और खुद के लिए प्यार, उसके किसी भी डर से कहीं ज्यादा बड़ा और मजबूत है।

डाबर इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट (मार्केटिंग) मयंक कुमार ने कहा ष्हम सिर्फ सफलता का जश्न नहीं मनाना चाहते, बल्कि उस मुश्किल सफर और संघर्ष का भी सम्मान करना चाहते हैं जो एक महिला तय करती है। हम महिलाओं को याद दिलाना चाहते हैं कि उनकी असली ताकत उनका दिल और मेहनत है।

### एक करोड़ बच्चों तक पहुंचकर सीखने के अंतर को मिटाने का लक्ष्य रखा




**नई दिल्ली।** पीएंडजी शिक्षा ने भारत भर में 1 करोड़ बच्चों तक पहुंचने और उनके जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने की उपलब्धि की घोषणा की, जिसका उद्देश्य सीखने के अंतर को मिटाना है। इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए पीएंडजी शिक्षा ने हैदराबाद के एक आदिवासी सरकारी स्कूल में एक समारोह का आयोजन किया । कार्यक्रम में एक विशेष पैनल चर्चा भी की गई , जिसका संचालन आदर्श रेड्डी (विकास और साझेदारियाँ, शैक्षिक पहल) ने किया। पैनल में प्रणिता सुभाष (भारतीय अभिनेत्री), समीरा रेड्डी (भारतीय अभिनेत्री और सेलिब्रिटी इन्फ्लुएंसर), प्रणव कोठारी (सीईओ ख्र म्कनबंजपवदंस प्दपजपंजपअमे) और रजत ब्रार (सीनियर डायरेक्टर ख्र ब्रांड ऑपरेशन्स, पी एंड जी इंडिया) शामिल रहे।इस उपलब्धि पर बोलते हुए, पीएंडजी इंडिया के ब्रांड ऑपरेशन्स के सीनियर डायरेक्टर रजत बरार ने कहा, 74% माता-पिता प्रारंभिक शिक्षा संबंधी कठिनाइयों को महज एक अस्थायी चरण मानते हैं, और बच्चे के भविष्य पर पड़ने वाले दीर्घकालिक जोखिमों को कम आंकते हैं।

## महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** महिला दिवस के मौके पर वन्दे भारत राष्ट्रवादी संगठन ने कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में संगठन की राष्ट्रिय अध्यक्ष श्रीमती वंदना सोनी, उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष श्रीमती दीपमाला उपस्थित थी स

डूडस कैफे शक्ति खंड में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक कार्यक्रम से की गयी, जिसके बाद वंदना सोनी ने बोलते हुए कहा कि नारी शक्ति एक ऐसी ताकत है जिसके लिए कोई कार्य असंभव नहीं है, और प्रत्येक महिला का अपना अहम स्थान है वह किसी न किसी रूप में हमेशा सेवा भाव से समाज के लिए कार्य करती रहती है। दीपमाला चौधरी ने कहा बेटियों को इतना मजबूत बनाओ कि वह प्रत्येक स्थिति का सामना डटकर कर सकें स घर से मिली स्वतंत्रता का गलत प्रयोग न किया जाना चाहिए, संयम में रहते हुए इस अवसर को अच्छे और नेक कार्यो में लगाओ।

संगठन की जिला गाजियाबाद से जिला अध्यक्ष अनुपम कुमारी ने बताया कि प्रत्येक महिला में प्रतिभा छिपी होती है जिन्हे अगर सही अवसर दिया जाए तो वह देश और समाज के हित में बहुत अच्छे कार्य कर सकती है उन्हें केवल सभी अवसर और प्रोत्साहन मिलने की आवश्यकता होती है । इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं से प्रश्न पूछे गए और सही जबाब देने वालो को पुरस्कृत किया गया।

# डिप्टी मेयर ने किया सीनियर महिला डॉक्टर्स को सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के डिप्टी मेयर जय भगवान यादव ने आज हिन्दूराव अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सामा. जिक संस्था जम जम फाउन्डेशन के द्वारा आयोजित नारी शक्ति सम्मान 2026 समारोह में दिल्ली नगर निगम के हिन्दूराव अस्पताल में सर्जरी करने वाली महिला सीनियर डॉक्टर्स को सम्मानित किया

डिप्टी मेयर जय भगवान यादव ने डॉ. रत्ना चौपडा, डॉ. मनीषा शर्मा, डॉ. वन्दना सैनी, डॉ. रजनी सचदेव, डॉ. ज्योति यादव, डॉ. शैरी, डॉ. भव्या, डॉ. कुशिका चन्द्रा, डॉ. कोमल, डॉ. सुशीला चौधरी को नारी शक्ति सम्मान 2026 से सम्मानित किया इस अवसर पर जम जम फाउन्डेशन के प्रमुख संरक्षक श्री योगेन्द्र सिंह मान हिन्दूराव अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आनन्द प्रकाश अति चिकित्सा अधीक्षक डॉ. किशन कुमार जोनी सीएमओ (अस्पताल प्रशासन) डॉ. मनोज कुमार मेडिसन विभागध्यक्ष डॉ. हेमन्त शर्मा चीफ काजी ऑल इण्डिया ईमाम ऑर्गनाइजेशन मुफ्ती मौहम्मद ताहिर हुसैन रमजान कमेटी दिल्ली के चेयरमैन मौहम्मद ऐहसान कुरैशी डिप्टी चेयरमैन अब्दुल रहीम जम जम फाउन्डेशन के अध्यक्ष शमीम अहमद खान वरिष्ठ उपाध्यक्षा ममता आनन्द सचिव दिनेश सोनकर सहित मानसी सिंह सुचित्रा यादव जसप्रीत सिंह एडवोकेट अमित आनन्द मौहम्मद हम्माद कुरैशी मनोज कुमार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थेस

डिप्टी मेयर जय भगवान यादव ने इस अवसर पर कहा कि सर्जरी पुरुष डॉक्टरों का क्षेत्र रहा है, लेकिन ये महिला डॉक्टर कैंसर, पथरी, ईएनटी या ऑर्थोपेडिक्स जैसे सभी प्रकार के मरीजों की सर्जरी कर रही हैं।

महिलाएं अब हर क्षेत्र में हैं स उन्होंने कहा कि एमसीडी अपने स्वास्थ्य संस्थानों के साथ-साथ चिकित्सा कर्मचारियों की सेवा शर्तों में सुधार के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। जम जम फाउन्डेशन के अध्यक्ष शमीम अहमद खान ने इस मौके पर सभी अतिथियों का शॉल पहनाकर स्वागत भी किया



डिप्टी मेयर जय भगवान यादव सीनियर महिला डॉक्टर को सम्मानित करते हुए।

# दो चोर पुलिस की गिरफ्त में आए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली में स्पेशल स्टाफ की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर और वांछित चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार इन दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी से रात के समय घरों में सेंधमारी की दो वारदातों का खुलासा हुआ है। पुलिस के मुताबिक, उत्तरख्रपूर्वी जिले की स्पेशल स्टाफ टीम इलाके में सक्रिय वांछित अपराधियों की गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए हुए थी। इसी दौरान 6 मार्च 2026 को एक गुप्त सूचना के आधार पर स्पेशल स्टाफ की टीम ने कार्रवाई करते हुए ज्योति नगर थाना क्षेत्र से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अकबर उर्फ जुबेर उर्फ असलम उर्फ राजा यामीन उर्फ जमील (42 वर्ष), निवासी गली नंबर 6, भागीरथी विहार, मुस्तफाबाद और हुस्ने आलम उर्फ शाहने आलम उर्फ चुने आलम (45 वर्ष), निवासी गली नंबर 26, न्यू मुस्तफाबाद, दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर धीरज कुमार, प्रभारी स्पेशल स्टाफ (उत्तरख्रपूर्वी जिला) कर रहे थे। टीम में एसआई कौशिक घोष, एएसआई अमित त्यागी, एएसआई अमित मान, हेड कांस्टेबल आमिर और कांस्टेबल मुकेश शामिल थे। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से घरों में सेंधमारी करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले औजार और वारदात के दौरान पहचान छिपाने के लिए इस्तेमाल होने वाली सामग्री बरामद की गई है।

# न्यूनतम पेंशन बढ़ाने की मांग को लेकर 9 को करेंगे प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**नई दिल्ली।** ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति ने 9 से 11 मार्च तक नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर तीन दिवसीय देशव्यापी प्रदर्शन की घोषणा की है। इस प्रदर्शन में देशभर से पेंशनधारक शामिल होकर कर्मचारी पेंशन योजना (EPS-95) में तत्काल सुधार और न्यूनतम पेंशन बढ़ाने की मांग उठाएंगे। यह प्रदर्शन NAC के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमांडर अशोक राउत के नेतृत्व में होगा और यह संसद के चल रहे बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान आयोजित किया जा रहा है। पेंशनधारक इस प्रदर्शन के माध्यम से देश के विधायकों और नीति-निर्माताओं का ध्यान लाखों सेवा. निवृत्त कर्मचारियों की बिगड़ती आर्थिक स्थिति की ओर आकर्षित करना चाहते हैं। वर्तमान में देशभर में लगभग 81 लाख पेंशनधारक कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा संचालित ईपीएस-95 योजना पर निर्भर हैं। सेवा के दौरान 30 से 35 वर्षों तक पेंशन फंड में योगदान देने के बावजूद, इस योजना के तहत मिलने वाली औसत मासिक पेंशन मात्र लगभग 1,171 रुपये है। इस बाबत ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमांडर अशोक राउत ने कहा, "ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति पिछले लगभग एक दशक से देशभर के पेंशनधारकों की आवाज लगातार उठा रही है। इन पेंशनधारकों ने अपने पूरे कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था के निर्माण में योगदान दिया और नियमित रूप से म्च्थ्व् पेंशन फंड में राशि जमा की। लेकिन आज उन्हें इतनी कम पेंशन मिल रही है कि उससे उनकी बुनियादी जरूरतें भी पूरी नहीं हो पा रही हैं। संसद सत्र के दौरान इस प्रदर्शन के माध्यम से हम सरकार और सांसदों से अपील कर रहे हैं कि ईपीएस-95 पेंशनधारकों के लंबे समय से लंबित मुद्दे का जल्द समाधान किया जाए।




# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर निगम में किया गया 'स्वदेशी हाट' का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिल्ली नगर निगम द्वारा 'स्वदेशी हाट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर महिला कल्याण एवं बाल विकास समिति की अध्यक्ष रेखा रानी भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूहों, एनजीओ तथा वोकेशनल प्रशिक्षण केंद्रों द्वारा स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल लगाए गए, जिन्होंने उपस्थित लोगों का विशेष आकर्षण बढ़ाया। इन स्टॉलों में बनारसी साड़ियां, वस्त्र, परफ्यूम, बैग, ज्वेलरी, बेकरी उत्पाद, हस्तनिर्मित वस्तुएं तथा अन्य स्वदेशी उत्पाद प्रदर्शित किए गए थे।



महिला उद्यमियों द्वारा तैयार किए गए इन उत्पादों को लोगों ने काफी सराहा और बड़ी संख्या में खरीदारी भी की. कार्यक्रम में स्वास्थ्य जांच एवं हेल्थ चेकअप का भी विशेष स्टॉल लगाया गया था, जहां उपस्थित लोगों के लिए स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर सत्या शर्मा ने भी अपनी स्वास्थ्य जांच कराई और सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया. उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण किया, वहां से खरीदारी की तथा महिला उद्यमियों और विक्रेताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच महिलाओं को अपने हुनर और स्वदेशी उत्पादों को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनने में मदद मिलती है. इस अवसर पर सत्या शर्मा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' केवल एक औपचारिक दिवस नहीं, बल्कि महिलाओं के योगदान, उनकी मेहनत और आत्मनिर्भरता को सम्मान देने तथा उनके सशक्तिकरण के प्रति समाज की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## आशीष सूद ने विकास कार्यों का किया शुभारंभ

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा, उच्च शिक्षा, शहरी विकास एवं ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने जनकपुरी विधानसभा के सी1ए ब्लॉक तथा सी-2 ब्लॉक में लगभग 1.60 करोड़ रूपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, स्थानीय निवासी और आरडब्लूए के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। इस अवसर पर आशीष सूद ने बताया की इन दोनों ब्लॉक के लोगों की लंबे समय से मांग थी की उनके क्षेत्रों में सीवर, पानी की पाइप लाइनों के काम, डेन्स कारपेटिंग, सड़क निर्माण आदि के काम पिछली सरकार के समय से ही लंबित है। उन्होंने यह भी कहा की आज जनकपुरी के सी 1ए ब्लॉक में लगभग 86.37 लाख की लागत से कई महत्वपूर्ण कार्य प्रारंभ किए गए।

# मंगोलपुरी विधानसभा में बनेगी 100 फुट ऊंची श्रीराम की प्रतिमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** मंगोलपुरी विधानसभा क्षेत्र में स्थित मंगोलपुर कलां गांव में करीब 55 करोड़ की लागत से 100 फुट ऊंची भगवान श्रीराम की प्रतिमा का निर्माण किया जाएगा। इस प्रतिमा को बनाने में लगभग 18 माह का समय लगेगा। दिल्ली सचिवालय में चेयरमैन राजकुमार चौहान की अध्यक्षता में हुई दिल्ली ग्रामीण विकास बोर्ड की बैठक में 574 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। बैठक में ग्रामीण विकास बोर्ड के वाइस चेयरमैन गजेन्द्र दराल और सदस्य नीलम पहलवान, राजकरण खत्री, कुलदीप सोलंकी एवं रविन्द्र नेगी उपस्थित थे। दिल्ली ग्रामीण विकास बोर्ड के चेयरमैन एवं क्षेत्र के विधायक राजकुमार चौहान ने बताया कि मंगोलपुर कलां गांव के इस पार्क को पिक. निक स्पॉट की तरह विकसित किया जाएगा। इसके मध्य में भगवान श्रीराम की प्रतिमा बनाई जाएगी। प्रतिमा का बेस करीब 10 फुट का होगा जिस पर धनुष-बाण लिए हुए भगवान श्रीराम की 81 फुट ऊंची प्रतिमा बनेगी। उसके ऊपर विशाल छत्रप भी लगाया जाएगा। श्री चौहान ने इस ऐतिहासिक कार्य को मंजूरी प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं शहरी विकास मंत्री कपिल मिश्रा का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा इससे ग्रामीण विकास के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को बल मिलेगा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# बुद्धि विहार में चाकू से वार कर बहन की हत्या करने वाले हत्यारोपी भाई को पुलिस ने भेजा सलाखों के पीछे




**मुरादाबाद।** थाना मझोला क्षेत्र के बुद्धि विहार सेक्टर-2 में अपनी जुड़वा बहन की चाकू से हत्या करने वाले आरोपी भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह सनसनीखेज वारदात 6 मार्च को हुई थी, जिसमें आरोपी भाई ने बहन की हत्या करने के साथ ही अपनी मां पर भी जानलेवा हमला कर दिया था।पुलिस के अनुसार सेक्टर-2 बुद्धि विहार निवासी हार्दिक (25) पुत्र इन्द्रजीत ने अपनी जुड़वा बहन हिमशिखा उर्फ चीनी (25) की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। बीच-बचाव करने आई मां नीलिमा पर भी उसने चाकू से कई वार कर दिए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी।घटना के संबंध में घायल मां नीलिमा की तहरीर के आधार पर थाना मझोला में आरोपी हार्दिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन्स के पर्यवेक्षण में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई थी।शनिवार को मझोला पुलिस ने नामजद आरोपी हार्दिक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि घटना में प्रयुक्त चाकू को पहले ही फील्ड यूनिट द्वारा घटनास्थल से बरामद कर लिया गया था, जिसके आधार पर मुकदमे में धारा आयुध अधिनियम की भी बढ़ोतरी की गई है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पकड़े गए आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह और उसकी बहन गुरुग्राम में रहते थे। उसकी बहन विप्रो कंपनी में नौकरी करने के साथ एमबीए की पढ़ाई कर रही थी, जबकि वह भी वहीं काम करता था। करीब एक साल पहले उसकी एक युवती से इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी, जो बाद में प्रेम संबंध में बदल गई। लगभग सात महीने पहले ब्रेक. अप होने के बाद वह अवसाद में रहने लगा था।आरोपी ने पुलिस को आगे बताया कि होली पर वह अपनी बहन के साथ मां के पास मुरादाबाद आया था। 6 मार्च को बहन उसे बार-बार समझाने का प्रयास कर रही थी, जिससे वह गुस्से में आ गया और रसोई से चाकू लाकर बहन पर कई वार कर दिए। शोर सुनकर आई मां को भी उसने घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया था।

## 24-कोसीय परिक्रमा मार्ग पर नलकूपों का हो रहा कायाकल्प

**चन्दौसी।** 24-कोसीय परिक्रमा मार्ग (श्रीवंशगोपाल तीर्थ) पर स्थित नलकूपों का कायाकल्प कर उन्हें आकर्षक रूप दिया जा रहा है।

यहां परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं और किसानों के लिए बैठने की व्यवस्था, पेयजल सुविधा और साफ-सुथरा वातावरण उपलब्ध कराया गया है। नलकूपों की सुंदर सजावट श्रद्धालुओं को सेल्फी लेने के लिए भी आकर्षित कर रही है। अधिशासी अभियंता नलकूप खंड चन्दौसी महेंद्र शंकर के अनुसार जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के मार्गदर्शन में प्रदेश में 'हर खेत को पानी' का संकल्प तेजी से साकार किया जा रहा है। सिंचाई व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए किसान चौपाल आयोजित की जा रही हैं तथा नलकूपों के रीबोर, लाइन गूल की मरम्मत और विद्युत आपूर्ति के बेहतर समन्वय पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रदेश में बंद पड़े कई नलकूपों को फिर से चालू कर लाखों हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा से जोड़ा गया है। इससे किसानों की निजी साधनों पर निर्भरता भी कम हुई है।

## एक नजर

### छात्र- छात्राओं ने गांव में रैली निकाल कर ग्राम वासियों को किया जागरूक



**ठाकुरद्वारा।** सरकडा परंपुर माफी मे एन०एस०एस० के सात दिवसीय शिविर का शुभआरंभ उच्च प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक अमजद अली द्वारा शिविर कक्ष का फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजपाल सिंह ने अतिथियो का स्वागत वैज लगाकर किया। इस अवसर पर सहायक अध्यापक सत्य प्रकाश सिंह, आशु, सुनीता यादव, अमृता यादव, ऊषा आंगनवाड़ी भी मोजूद रही,कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजपाल सिंह द्वारा सभी अतिथियों का स्वयंसेवक एवं सेविकाओं से परिचय कराया। मुख्य अतिथि द्वारा समस्त छात्र- छात्राओं को राष्ट्र सेवा करना , राष्ट्रीय कर्त्तव्यों का पालन करना,सत्य, ईमानदारी की राह पर चलने का आवहान किया। इसके वाद सभी ने राष्ट्रीय सेवा योजना गीत उठे उठे समाज के लिए उठे उठे गीत गाया। कार्यक्रम के अगले चरण में समस्त छात्र- छात्राओं ने ग्राम सरकड़ा परमपुर माफी एवं ग्राम नहर वाला में रैली निकालकर ग्राम वासियों को जागरूक करने का प्रयास किया। इसके वाद सभी सभा स्थल पर एकत्र हुए जहाँ पर डॉ रघुनाथ सिंह ने सभी के सम्मुख सात दिवसीय शिविर की गतिविधियों को समझाया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में समस्त छात्र छात्राओं ने अपनी जिज्ञासा के अनुसार सवाल जवाब किए। आज के कार्यक्रम में निशा, दया विरल, स्वाति, प्रियंका, शिफा सरकार, तनु यादव, विवेक, शरद, राजकुमार, शिवा, शिवम, शंकर आदि उपस्थित रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर समारोह पूर्वक उत्कृष्ट महिला शिक्षिकाओं व छात्राओं का सम्मान



**ठाकुरद्वारा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में खेल क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाली दो छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एआरपी मोनिका गहलौत, एआरपी रूपा आर्य, शिखा गुप्ता, सोनिया चौहान, सपना चौहान, सोनी और नीतू चौहान को शिक्षा विभाग में सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। वहीं प्राथमिक विद्यालय प्रतापपुर गढ़ूवाला की छात्राएं अर्चना और नैना को खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मान देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी मनोज बोस, मारूफ अली (एआरपी डिलारी) तथा अरविंद कुमार (सहायक अध्यापक) की विशेष भूमिका रही। इस मौके पर मौजूद लोगों ने सभी सम्मानित शिक्षिकाओं और छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### ईद की खरीदारी को उमड़ी भीड़ ई-रिक्शाओं के कारण लगा जाम

**ठाकुरद्वारा।** ईद का त्योहार नजदीक आते ही कस्बे के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। शनिवार को ईद की खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में लोग बाजार पहुंचे, जिसके चलते मुख्य बाजार सहित कई मार्गों पर भीषण जाम की स्थिति बन गई। जाम के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को काफी देर तक परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह से ही कपड़े, जूते, सेवइयां, मिठाई और अन्य जरूरी सामान खरीदने के लिए बाजार में भीड़ उमड़ने लगी थी। दोपहर तक स्थिति यह हो गई कि बाजार की सड़कों पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। सड़क किनारे खड़े वाहनों और ई रिक्शा चालकों की मन मर्जी से दुकानों के बाहर लगी भीड़ के कारण यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया और कई जगह वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जाम में फंसे लोग काफी देर तक निकलने का इंतजार करते रहे। कई बाइक और ई-रिक्शा चालकों को गलियों के रास्ते निकलना पड़ा। वहीं बाजार में खरीदारी करने आए लोगों को भी भारी भीड़ के बीच से गुजरना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि ईद के करीब आते ही हर साल बाजार में इसी तरह भीड़ बढ़ जाती है, लेकिन पार्किंग की उचित व्यवस्था न होने और सड़क किनारे खड़े ई रिक्शा व अन्य वाहनों के खड़े होने से जाम की समस्या और बढ़ जाती है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि त्योहार के मद्देनजर बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए पुलिस बल की तैनाती बढ़ाई जाए और अवैध पार्किंग पर सख्ती से कार्रवाई की जाए, लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।

## श्रीबारहसैनी रामलीला व रामबाग ट्रस्ट चुनाव की अधिसूचना जारी

**चन्दौसी।** श्रीबारहसैनी रामलीला एवं रामबाग ट्रस्ट चन्दौसी के आगामी चुनाव को लेकर शनिवार को कैथल गेट स्थित निर्वाचन कार्यालय का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी मोरमुकट वार्ष्णेय तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार वार्ष्णेय और सुशील कुमार वार्ष्णेय ने संयुक्त रूप से चुनाव की अधिसूचना व महत्वपूर्ण नियमावली जारी की। निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि ट्रस्ट के चुनाव के लिए 01 अप्रैल से 03 अप्रैल तक प्रत्याशी नामांकन पत्र प्राप्त कर जमा कर सकेंगे। 4 अप्रैल को प्राप्त नामांकन पत्रों की घोषणा कर सूची निर्वाचन कार्यालय पर चस्पा की जाएगी। 5 अप्रैल से 6 अप्रैल दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होगी, जबकि 6 अप्रैल शाम 6 बजे तक अंतिम वैध प्रत्याशियों की सूची प्रकाशित कर दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि 19 अप्रैल 2026 को गुप्त मतदान के माध्यम से चुनाव संपन्न कराया जाएगा और उसी दिन मतगणना भी की जाएगी। इस अवसर पर ट्रस्टी प्रकाशचन्द्र, मुकेश वार्ष्णेय, विमल चौधरी, कौशल किशोर वंदेमातरम, अनुज वार्ष्णेय, मनोज कुमार श्याम, अतुल किराना, प्रमोद कुमार पप्पन, गौरव, मनोज वार्ष्णेय, सौरभ वार्ष्णेय, संजीव वार्ष्णेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## यूपीएससी में 77वीं रैंक हासिल करने पर देवांश गुप्ता को दी गई बधाईयां

**मुरादाबाद।** शहर के गोकुलदास हिंदू गर्ल्स महाविद्यालय में शनिवार को खुशी का माहौल देखने को मिला, जब महाविद्यालय की मुख्य अनुशासिका एवं मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर किरण साहू के पुत्र देवांश गुप्ता द्वारा संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में 77वीं रैंक हासिल करने की खबर सामने आई। इस उपलब्धि पर पूरे कॉलेज परिवार में हर्ष की लहर दौड़ गई।महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा ने देवांश गुप्ता को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि देवांश की इस सफलता ने न केवल उनके परिवार बल्कि महाविद्यालय और पूरे जिले का नाम रोशन किया है। उनकी मेहनत, लगन और धैर्य सभी छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। देवांश



गुप्ता की प्रारंभिक शिक्षा मुरादाबाद के दिल्ली पब्लिक स्कूल से हुई। उन्होंने इंटरमीडिएट में 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि हाईस्कूल में 10 सीजीपीए हासिल किया था। इसके बाद उन्होंने वर्ष 2021 में पुणे स्थित सिंबायोसिस कॉलेज से एलएलबी (ऑनर्स) की पढ़ाई पूरी की।महाविद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि देवांश की यह सफलता उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिणाम है। उनकी उपलब्धि से छात्रों को यह संदेश मिलता है कि कठिन परिश्रम और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी देवांश गुप्ता को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी ने उम्मीद जताई कि वह आगे चलकर देश की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे और युवाओं के लिए प्रेरणा बनेंगे।

## जिला सपा कार्यालय पर आयोजित हुई बैठक में भाजपा पर साधा जमकर निशाना

**मुरादाबाद।** शहर के सिविल लाइंस स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में शनिवार को जिला समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी नेताओं ने केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कई मुद्दों पर सवाल उठाए।जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने




कहा कि नोटबंदी के बाद अब भाजपा सरकार "वोटबंदी अभियान" चला रही है। उनका आरोप था कि पहले केवल मुसलमानों को कागजों के नाम पर परेशान किया जाता था, लेकिन अब हिंदुओं को भी नोटिस भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीयत पहले भी खराब थी और अब भी खराब है।बैठक में वक्ताओं ने कहा कि क्या अब लोगों की नागरि. कता वोट के आधार पर तय की जाएगी। उनका कहना था कि अगर नेताजी सुभाष चंद्र बोस और नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन के परिजनों तक को कागजी प्रक्रिया में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है, तो आम लोगों की स्थिति और भी कठिन हो सकती है। उन्होंने आशंका जताई कि वोटर कार्ड या अन्य दस्तावेजों में गड़बड़ी के कारण लोग अपने अधिकारों और संपत्ति को लेकर चिंता में हैं।इस दौरान जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने विभिन्न दलों से आए नेताओं और कार्यकर्ताओं का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इनमें पूर्व बसपा प्रत्याशी अतीक सैफी, कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी सलीम अख्तर, मौ. यूसुफ, चौधरी गजराज सिंह और इशिका सहित कई लोग शामिल रहे। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी नेता पार्टी को मजबूत बनाने में योगदान देंगे। जयवीर यादव ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और गलत नीतियों के कारण भाजपा का जनाधार तेजी से घटा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग अब जिन दस्तावेजों के आधार पर मतदाताओं के नाम और उम्र में सुधार की बात कर रहा है, वही कागज पहले भी जमा कराए गए थे। ऐसे में सवाल उठता है कि पहले गलती कैसे हुई और उसकी जिम्मेदारी किसकी है। बैठक में पूर्व विधायक हाजी रिजवान, पूर्व जिलाध्यक्ष अतहर हुसैन अंसारी, जिला महासचिव फुरकान अली, लाखन सिंह सैनी, वेदप्रकाश सैनी, वसीम कुरैशी समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आईएफटीएम मे दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ इंजी. नियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा ''ऑर्गनाइजेशनल बिहेवियर एण्ड वर्कप्लेस साइकोलॉजी'' विषय पर ऑनलाइन माध्यम से दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय की ओर से सभी प्रतिभागियों को आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस प्रकार के गुणवत्तापूर्ण विषयों पर कार्यशालाओं का आयोजन जारी रहेगा। इस दो दिवसीय कार्यशाला में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी), जम्मू के ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंस विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. गरिमा सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए। डॉ. सिंह ने विभिन्न पहलुओं जैसे कि फाउंडेशन ऑफ ऑर्गनाइजेशनल बिहेवियर, सेक्सुअल हैरसमेंट एट वर्कप्लेस, साइकोलॉजिकल एवं लीगल पर्सपेक्टिव, वर्कप्लेस वायलेंस एवं



डॉ. गरिमा सिंह

अग्रेशन, पावर, एथिकल एवं प्रोफेशनल बाउंड्रीज, टॉक्सिक वर्क एनवायरनमेंट के नुकसान व प्रभाव जैसे विषयों पर विस्तार से अपने महत्वपूर्ण विचार प्रकट किए। इस मौके पर विश्वविद्यालय के प्रतिकुल. पति- एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव त्रिवेदी ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि किसी भी कार्यस्थल पर मानव संसाधन को एक स्वस्थ वातावरण देने से वहां की उत्पादकता निश्चित रूप से बढ़ती है। वहीं स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निद. ेशक व आईआईसी के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार ने मुख्य वक्ता डॉ सिंह का परिचय देते हुए अपने विषयगत् विचार साझा किये। उन्होंने वर्तमान परिदृश्य में ऑर्गनाइजेशनल बिहेवियर और वर्कप्लेस साइकोलॉजी की महत्ता तथा इसके लाभों पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान मुख्य वक्ता डॉ सिंह द्वारा विभिन्न विभागों के शिक्षकों द्वारा जिज्ञासावश पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी दिए गए। कार्यशाला के सफल आयोजन में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. विनीत सिंह की विशेष भूमिका रही। कार्यशाला के अंत में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के 60 से अधिक शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

## महानगर में सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल की परीक्षाएं हुई संपन्न, परीक्षार्थियों ने ली राहत की सांस

**मुरादाबाद।** जिले में सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 10 की परीक्षाएं शनिवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गईं। अंतिम दिन गणित विषय की परीक्षा जनपद के 18 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कराई गई। परीक्षा के दौरान प्रशासन और केंद्र व्यवस्थापकों की ओर से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं, जिससे कहीं से भी किसी प्रकार की अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली।इस वर्ष जिले में सीबीएसई बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में लगभग 5,445 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। परीक्षाएं 17 फरवरी से शुरू होकर 7 मार्च तक चलीं। पूरे परीक्षा अवधि के दौरान केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। केंद्रों के बाहर पुलिस और विद्यालय प्रबंधन की टीम लगातार निगरानी करती रही, ताकि परीक्षा निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।शनिवार को जैसे ही अंतिम पेपर समाप्त हुआ, परीक्षा केंद्रों के बाहर छात्रों के चेहरों पर खुशी और राहत साफ दिखाई



दी। कई छात्र-छात्राएं परीक्षा खत्म होने के बाद अपने दोस्तों के साथ बातचीत करते और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करते नजर आए। परीक्षार्थियों का कहना है कि इस बार अधिकतर विषयों के प्रश्नपत्र संतुलित और पाठ्यक्रम के अनुरूप थे। हालांकि कुछ छात्रों ने गणित के प्रश्नपत्र को थोड़ा कठिन बताया, लेकिन अधिकांश विद्यार्थियों ने पेपर ठीक होने की बात कही। परीक्षाएं समाप्त होने के बाद अब विद्यार्थियों को अपने परिणाम का बेसब्री से इंतजार है। वहीं अभिभावकों ने भी उम्मीद जताई है कि इस वर्ष उनके बच्चे अच्छे अंकों के साथ परीक्षा में सफलता हासिल करेंगे।

## बड़े नवाचारों का जन्म भारी बजट से नहीं बड़े विचारों से: प्रो0 संदीप पोद्दार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** लिंकन यूनिवर्सिटी कॉलेजए मलेशिया में रिसर्च एंड इन्नोवेशन के डिप्टी वाइस चांसलर प्रो0 संदीप पोद्दार ने सतत नवाचार और उद्यमिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बतायाए टेलीफोन और विमान जैसे आविष्कार सीमित संसाधनों और असफलताओं के बावजूद विकसित किए गए हैं। बड़े नवाचार हमेशा बड़े बजट से नहींए बल्कि बड़े विचारों से जन्म लेते हैं। यदि सोच स्पष्ट हो और उद्देश्य मजबूत होए तो कम फंडिंग में भी प्रभावशाली और उपयोगी इन्नोवेशन किए जा सकते हैं। प्रो. पोद्दार ने कहाए हमें प्रकृति से सीखना चाहिए। प्रकृति स्वयं एक महान शिक्षक है। कई आधुनिक तकनीकें जैव.अनुकरण के सिद्धांत पर आधारित हैंए जहां वैज्ञानिकों ने प्रकृति के डिजाइन और कार्यप्रणाली से प्रेरणा लेकर नवाचार विकसित किए हैं। एक साधारण विचार को सही दिशाए शोध और दृढ़ संकल्प के माध्यम से सफल स्टार्टअप में बदला जा सकता है। प्रोण् पोद्दार तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटीए मुरादाबाद के इंस्टीट्यूशन इन्नोवेशन काउंसिल. आईआईसी की ओर से सस्टेनेबल इन्नोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप पर हुई वर्कशॉप में बतौर विशिष्ट अतिथि बोल



रहे थे। इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके वर्कशॉप का शंखनाद हुआ। इस मौके पर कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के प्राचार्य प्रो. नवनीत कुमार बतौर मुख्य अतिथिए ऑप्टोमेट्री के एचओडी डा0 राकेश कुमार यादवए फॉरेंसिक साइंसेज के एचओडी श्री रवि कुमारए आईआईसी कोऑर्डिनेटर योगेश कुमार, रेडियोलॉजी के एचओडी अमित बिष्ट, डॉ. पिनाकी अदक आदि मौजूद रहे। मुख्य सत्र के बाद रिसर्च पब्लिकेशन एंड इन्नोवेशन पर हुई कार्यशाला में उच्च गुणवत्ता वाले शोध पत्र लेखनए स्कोपस/यूजीसी.केयर जर्नल चयनए शोध में नैतिकताए पेटेंट प्रक्रियाए तथा अकादमिक नवाचार को उद्योग से जोड़ने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रो. पोद्दार ने कहा, आज अनेक भ्रामक या शोषणकारी वेबसाइटें और शोध पत्रिकाएं मौजूद हैंए ऐसी पत्रिकाओं का मुख्य उद्देश्य केवल शोधकर्ताओं से धन प्राप्त करना होता है। इनमें शोध की गुणवत्ता, प्रामाणिकता और अकादमिक मानकों का पालन नहीं किया जाता। उन्होंने बताया कि शोध केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं हैए बल्कि समस्या समाधान की एक प्रक्रिया है। वास्तविक शोध वही है, जो समाजए उद्योग और पर्यावरण से जुड़ी वास्तविक समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करे। उन्होंने समझाया कि रिसर्च और इन्नोवेशन एक.दूसरे के पूरक हैं। वर्कशॉप में रेडियोलॉजी, ऑप्टोमेट्री, फिजियोथेरेपी, मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नीक्सए फॉरेंसिक साइंसेज विभाग आदि के स्टुडेंट्स ने प्रतिभाग किया। स्टुडेंट्स ने स्टार्टअपए फंडिंग, नवाचार की चुनौतियों और सतत व्यवसाय मॉडल से संबंधित अनेक प्रश्न पूछेए जिनका विशेषज्ञों ने विस्तारपूर्वक और संतोषजनक उत्तर दिया गया। संचालन मिस सौम्या त्रिपाठी ने किया।

# शादी से इंकार करने पर बॉयफ्रेंड ने की थी हत्या

## दो मार्च को गुलशन मॉल के पास मिला था महिला का शव, 200 सीसीटीवी फुटेज खंगाले



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** 2 मार्च को सुबह आठ बजे थाना एक्सप्रेस क्षेत्र में एक महिला का शव मिला था। महिला की पहचान कविता उर्फ काव्या पत्नी शंकर निवासी गाजियाबाद हुई थी। एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कविता की हत्या उसके ब्यायफ्रेंड विक्की (34) निवासी पांडव नगर मंडावली पूर्वी दिल्ली ने की थी।

कविता उसके साथ रहना चाहती थी। विक्की पर दबाव बना रही थी। विक्की ने कविता की हत्या की और शव को सेक्टर-129 गुलशप मॉल के पास फेंक कर फरार हो गया। विक्की को साया मॉल के पास सिंगल सर्विस रोड से गिरफ्तार किया गया। पास 3 लाख रुपए और कार बरामद की गई है। एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि कविता की शादी शंकर से हुई थी। शंकर दिल्ली में एक होटल पर काम करता है। दोनों की ढाई साल की एक बेटी भी है। महिला भी दिल्ली में ही बतौर घरेलू सहायिका काम करती थी। शुरुआत में पुलिस ने पति को संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ की, लेकिन कुछ जानकारी नहीं मिली। पुलिस के मुताबिक घटना में एक चालक की भूमिका संदिग्ध लग रही थी।

**पति से कविता का होता था झगड़ा:** पुलिस ने बताया कि कविता की अक्सर अपने पति शंकर से झगड़ा होता था। कई बार वो दिल्ली पुलिस को झगड़े को लेकर फोन कर चुकी थी। करीब एक से डेढ़ साल पहले वो कविता विक्की के संपर्क में आई। विक्की गाड़ी चलाता है। कविता को उसके साथ रहना अच्छा लगने लगा। वो विक्की से साथ ही रहना चाहती थी। इसलिए दो मार्च को अपने घर से करीब 3 लाख रुपए लेकर वो विक्की से मिली।

**शादी का प्रस्ताव से किया इंकार:** विक्की के सामने शादी का प्रस्ताव रखा। विक्की सिर्फ उसे अपनी दोस्त मानता था। इसलिए उसने शादी से मना कर दिया। विक्की भी शादी शुदा है। शादी से मना करने पर कविता ने विक्की से झगड़ा किया। जिसके चलते विक्की ने उसकी कार में हत्या कर ली। इसके बाद गुलशन मॉल के पास उसके शव को फेंक कर फरार हो गया।

**20 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ 200 सीसीटीवी कैमरे खंगाले:** पुलिस ने इस हत्यारोपी को गिरफ्तार करने के लिए करीब 200 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। कार नंबर के आधार पर पुलिस ने लोकेशन निकाली। एक टीम का गठन किया गया और आरोपी को गिरफ्तार किया गया। मामले में पुलिस ने करीब 20 से अधिक संदिग्ध लोगों से पूछताछ की।

# सीनियर एसोसिएट को बंधक बनाकर 50 हजार रुपये कराए ट्रांसफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ईकोटेक-1 कोतवाली क्षेत्र में कार सवार चार बदमाशों ने एक कंपनी के सीनियर एसोसिएट का असलहा के बल पर अपहरण कर लिया। उनसे मारपीट और मोबाइल छीनकर पैसे ट्रांसफर करा लिए।

पीड़ित किसी तरह बदमाशों के चंगुल से भागकर बच निकला और डायल-112 पर सूचना दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जेवर क्षेत्र के गांव जेवर खादर निवासी बुद्ध पाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह नोएडा सेक्टर-62 स्थित इनोडेटा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में सीनियर एसोसिएट के पद पर कार्यरत हैं। 4 मार्च की सुबह करीब पांच बजे वह अपनी टियागो ईवी कार से ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहे थे। करीब साढ़े पांच बजे वह जीरो प्वाइंट से स्टेलर के पास बाथरूम करने के लिए कार रोक. कर नीचे उतरे थे। आरोप है कि जैसे ही वह वापस अपनी कार में बैठने लगे तभी पीछे से एक नेक्सोन कार आकर रुकी। उसमें से चार युवक उतरे और उनकी कार का शीशा तोड़ दिया। बदमाशों ने असलहा दिखाकर जबरन अपनी कार में बैठा लिया। आरोपियों ने उनकी टियागो कार को करीब तीन किलोमीटर आगे ले जाकर सड़क किनारे छोड़ दिया और उन्हें अपने साथ लेकर निकल गए।

पीड़ित का आरोप है कि बदमाशों ने रास्ते में मारपीट की, मोबाइल छीन लिया और जान से मारने की धमकी देते हुए बैंक खाते की जानकारी ली। आरोपियों ने उनके मोबाइल में मौजूद ऑनलाइन पेमेंट एप्लीकेशन जैसे पेफोन, गूगल पे और पेटीएम के पासवर्ड भी धमकाकर हासिल कर लिए। इसके बाद बदमाशों ने उनके घर फोन करवाकर खाते में एक लाख रुपये डलवाने को कहा। इस पर परिजनों ने घबराकर तत्काल 50 हजार रुपये उनके मोबा. इल पर भेज दिए।

बदमाश उन्हें पहले नोएडा की तरफ और फिर दादरी होते हुए हापुड़ की ओर ले गए। रास्ते में गांव मसोता के पास बदमाश लघुशंका के लिए रुके। उसी दौरान मौका देखकर बुद्धपाल सिंह वहां से भागकर पास खड़ी पब्लिक की ओर दौड़ पड़े और शोर मचाने लगे। लोगों को इकट्ठा होता देख बदमाश उन्हें वहीं छोड़कर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस का कहना है कि मामले में बीएनएस की धारा- 324 (4), 115 (2), 351 (2), 309 (4) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। एसीपी ग्रेटर नोएडा अरविंद कुमार का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

# बाइक खड़ी करने के विवाद में दो पक्ष भिड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** फेज-दो थाना क्षेत्र के नयागांव में दुकान के सामने बाइक खड़ी करने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जिला फिरोजाबाद के अनंदपुर गांव निवासी कामता प्रसाद ने पुलिस को बताया कि वह वर्तमान में नया गांव की गली नंबर तीन में किराए पर रहते हैं। एक मार्च की शाम करीब 5.30 बजे वह बाइक से नया गांव के बाजार में आए थे।

उन्होंने बाइक आस्कीन की दुकान के सामने खड़ी की। आस्कीन ने बाइक हटाने को कहा। न हटाने पर आस्कीन, तोसिफ, लुकमान और रिहान ने गाली-गलौज और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। उन्हें बचाने आए भाई सुंदर और साले मनीष कुमार के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने चार लोगों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है। दूसरे पक्ष की ओर से आस्कीन ने पुलिस को बताया कि वह मूलरूप से जिला बुलंदशहर के ताजपुर गांव के रहने वाला है। एक मार्च की शाम वह दुकान पर थे। तभी कामता प्रसाद ने बाइक उनकी दुकान के सामने खड़ी कर दी। मना किया तो कामता ने अपने साथी सुंदर और मनीष के साथ मिलकर गाली-गलौज और मारपीट की। बचाने आए भाई तोसिफ, लुकमान और रिहान के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। पुलिस ने दूसरे पक्ष की शिकायत पर भी केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बीबीए छात्रा को गोली मारने वाला गिरफ्तार

■ पिस्टल और कारतूस बरामद, अन्य हमलावरों की तलाश जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में बीबीए छात्र आकाश को गोली मारने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से घटना में इस्तेमाल की गई पिस्टल और एक कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने शनिवार को आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

भट्टा गांव निवासी आकाश बीबीए के छात्र हैं। उनके चचेरे भाई अचल सिंह ने पुलिस को बताया कि 3 मार्च की रात पड़ोसियों अमित और सचिन समेत कुछ अन्य लोगों से उनका विवाद हो गया था। विवाद के बाद पीड़ित पक्ष शिकायत दर्ज कराने दनकौर कोतवाली गया था। शिकायत देकर लौटते समय आरोप है कि आरोपी पक्ष ने रास्ते में उन्हें घेर लिया। हमलावरों ने फायरिंग करते हुए लाठी-डंडों से भी हमला किया। इस दौरान आकाश के पैर में गोली लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। घटना के बाद पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर अमित, सचिन और भूपेंद्र सहित चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इस मामले में मुख्य आरोपी अमित घटना के बाद से फरार चल रहा था। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार को पुलिस ने आरोपी अमित को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से वारदात में प्रयुक्त पिस्टल और एक कारतूस बरामद हुआ है। अन्य फरार आरो. पियों की तलाश के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# रिश्तेदार ने उधार लेकर 5.50 लाख रुपये हड़पे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-73 स्थित सर्फाबाद गांव एक युवक के साथ उसके ही रिश्तेदार ने 5.50 लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है।आकाश शर्मा ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गाजियाबाद के राजपुर शरीफाबाद निवासी राहुल शर्मा उनका रिश्तेदार है। दोनों बाइक बेचने वाली एक कंपनी में काम करते थे। 10 जनवरी 2023 को राहुल शर्मा ने कार खरीदने के लिए आकाश शर्मा से ढाई लाख रुपये उधार लिए। आरोपी ने समय पर रुपये वापस करने का आश्वासन दिया। कुछ समय बाद रुपये वापस मांगने पर आरोपी ने कहा कि उसके पास एक भूखंड है, जिसकी कीमत दस लाख रुपये है।

## डबल डेकर बसों के मरम्मत केंद्र के लिए भूमि पूजन किया

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** मोरना स्थित नोएडा डिपो में डबल डेकर बसों को चार्ज करने और कार्यशाला स्थापित करने के लिए शुक्रवार को भूमि पूजन किया गया। अगले तीन से चार दिन में इस पर काम शुरू हो जाएगा। डिपो से आठ इलेक्ट्रिक डबल डेकर बसें नोएडा और ग्रेटर नोएडा के अलग-अलग रूट पर चलेंगी। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि जिस कंपनी की बसें हैं, उनके प्रति. निधियों की ओर से भूमि पूजन किया गया है।

## अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज (सी0 डि0), जनपद-गाजियाबाद**
**उपस्थित-श्री जसवीर सिंह यादव, पी.सी.एस.-जे**
**विविध वाद सं0-13 सन् -2026**
**(कम्प्यूटर नं0 32/2026)**

1. डॉ प्रबुद्ध गोयल, आयु लगभग 45 वर्ष पुत्र स्वर्गीय श्री सुशील कुमार गुप्ता, निवासी 544 द्वितीय तल, हवा सिंह ब्लॉक, एशियाड विलेज नई दिल्ली-110049 आधार संख्या 4418 1645 2988. 2. श्रीमती पवी गुप्ता दुग्गल, आयु लगभग 42 वर्ष, पुत्री स्वर्गीय श्री सुशील कुमार गुप्ता, पत्नी श्री मनप्रीत सिंह दुग्गल, निवासी केसी-109, कविनगर, गाजियाबाद वर्तमान निवास प्लैट 1103, 11 वीं मंजिल कनुबर्ड-4, एलबीएस मार्ग, घाटकोपर पश्चिम मुंबई-400086, आधार संख्या 5154 0866 0760. (श्री मनप्रीत सिंह दुग्गल, उनके पति द्वारा प्रति. निधित्व, मुख्तारनामा दिनांक 17.01. 2026 के अधिकार से)

.....प्रार्थी/वादी

**बनाम**

1. श्री सक्षम गोयल, आयु लगभग 34 वर्ष, पुत्र स्वर्गीय श्री सुशील कुमार गुप्ता, निवासी केसी-109, कविनगर, गाजियाबाद, वर्तमान में कनाडा में निवासरत। 2. श्रीमती संगीता गुप्ता, आयु लगभग 68 वर्ष, पत्नी स्वर्गीय श्री सुशील कुमार गुप्ता, निवासी 163/9, सिविल लाइन्स, बैजल कम्पाउण्ड, मेरठ, उत्तर प्रदेश 250001, वर्तमान निवासः केसी-109, कविनगर, गाजियाबाद। 3. भारतीय जीवन बीमा निगम, मेरठ शाखा III, 270 प्रभात नगर, मेरठ, उत्तर प्रदेश। 4. पंजाब नैशनल बैंक, शाखा केएल-44, कविनगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001, आईएफएससी कोड PUNB0394700. 5. ओरिएंटल बैंक आफ कॉमर्स (अब पंजाब नैशनल बैंक), शाखा एसकेकेबी चौरिटेबल ट्रस्ट, दिल्ली हरिद्वार बाईपास रोड, मेरठ, उत्तर प्रदेश, आईएफएससी कोड: ORBC0105228.

.... प्रतिवादीगण/विपक्षीगण

**इश्तहार प्रार्थना पत्र वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र**

श्रीमान जी, श्री डॉ प्रबुद्ध गोयल आदि, ने वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बाबत धनरा. शि रूपया अंकन लगभग 15,00,000/- रूपये स्व० सुशील कुमार गुप्ता के अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम प्रस्तुत किया वास्ते सुनवाई हेतु दिनांक 11.03.2026 नियत की जाती है। अत: यह इश्तहार जारी किया जाता है कि यदि किसी को कोई एतराज करना हो तो नियत तिथि को प्रात: 10 बजे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर एतराज प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा इसके बाद किसी को नहीं सुना जाएगा तथा मुनासिब आदेश पारित कर दिया जाएगा। आज दिनांक 20.01.2026 को न्यायालय के आदेशानुसार जारी किया गया।

मृतक द्वारा छोड़ी गयी धनराशि का विवरण।

लगभग 15,00,000/-रूपये

**आदेशानुसार**
**(तरूण कुमार)**
**मुंसरिम**
**सिविल जज (सी0डि0) गाजियाबाद।**

# पिंक शौचालय में व्यवस्थाएं ठीक मिली

**नोएडा।** शहर में महिलाओं के लिए करीब पांच साल पहले बनाए गए पिंक शौचालय की शनिवार को स्थिति देखी गई। अधिकांश शौचालय ठीक स्थिति में मिले। नोएडा में कुल 314 पिंक शौचालय बने हुए हैं। इनमें 16 पिंक शौचालय हैं जो खासतौर से महिलाओं के लिए बनाए गए हैं। इनमें सेनेटरी पैड की भी व्यवस्था है। ये मॉल, स्कूल, बाजार के आसपास बनाए गए थे। इन शौचालयों को प्राधिकरण की तत्कालीन सीईओ रितु माहेश्वरी ने बनवाया था। रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर शनिवार को पिंक शौचालयों का हाल देखा गया। सेक्टर-30 डीपीएस स्कूल के पास बने पिंक शौचालय पूरी तरह साफ नजर आया। यहां पर महिलाएं इसका प्रयोग कर आ-जा रही थीं। सेक्टर-38ए जीआईपी मॉल के सामने बने पिंक शौचालय में भी साफ-सफाई बेहतर मिली।

# ईएमआई न देने पर बेटे ने पिता को मारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में एक बेटे ने अपने पिता की हत्या कर दी। शव 1 मार्च को थाना एक्सप्रेस वे क्षेत्र में मिला था। पहचान राकेश निवासी यमुना डूब क्षेत्र हुई थी। राकेश के सिर पर गहरे जख्म थे। उन्हें ट्रैक्टर को जोड़ने वाली पतली रॉड मारी गई थी। पुलिस ने आरोपी बेटे सतेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया गया। साथ ही रॉड बरामद की गई।

एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि राकेश ने अपने बेटे सतेंद्र को एक कार ईएमआई पर खरीदकर दी थी। जिसकी ईएमआई सतेंद्र कार चलाकर उतार रहा था। 28 फरवरी को किस्त की रकम जानी थी। राक.ेश ने सतेंद्र ने किस्त का पैसा मांगा। जिसको राकेश और बेटे सतेंद्र के बीच झगड़ा हो गया। उसी में पास में रखी ट्रैक्टर को जोड़ने वाली पतली पिन रॉड से सतेंद्र ने पिता राकेश पर हमला कर दिया। सिर पर वार होने से ब्लड ज्यादा निकल गया। जिससे राकेश की मौत हो गई। सतेंद्र वहां से भाग गया। पुलिस को जानकारी मिली।

मृतक के पिता गिन्दर निवासी ने मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने टीम गठित की। आरोपी सतेंद्र को छपरौली लेबर चौक सेक्टर 168 से गिरफ्तार किया। उसके पास से हत्या में शामिल रॉड और खून से भरे कपड़े बरामद किए गए।

# एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने पौधारोपण कर किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की पहल पर पीएनबी हाउ. सिंग फाइनेंस और कैच फाउंडेशन की तरफ से सीएसआर फंड के जरिए रायपुर बांगर के पास वन क्षेत्र विकसित किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने शनिवार को पौधरोपण कर इसकी शुरुआत की। इस वन क्षेत्र में मियावाकी पद्धति से एक लाख पौधे लगाए जाएंगे। ये सभी देसी पौधे होंगे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण तरफ से रायपुर बांगर में ग्रीन बेल्ट की जमीन उपलब्ध कराई गई है।

प्राधिकरण की वरिष्ठ प्रबंधक उद्यान अजीत भाई पटेल ने बताया कि आसपास औद्योगिक क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए इस ग्रीन बेल्ट को विकसित किया जा रहा है। यह परियोजना कैच वन संरक्षण प्रणाली मियावाकी पद्धति का उपयोग करके तैयार की गई है, जो शहरी परिदृश्यों में उच्च घनत्व वाले देशी वनों के निर्माण के लिए एक संरं. चत दृष्टिकोण है। यह पद्धति मिट्टी के स्वास्थ्य को बहाल करने, विभिन्न स्वदेशी प्रजातियों को निकटता से लगाने और बहुस्तरीय वनस्पति स्थापित करने पर केंद्रित है जो वन विकास को गति देती है। कैच फाउंडेशन तीन वर्षों की अवधि के लिए वृक्षारोपण का रखरखाव और निगरानी करेगा। यह सुनिश्चित करते हुए कि पौधे एक आत्मनिर्भर घने वन पारिस्थितिकी तंत्र में विकसित हों। रखरखाव प्रक्रिया में व्यवस्थित सिंचाई, मिट्टी का पोषण, मल्चिंग, जीवित रहने की निगरानी और आवश्यकतानुसार रिक्त स्थानों को भरना शामिल है। शहरी मियावाकी वन पारंपरिक वृक्षारोपण की तुलना में काफी तेजी से बढ़ते हैं और कुछ ही वर्षों में घने हरे पारिस्थितिकी तंत्र में विकसित हो सकते हैं। ऐसे वन वायु गुणवत्ता में सुधार, जैव विविधता संवर्धन, मृदा स्वास्थ्य बहाली, शहरी गर्मी कम करने और कार्बन पृथक्करण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह पहल तेजी से शहरीकरण वाले क्षेत्रों में जलवायु अनुकूलन और पारिस्थितिक बहाली में कॉरपोरेट सीएसआर कार्यक्रमों की बढ़ती भूमिका को दर्शाती है।

**न्यायालय सिविल जज (जू0 डि0), जनपद-गाजियाबाद**
विविध वाद सं0 112 सन् 2023
(कम्प्यूटर रजि0 सं0- 197 सन् 2023)

प्रवीण शर्मा पुत्र स्व0 श्री महेशचन्द शर्मा उम्र करीब 57 वर्ष निवासी मकान संख्या आर0-89, राजकुंज, राजनगर, तहसील व जिला गाजियाबाद। आधार नं0-2731 4661 5104 ....**प्रार्थी/वादी**

**बनाम**

1-मेसर्स एस0आर0एफ0 द्वारा डायरेक्टर्स मैनेजिंग डायरेक्टर केयर आफ एक्सप्रेस बिल्डिंग 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग नई दिल्ली 110002, 2-पूर्णिमा पुत्री स्व0 श्री महेशचन्द शर्मा, 3-छवि भारद्वाज पत्नी स्व0 श्री प्रदीप कुमार, 4-द्विव्याना भारद्वाज नाबालिग पुत्री स्व0 श्री प्रदीप कुमार निवासीगण मकान संख्या आर0-89, राजकुंज, राजनगर, तहसील व जिला गाजियाबाद। ....**विपक्षी/प्रतिवादी**

**इश्तहार प्रार्थना पत्र वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र**

श्रीमानजी, श्री प्रवीण शर्मा वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बाबत धनराशि करीब 283 शेयर लगभग प्रती शेयर 10/- रुपये स्व0 स्व0 श्री महेशचन्द शर्मा, अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम प्रस्तुत किया कि वास्ते सुनवाई हेतु दिनांक 12-03-2026 नियत की जाती है। अत: यह इश्तहार जारी किया जाता है कि यदि किसी को कोई एतराज करना हो तो नियत तिथि को प्रात: 10 बजे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर एतराज प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा इसके बाद किसी को नहीं सुना जाएगा तथा मुनासिब आदेश पारित कर दिया जाएगा। आज दिनांक 27-02-2026 को न्यायालय के आदेशानुसार जारी किया गया। मृतक द्वारा छोड़ी गयी धनराशि का विवरण। प्रार्थना पत्र 4 ग के अनुसार धनराशि करीब 283 शेयर लगभग प्रती शेयर 10/- रुपये है।

आदेशानुसार
मुंसरिम
सिविल जज (जू0डि0),
गाजियाबाद।

# युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए सांसद-विधायक खेल महोत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** युवाओं में खेल भावना, फिटनेस एवं प्रतिस्पर्धात्मक कौशल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नोएडा में सांसद-विधायक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव का समापन 8 मार्च को होगा। नोएडा के सेक्टर-21 स्थित इंडोर स्टेडियम में दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव एवं विधायक खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन सांसद डा. महेश शर्मा एवं विधायक पंकज सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का संगम देखने को मिला, जिसमें नोएडा क्षेत्र से जूनियर, सब-जूनियर तथा छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

इस अवसर पर सांसद एवं विधायक ने खिलाड़ियों से संवाद किया और उन्हें प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। आज आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में एथलेटिक्स, कबड्डी, वालीबॉल, कुश्ती, जूडो, वेटलिफ्टिंग, फुटबॉल तथा बैडमिंटन के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला।

विधायक पंकज सिंह ने खिलाड़ियों से बातचीत करते हुए उनके खेलों के बारे में जानकारी ली और कहा कि जो बच्चे अपने जिले और विधानसभा स्तर से आगे बढ़ेंगे, वे मंडलीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में भी भाग लेंगे। सांसद डा. महेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में सांसद खेल महोत्सव, फिट इंडिया, खेलो इंडिया तथा फिट यूथ फॉर विकसित भारत जैसे अभियानों के माध्यम से देश की युवा शक्ति खेलों के जरिए भारत के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करेगी।

इस मौके पर नोएडा भाजपा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, कार्यक्रम संयोजक संजय बाली, चंदगीराम यादव, उमेश त्यागी, मनीष शर्मा, डिम्पल आनंद, ओमवीर अवाना, विनोद शर्मा, मुक्तानंद प्रधान, उमेश पहलवान, मनोज चौहान, भूपेश चौ

चौधरी, राजकुमार बंसल, अमित त्यागी, घनश्याम यादव, लोकेश कश्यप, रामनिवास यादव, विपुल शर्मा, राजेश सिंह, प्रमोद बहल, गौतम शर्मा, सत्यनारायण महावर, शशीधर उपाध्याय, मनीष तिवारी, दीनबंधु कुमार कुशवाहा, प्रदीप चौहान, नीरज चौधरी, रामकिशन यादव सहित अन्य मौजूद रहें। जिला युवा कल्याण अधिकारी (गौतमबुद्ध नगर एवं बुलंदशहर) महिपाल सिंह तथा प्रवेज अली, क्रीड़ाधिकारी गौतमबुद्धनगर परवेज अली ने बताया कि सांसद-विधायक खेल महोत्सव का समापन 8 मार्च 2026 को होगा।

# 1521 फ्लैट मालिकों को मिलेगा मालिकाना हक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-137 स्थित पैरामाउंट फ्लोराविले सोसाइटी के 1521 फ्लैटों की रजिस्ट्री का रास्ता साफ हो गया है। सोसाइटी से संबंधित बिल्डर ने नोएडा प्राधिकरण में बकाये के रूप में 80 करोड़ 48 लाख रुपये जमा करा दिए हैं। परियोजना 12.375 एकड़ में है। इस परियोजना में 16 टावर बनाए गए हैं, जिनमें 1521 फ्लैट हैं। परियोजना के 14 टावर को 10 मार्च 2015 को कंपलीशन सर्टिफिकेट मिल चुका था, लेकिन बकाया जमा नहीं करने पर रजिस्ट्री रूकी हुई थी। अब बकाये को लेकर विवाद समाप्त हो चुका है। बकाया मिलने के बाद प्राधिकरण ने बाकी दो टावर का भी कंपलीशनल जारी कर दिया है। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि बिल्डर ने अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों के अंतर्गत लागू पैकेज के तहत बकाया जमा किया है। पैरामाउंट फ्लोराविले परियोजना फिलहाल यूपी रेरा के दायरे में नहीं आती और अब इस पर किसी प्रकार का वित्तीय बकाया भी शेष नहीं है। प्राधिकरण के साथ बकाया राशि को लेकर पहले से चला आ रहा विवाद इलाहाबाद हाईकोर्ट तक पहुंचा था, जो अभी लंबित है।

**खरीदारों को मिलेगा आशियाने का हक:** बिल्डर प्रबंधन का कहना है कि मामला अदालत में विचाराधीन होने के बावजूद कंपनी ने खरीदारों के हित को प्राथमिकता देते हुए बकाया राशि 'अंडर प्रोटेस्ट' जमा कर दी और रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरू कराई, जो अब नियमित रूप से जारी है।

# प्रवासी मेहमानों को मार्च तक ही देखने का मौका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ओखला पक्षी विहार में प्रवासी मेहमानों को देखने का इसी माह तक मौका है। तापमान में वृद्धि के साथ ही प्रवासी पक्षी विदा होने शुरू हो गए हैं। वन विभाग के मुताबिक 31 मार्च तक ज्यादातर पक्षी यहां से चले जाएंगे।ओखला पक्षी विहार में इस बार देश-विदेश के 15500 से अधिक पक्षी पहुंचे। एशियन वॉटर काउंट की रिपोर्ट के अनुसार इनमें 101 प्रजातियों के पक्षी रिकार्ड किए गए। बीते वर्ष 81 प्रजातियों के लगभग 12 हजार पक्षी ओखला पक्षी विहार में पहुंचे थे। फॉरेस्ट रेंजर अमित गुप्ता ने बताया कि लगभग तीन हजार प्रवासी पक्षी विदा हो गए हैं।

धीरे-धीरे अन्य प्रजातियों के प्रवासी पक्षी भी ठंडे इलाकों की ओर रुख कर जाएंगे। यहां पर सिर्फ स्थानीय पक्षी ही रुकेंगे।उन्होंने कहा कि साइबे. रिया और अन्य ठंडे देशों में अत्यधिक ठंड के कारण यह पक्षी भारत का रुख करते हैं। यमुना नदी पर बना ओखला पक्षी विहार उन्हें भोजन और अनुकूल स्थान प्रदान करता है। हर साल नवंबर में देश-विदेश से कई प्रजातियों के पक्षी ओखला पक्षी विहार में आते हैं और मार्च-अप्रैल में तापमान बढ़ने के साथ ही विदा हो जाते हैं।

**इन प्रजातियों के पक्षी इस बार रिकार्ड किए गए:** एशियन वॉटर काउंट की रिपोर्ट के मुताबिक पक्षी विहार में बतख और कूट्स, गल्स, नदी टिटहरी, नॉर्दन शेवलर, गडवाल, ग्रीन विंग्ड टील, नॉर्दन पिंटेल और कॉमन पोचार्ड, बार्न स्वैलो या अबाबील समेत 101 प्रजातियों के पक्षी पहुंचे थे।

# हवा की गति कम होने से दोगुना हुआ प्रदूषण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** हवा की गति कम होने से नोएडा और ग्रेटर नोएडा का प्रदूषण दो दिनों में लगभग दोगुना गया। इस महीने के पहले हफ्ते में शनिवार को सबसे अधिक प्रदूषण दर्ज किया गया। गुरुवार को दोनों शहरों का एक्यूआई 150 के करीब था। वहीं, शनिवार को यह 250 से अधिक दर्ज किया गया। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में दो दिन पहले के मुकाबले हवा की गति आधी से भी कम हो गई। पांच मार्च तक हवा की गति औसतन 15 किलोमीटर प्रतिघंटे की थी, जो अब छह किलोमीटर घंटे प्रति रह गई है। हवा की गति कम होना प्रदूषण बढ़ने का अहम कारण माना जा रहा है।

नोएडा का एक्यूआई शनिवार को 272 और ग्रेटर नोएडा का 265 दर्ज किया गया। दो दिन पहले नोएडा का एक्यूआई 137 और ग्रेनो का 152 था। नोएडा के एक्यूआई में 135 अंक और ग्रेटर नोएडा के एक्यूआई में 113 अंक की बढ़ोतरी हुई। ग्रेटर नोएडा में इस महीने अब तक सात दिनों में पांच दिन हवा खराब श्रेणी में रही। वहीं, दो दिन मध्यम श्रेणी में दर्ज की गई। नोएडा में भी प्रदूषण की स्थिति इसी तरह की रही। प्रदूषण बढ़ने के साथ ही तापमान में भी बढ़ोतरी हो रही है।

नोएडा और ग्रेटर नोएडा का अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अगले छह दिनों में गर्मी और बढ़ेगी। न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। वहीं, अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुं. चने की संभावना है।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# जनहित से जुड़े सभी कार्यों को पूरी जिम्मेदारी से करें पूर्ण:सांसद

## सांसद की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति दिशा की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद के समग्र विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा विकास कार्यों की गुणवत्ता और गति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद डा. राजकुमार सागवान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ निगरानी समिति के सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया गया जिसमें टीबी मरीजों को पोषण पोटली एवं विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को टूलकिट देकर सांसद ने आगे बढ़ने का संबल दिया।



बैठक के दौरान केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि जनहित से जुड़े सभी कार्यों को पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए, ताकि आम नागरिकों को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके। सांसद ने विशेष रूप से जनपद की रैंक को बेहतर बनाने हेतु समन्वित प्रयासों पर जोर दिया। वहीं पूर्व में आयोजित दिशा बैठक की अनुपालन आख्या के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि सरकार द्वारा स्वास्थ्य, कृषि, कौशल विकास, स्वच्छता, जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सुरक्षा और ग्रामीण विकास जैसे अनेक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। इसलिए सभी अधिकारी अपने विभाग की योजनाओं का गहन अध्ययन करें और फील्ड में जाकर उनके प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि केवल कागजी प्रगति पर्याप्त नहीं है, बल्कि योजनाओं का वास्तविक लाभ जरूरतमंद नागरिकों तक पहुंचना चाहिए। सांसद ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से गांवों और शहरी क्षेत्रों का दौरा करें और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि गांव स्तर पर कैंप लगाकर योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाए तथा पात्र व्यक्तियों का पंजीकरण कराया जाए। ग्राम पंचायत सचिव, पंचायत सहायक तथा जनप्रतिनिधियों को भी इन अभियानों में सक्रिय रूप से शामिल किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। निर्देश दिए कि गांवों में सड़कों पर पानी न भरा हो। स्वच्छता का स्तर सुधारने के निर्देश दिए। समिति के सदस्य ने सुझाव दिया कि गांव में स्ट्रीट लाइट लगवाई जाए। पशुपालन की मोबाइल वैन यदि गांव में भेजी जा रही है तो उसका प्रचार प्रसार कराए। बैठक में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा करते हुए सांसद ने कहा कि वृद्धावस्था, दिव्यांग और विधवा पेंशन जैसी योजनाएं समाज के कमजोर वर्गों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। बैठक में जिलाधिकारी अस्मिता लाल, मुख्य विकास अधिकारी बृजेंद्र शुक्ल, अपर जिलाधिकारी विनीत कुमार उपाध्याय सहित आदि उपस्थित रहे।

## सभी पात्र लाभार्थियों को समय पर पेंशन मिले, किसी प्रकार की न उठानी पड़े परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी पात्र लाभार्थियों को समय पर पेंशन मिले और उन्हें इसके लिए किसी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े। उन्होंने निर्देश दिए कि दिव्यांग व्यक्तियों के लिए विशेष कैंप आयोजित कर उनके दिव्यांग प्रमाण पत्र और कार्ड बनाए जाएं, ताकि वे सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। वहीं जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सभी तहसील दिवस एवं जनपद के मेगा इवेंट में योजनाओं से जुड़े कैंप लगाए जाने की पहल को सराहा। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) के अंतर्गत अधिक से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को इस योजना से जोड़ने के लिए ग्राम स्तर पर कैंप लगाए जाएं और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जाए। इसके साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार की सुविधाओं को बेहतर बनाने और मरीजों को अनावश्यक रूप से रेफर करने की प्रवृत्ति को समाप्त करने पर भी जोर दिया गया। गोल्डन कार्ड बनाए जाने में बागपत को प्रदेश में प्रथम स्थान मिलने पर प्रशंसा की एवं इसी मॉडल पर सभी योजनाओं में प्रगति पर जोर दिया। पोर्टेबल एक्सरे मशीन सुविधा को गांव गांव पहुंचाने के निर्देश दिए ताकि सभी ग्रामीणों को लाभ मिले। जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान सांसद ने कहा कि हर घर नल से जल सरकार की महत्वपूर्ण योजना है और इसका क्रियान्वयन पूरी गुणवत्ता और मानकों के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन गांवों में पाइपलाइन बिछाने के कारण सड़कों को नुकसान पहुंचा है, उन्हें तुरंत ठीक कराया जाए। पाइपलाइन और पेयजल आपूर्ति की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित एजेंसी या ठेकेदार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। कृषि क्षेत्र से संबंधित योजनाओं की समीक्षा करते हुए सांसद ने कहा कि किसानों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ मिलना चाहिए।

## पूर्वी यमुना नहर पर बने पुराने पुल को तोड़कर शुरू हो गई प्रक्रिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के छपरौली मार्ग स्थित पूर्वी यमुना नहर पर बने पुराने पुल को जल्द तोड़ने का काम शुरू होने की उम्मीद है। इसके तोड़ने से पहले बराबर में अस्थायी पुल बना दिया गया है, जिससे हल्के वाहन गुजर सकते हैं। मार्ग से बसों का संचालन भी बंद हो सकता है, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। पूर्वी यमुना नहर पर बने पुल की चौड़ाई कम होने के कारण जाम की समस्या रहती है। इससे वाहन चालकों को जाम में फंसने पर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जाम की समस्या को कम करने के लिए पुराने पुल को तोड़कर इसकी जगह चौड़ाई के साथ नये पुल का निर्माण किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के अनुसार पुल को तोड़ने का काम जल्द शुरू किया जा सकता है। नया पुल बनने में करीब चार से पांच माह का समय लगने की उम्मीद है। इससे पहले कोताना मार्ग पर बने पुल को तोड़कर नया पुल बना दिया गया है, जिससे वाहनों का संचालन शुरू हो गया है। पुल का निर्माण शुरू होने पर छपरौली मार्ग से जुड़े मलकपुर, लोयन, सिनौली, नंगला, शेरपुर, लुहारा, चांदनहेड़ी शबगा ककोर बदरखा सहित, छपरौली समेत लगभग 25 गांव के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।



## 9 मार्च को तहसील में होगा सामान्य जाति के लोगों का धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में 9 मार्च को सामान्य जाति के लोगों का यूजीसी के विरोध में धरना प्रदर्शन भारी संख्या मे होगा। धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में भी तैयारी हो चुकी है जिसके लिए वरिष्ठ समाजसेवी दीपक शर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में भी जगह-जगह नुक्कड़ सभाओं का दौर जारी है।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शनिवार को सादिकपुर सिनोली ब्राह्मण पुट्टी गांव में यूजीसी एक्ट के खिलाफ सामान्य जाति के संघर्ष समिति द्वारा बैठक बुलाई गई जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने वरिष्ठ समाजसेवी दीपक शर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में 9 मार्च को होने वाले धरना प्रदर्शन में भारी संख्या में पहुंचने के आहावान किया गया। इस मौके पर बैठक में कृष्ण दत्त शर्मा प्रधान समाजसेवी विनीत शर्मा त्रिलोकी नाथ शर्मा ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ नेता दिनेश शर्मा श्याम दत्त शर्मा रविंद्र शर्मा मांगेराम शर्मा के अलावा काफी संख्या में लोगों ने 9 मार्च को होने वाले तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए हुंकार भरी वरिष्ठ समाजसेवी दीपक शर्मा एडवोकेट ने बताया कि 9 मार्च को तहसील परिसर में सामान्य जाति के लोगों का भारी जलसैलाब उमड़ेगा।



## एक नजर

### समिति के सदस्यों ने उठाई नहरों की सपफाई और उनमें पानी की उपलब्धता की समस्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** तालाबों के संरक्षण के लिए जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए तथा जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। बैठक में सिंचाई विभाग की कार्यप्रणाली पर भी चर्चा हुई। समिति के सदस्यों ने नहरों की सफाई और उनमें पानी की उपलब्धता की समस्या उठाई। इस पर सांसद ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि नहरों को उनके पुराने स्वरूप में लाया जाए और उनकी नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सिंचाई कार्यों के लिए जो भी धनराशि प्राप्त होती है, उसका उपयोग उसी मद में पारदर्शिता के साथ किया जाए। कार्यों की स्पष्ट कार्ययोजना तैयार कर जिलाधिकारी की अनुमति के बाद ही उन्हें क्रियान्वित किया जाए। ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण के संदर्भ में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों की गतिविधियों की भी समीक्षा की गई। सांसद ने कहा कि स्वयं सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इसलिए उन्हें और अधिक सक्रिय बनाया जाए तथा उन्हें विभिन्न योजनाओं से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त किया जाए। लखपति दीदी जैसी पहल को भी व्यापक स्तर पर लागू करने पर जोर दिया गया।

### सभी सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरे किए जाए:सांसद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और अन्य सड़क परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि सभी सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरे किए जाएं। जहां भी सड़कें क्षतिग्रस्त हैं, उन्हें शीघ्र ठीक कराया जाए। राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े कार्यों में भी गति लाने के निर्देश दिए गए तथा सड़क सुरक्षा से संबंधित उपायों को सख्ती से लागू करने पर बल दिया गया। खेकड़ा शहर में जाम की समस्या न रहे इसके लिए विशेष रूप से निर्देशित किया कि बाईपास की व्यवस्था के लिए भूमि का चिन्हांकन कर प्रस्ताव उपलब्ध कराए ताकि स्कूलों की छुट्टी के समय जाम न लगे और गांवों के बीच कनेक्टिविटी बेहतर हो। निर्देश दिए कि नगर पालिका एवं नगर पंचायत 15वें वित्त के प्रस्तावों पर कार्य कराए। विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि शिफ्टिंग संबंधी सभी कार्य समय से पूर्ण करे। शहरी और ग्रामीण आवास योजनाओं की समीक्षा के दौरान सांसद ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना और अन्य आवास योजनाओं का लाभ केवल पात्र व्यक्तियों को ही मिले। यदि किसी आवास में अनधिकृत रूप से कोई अन्य व्यक्ति रह रहा है, तो उसे तत्काल खाली कराया जाए। खाली पड़े आवासों की सूची तैयार कर पात्र लाभार्थियों को आवंटित करने की प्रक्रिया तेज की जाए। ग्राम्य विकास विभाग को 19 लाभार्थियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ जिसके सापेक्ष 18 ने आवास पूर्ण कर लिया गया है। बैठक में कौशल विकास और रोजगार से संबंधित योजनाओं पर भी चर्चा हुई। सांसद ने कहा कि युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं।

### प्रत्येक गांव में होना चाहिए पुस्तकालय और खेल का मैदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना और अन्य योजनाओं के माध्यम से युवाओं को नई संभावनाओं से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि जनपद के युवाओं को तकनीकी और व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाए। युवा विकास एवं खेलों के संदर्भ में सांसद ने कहा कि प्रत्येक गांव में पुस्तकालय और खेल का मैदान होना चाहिए। इससे युवाओं में शिक्षा और खेल दोनों के प्रति रुचि बढ़ेगी। इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश दिए। वहीं सांसद डा.राजकुमार सांगवान ने बच्चों के मिड डे मिल को लेकर सख्त निर्देश दिए कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण आहार मिले और इसकी समय समय पर जांच की जाए। इस संबंध में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी एवं शिकायत मिलने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। बैठक में अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि सभी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग तक उनकी जानकारी पहुंचे। इसके लिए डिजिटल माध्यमों, जनसभाओं और ग्राम स्तर के अभियानों का उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी विभाग को संसाधनों या बजट की आवश्यकता है, तो समय पर शासन को पत्राचार कर समाधान सुनिश्चित किया जाए। सांसद ने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। जिन अधिकारियों की कार्यशैली संतोषजनक नहीं होगी या जिनकी वजह से योजनाओं की प्रगति प्रभावित होगी, उनसे जवाब तलब किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों से टीम भावना के साथ कार्य करने और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आहवान किया।

### संपूर्ण समाधान दिवस में 34 शिकायत प्राप्त, केवल चार का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों ने जनता की शिकायत सुनी जिसमें 34 शिकायत प्राप्त हुई चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। बाकी शिकायत जांच के लिए रखी गई जिनका निस्तारण जांच के उपरांत किया जाएगा। समाधान दिवस पर मुख्य रूप से एसडीएम शिवनारायण शर्मा ने चारों शिकायतों का निस्तारण किया। इस मौके पर अधिकतर शिकायत खेत की डोलबंदी विद्युत विभाग सिंचाई विभाग से संबंधित आई संपूर्ण समाधान दिवस में सभी विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने कैंप लगाकर लोगों की शिकायत रजिस्टर्ड में दर्ज की इस अवसर पर तहसीलदार श्रेताब सिंह नायब तहसीलदार अतुल रघुवंशी कानूनगो लेखपाल सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक सीएचसी प्रभारी के अलावा सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## पार्टी कार्यालय पर सपाईयों की मासिक बैठक आयोजित, दिए आवश्यक निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सपा पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एक मासिक बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता रविंद्र देव यादव ने की और संचालन राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी राहुल यादव ने किया।

इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने कहा कि सभी बीएलए और सपा संगठन पदाधिकारीयों को आवंटित बूथों पर नई वोट बनवाने के लिए फॉर्म 6 को भरवा कर जमा कारने, साथ ही साथ जिन लोगों को एसआईआर अभियान के बाद नोटिस प्राप्त हुए हैं उनके नोटिस के निष्पादन में उनकी मदद करें और प्रत्येक मतदाता निर्वाचन सूची में सम्मिलित रहे। इसके लिए पूरे मनोयोग से कार्य करें ताकि भाजपा द्वारा सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करते हुए विपक्षी दलों के समर्थकों और उनके प्रभाव वाले मतदाताओं का नाम हटाने के प्रयास को असफल किया जा सके और 2027 में संपन्न होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित हो सके। बैठक में सपा प्रदेश सचिव संजीव त्यागी, पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान, जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह गुर्जर, शौकेन्द्र तोमर, सरेन्द्र पंवार, सलीम, मोमिना, रामफल, मगन कश्यप आदि मौजूद रहे।



## तालाबों से अवैध कब्जे हटवाकर उन्हें मॉडल रूप में किया जाए विकसित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जैसी योजनाएं किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे किसानों के बीच जाकर योजनाओं की जानकारी दें और उन्हें आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करें। गन्ना भुगतान समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अंश निर्धारण से जुड़े कार्य समयसीमा के अंतर्गत पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के विस्तार पर भी जोर दिया और कहा कि एफपीओ के माध्यम से किसानों को बाजार से बेहतर मूल्य और नई संभावनाएं मिल सकती हैं। इसके लिए सक्रिय एफपीओ की संख्या बढ़ाई जाए और किसानों को संगठित कर उन्हें योजनाओं से जोड़ा जाए। इसके साथ ही उद्यान विभाग को माइक्रो इरिगेशन और आधुनिक खेती के मॉडल केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए गए, ताकि किसान उन्हें देखकर नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित हों। जल संरक्षण और भूजल स्तर को सुधारने के लिए अटल भूजल योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई। सांसद ने कहा कि गांवों के तालाबों को पुनर्जीवित किया जाए और उन्हें स्वच्छ, निर्मल तथा आकर्षक बनाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि तालाबों से अवैध कब्जे हटाए जाएं और उन्हें मॉडल रूप में विकसित किया जाए।

## बिल्लू प्रधान ने छात्र-छात्राओं को मैडल व ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवारक को सन्त मेरी जूनियर हाई स्कूल बाग्घू-संतोषपुर में एक खेल प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान व एन फादर जार्ज राहुल रही।

कार्यक्रम के दौरान प्रबन्धक ने मुख्य अतिथि को शॉल व स्मृति चिहन देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित सपा पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान ने विभिन्न खेलकुद प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मैडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचायो सिस्टर एसी रोज ने संबोधित करते हुए सभी का आभार प्रकट किया। विद्यालय के प्रबन्धक जार्ज राहुल ने अगामी सत्र 2026-2027 से अंग्रेजी माध्यम से कशाएं संचालित करने की घोषणा की। कार्यक्रम में विद्यालय का स्टॉफ, छात्र-छात्राएं आदि मौजूद रहे।

## नहर की पटरी टूटने से गैंहू की फसल जलमग्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** पूर्वी यमुना नहर की पटरी टूटने से सैकड़ो बीघा फसल जलमग्न हो गयी जिससे किसानों की फसल को नुकसान पहुंचा है।
पूर्वी यमुना नहर पर मरम्मत कार्य के बाद नहर में किसानों की मांग के बाद पानी छोड़ा गया जिसमें रटौल में उस्मान के खेत के पास पटरी टूट गयी जिससे खेतो में पानी भरना शुरु हो गया। अधिकांश खेतो में गैंहू की फसल खड़ी है,जिसमे पानी भरने से फसल को नुकसान पहुंचा जब यह खबर किसान पप्पू, उस्मान, हबीब, आदि को पता चली तो सुबह ही किसान फावले लेकर वहा पहुंचे और पटरी को ठीक किया, जिसके बाद खेतो में पानी जाने खत्म हुआ लेकिन जब तक सैकड़ो बीघा फसल जलमग्न हो गयी किसान, टप्पल और हबीब नें बताया की किसानों के गैंहू की फसल में पानी भरने से नुकसान हुआ है।



## पुलिस ने किया सपा नेता सफीक सलमानी को गिरफ्तार, पांच बेटों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सपा नेता सफीक सलमानी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके और उनके पांच बेटों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

यह मामला शुक्रवार शाम का है। मस्जिद में नमाज पढ़ने जाते समय सफीक सलमानी और तमीम अख्तर के परिवारों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद मारपीट हो गई। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया था, जिसमें दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे पर हमला करते दिख रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। इसके बाद तमीम अख्तर के बेटे वासिल की तहरीर पर पुलिस ने सफीक सलमानी और उनके बेटों कामिल, आदिल, राहिल, मुजम्मिल, मुदससर के खिलाफ जानलेवा हमले की धाराओं में मामला दर्ज किया। पुलिस ने सफीक सलमानी को गिरफ्तार कर लिया है और उनके बेटों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सपा नेता स्फीक सलमानी पार्टी के कद्दावर नेता माने जाते हैं और पूर्व में प्रदेश सचिव भी रह चुके हैं।

## 8 मार्च को रामलीला मैदान दिल्ली में यूजीसी एक्ट के खिलाफ धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में ब्राह्मण समाज देश खाप की मासिक बैठक गुराना रोड स्थित पंडित ओमकार दत्त शर्मा के निवास स्थान पर आयोजित की गई।

पंडित सुभाष शर्मा चौधरी 84 देश खाप ब्राह्मण समाज की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभी खाप चौधरी, थंबा चौधरियों ने निर्णय लिया कि 8 मार्च 2026 को रामलीला मैदान दिल्ली में यूजीसी एक्ट के खिलाफ धरना प्रदर्शन है जिसमें सभी खाप चौधरी, थांबा चौधरी और ब्राह्मण समाज और स्वर्ण समाज के व्यक्ति क्षेत्र के ज्यादा से ज्यादा संख्या में जाकर धरना प्रदर्शन करेंगे और यूजीसी का विरोध करेंगे और सरकार को यूजीसी एक्ट को खत्म करने की मांग करेंगे और आयोजित विशाल धरना प्रदर्शन में भी सभी खाप चौधरी, थांबा चौधरी गणमान्य व्यक्ति ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर के अपना ज्ञापन सौंपेगे। विद्यालयों में सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों ओर दूसरी जातियों के छात्रों में वाद विवाद उत्पन्न होगे। सभी खाप चौधरीयो ने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद क रते है। उन्होंने इस यूजीसी एक्ट पर रोक लगाई और कहां हम सरकार से निवेदन करते हैं कि इसे जल्द से जल्द पूरी तरह से खत्म कर दिया जाए। बैठक में थंबा चौधरी हरीभजन शर्मा, थंबबा चौधरी ऋषिपाल शर्मा, थंबा चौधरी नितीश भारद्वाज, थंबा चौधरी बिजरोल शिवकुमार शर्मा, थंबा हिलवाडी प्रतिनिधि दीपक शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष राममेहर शर्मा, बीडीसी, राकेश शर्मा, दिल्ली पुलिस दरोगा श्याम बिहारी शर्मा और थंब चौधरी पटी बारू ओमकार शर्मा मोनू शर्मा, थंबा चौधरी त्रिलोकी शर्मा पूर्व प्रधान रजनीस शर्मा देव कुमार शर्मा सुभाष बावली के डी शर्मा योगेश जिंदल बड़ौत व्यापारी संगठन अध्यक्ष सभी ने यूजीसी एक्ट का विरोध किया।



# बहसूमा कस्बे में तालाब की पटरी टूटने से खेतों में भरा पानी, फसल हुई जलमग्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** कस्बे में वार्ड नंबर 7 के मोहल्ला पजहाये वाला में स्थित तालाब की पटरी टूटने से दूषित पानी गलियों व आसपास के खेतों में भर गया। शुक्रवार की रात को तालाब ज्यादा ओवरफ्लो होने से तालाब के किनारे बंधी हुई कच्ची पटरी टूट गई। शनिवार की सुबह जब किसान अपने खेतों में गये तो देखा कि उनके खेतों में इस तरह से पानी भरा हुआ है, जैसे कोई माइनर टूट गई हो।

किसानो ने एसडीएम मवाना से गांव के दूषित पानी की निकासी के लिए तालाब की पटरी को पक्की करवाने के साथ खेतों में भरे पानी से हुए नुकसान का मुआवजा दिया जाये और फसल में भर पानी को निकलवाने की मांग की ताकि किसान अपनी गन्ने को बोने की तैयारी कर सके। नगरवासी किसान सुबोध शर्मा, अनु शर्मा व भूलन सिंह आदि के खेतों में पानी भर गया। उन्होंने बताया कि खेत में उन्होंने दो दिन पहले ही गन्ने की फसल बोई थी जिसमें पानी भर जाने से गन्ने की पैदावार नहीं हो पाएगी। उन्होंने बताया कि गन्ने के खेत की बराबर में ही लगभग आठ बीघा जमीन में गेहूं की फसल खड़ी हुई थी। जिसमें पानी भर जाने से गेहूं की फसल भी पूर्ण रूप से नष्ट हो गई है। उन्होंने बताया



कि तालाब से पानी की निकासी व समाधान के लिए उन्होंने कई बार नगर पंचायत बहसूमा व प्रशासन को प्रार्थना पत्र देकर अवगत करवाया था। लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर चार व सात का अधिकांश गंदा पानी इसी तालाब मे आकर गिरता है। जिस कारण तालाब ओवरफ्लो हो गया और तालाब की पटरी टूट गई। और सारी फसल जल मग्न हो गयी। किसानो ने एसडीएम मवाना संतोष कुमार को लिखित में प्रार्थना पत्र दिया और एसडीएम से मांग की है कि पटरी को पक्की कराई जाये और फसल नुकसान दिया जाए।

# अमेजन. इन पर वापस आ रही है इलेक्ट्रॉनिक्स प्रीमियर लीग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अमेजन इंडिया ने घोषणा की है कि सैमसंग गैलेक्सी एआई से संचालित इलेक्ट्रॉनिक्स प्रीमियर लीग ईपीएल 6 मार्च से शुरू होगी। इस दौरान पावर प्ले डील्स के तहत बेहतरीन ऑफर का चयनित संग्रह पेश किया जाएगा। जिन्हें पूरे आयोजन के दौरान हर दिन अपडेट किया जाएगा। ग्राहकों को उत्पादों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड और ईएमआई ट्रांजैक्शन पर 4,500 रुपये तक का इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट, नो कॉस्ट ईएमआई विकल्प और आकर्षक एक्सचेंज ऑफर का लाभ मिलेगा। इससे नए इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों में अपग्रेड करना पहले से कहीं ज्यादा आसान हो जाएगा। अमेजन इंडिया की डायरेक्टर कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स जेबा खान ने कहा पिछले साल का ईपीएल हमारी उम्मीदों से भी आगे रहा और इस साल हम उस महत्वाकांक्षा को हर स्तर पर और आगे बढ़ा रहे हैं।

# बागपत सांसद को ज्ञापन सौंपकर सनातन प्रदेश बनाने की रखी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जनपदों को मिलाकर सनातन प्रदेश नाम से नया राज्य बनाने की मांग को लेकर भारतीय किसान आंदोलन से जुड़े लोगों ने बागपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. राज. कुमार सांगवान को उनके कैंप कार्यालय पर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मेरठ, हापुड़, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, बागपत, शामली, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर और बिजनौर जनपदों को पुरानी दिल्ली के साथ मिलाकर अलग राज्य बनाने के लिए संसद में प्रस्ताव पारित कराने की मांग की गई। संयोजक कुलदीप त्यागी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की आबादी लगभग 25 करोड़ है, जो कई देशों से भी अधिक है। इतनी बड़ी आबादी होने के कारण प्रशासनिक व्यवस्थाओं में कठिनाई होती है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र से राजधानी लखनऊ की दूरी करीब 600 किलोमीटर और उच्च न्यायालय की दूरी लगभग 700 किलोमीटर है,



जिससे आम लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, न्याय और रोजगार से जुड़ी सुविधाएं पाने में परेशानी होती है। संरक्षक गंगाशरण त्यागी ने कहा कि छोटे राज्यों के गठन से क्षेत्र का संतु. लित विकास संभव है, जो जनहित और देशहित दोनों के लिए जरूरी है। इस दौरान महेंद्र सिंह, मोहन सिंह नेगी, प्रदीप त्यागी, एडवोकेट सुशील गौड़ सहित कई लोग मौजूद रहे।

# वीर माता पन्नाधाय नारी शक्ति गौरव सम्मान-2026 समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को 1857 के क्रान्तिनायक धनसिंह कोतवाल शोध संस्थान मेरठ' द्वारा ब्रह्मा कुमारीज भवन मोहकमपुर में अत्यंत गरिमामय एवं प्रेरणादायक वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित कर नारी शक्ति को प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुनीता बैंसला, पूर्व प्रधान आयकर महानिदेशक, भारत सरकार रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मिथिलेश तोमर, अति विशिष्ट अतिथि डॉक्टर मीनाक्षी सिंह राय योगिनी ब्रह्माकुमारी आशा बहन ब्रह्मकुमारी सुनीता बहन क्षेत्रीय संचालिका सुशील, डाक्टर अनुभूति चौहान, शशि भूषण उपाध्याय रहे तथा संचालन ब्रह्माकुमारी मीनू बहन ने प्रभावशाली ढंग से किया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष तस्वीर सिंह चपराना ने अपने उद्बोधन में कहा कि वीर माता पन्नाधाय का त्याग और बलिदान भारतीय इतिहास में नारी शक्ति का



सर्वोच्च उदाहरण है। आज की महिलाएं भी शिक्षा, समाज सेवा और नेतृत्व के माध्यम से समाज को नई दिशा दे रही हैं। ऐसे सम्मान समारोह समाज में नारी सशक्तिकरण की भावना को मजबूत करते हैं और नई पीढ़ी को प्रेरणा प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान संकल्प वाचन सुगम सिंह धामा द्वारा कराया गया तथा सभी उपस्थित जनों ने ब्रह्माकुमारी बहनों के निर्देशन में ध्यान मेडिटेशन किया, जिससे कार्यक्रम का वातावरण आध्यात्मिक एवं प्रेरणादायक बन गया। इस अवसर पर समाज, शिक्षा, सेवा एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रेरणा दायक योगदान देने वाली 51 महिलाओं को वीर माता पन्नाधाय नारी शक्ति गौरव सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली प्रमुख महिलाओं में ज्योति मोरल, सुनीता खटाना, अंजु कटिहार, सरोज भाटी, रेखा गुर्जर, कैप्टन प्रोफेसर रानी, मीनू कसाना, भावना शर्मा, डॉ. प्रीति सिंह, प्रोफेसर कल्पना चौधरी, बबिता चौधरी गुर्जर, भानुप्रिया, कोमल आर्य, बीना, मधुरी मिश्रा, डॉ. ईशा पटेल, डॉ. शारदा, बरखावत, स्वाती सिंह, डॉ. सूची गुप्ता, पायल जैन आदि मौजूद रहे।

# सरूरपुर पुलिस ने चोरी हुई दो भैंस बरामद कर चार पशु चोर दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** थाना क्षेत्र के पांचली बुजुर्ग गांव से जनवरी माह में चोरी हुई दो भैंसों को पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई के दौरान बरामद कर लिया। इस मामले में पुलिस ने चार शातिर पशु चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है।

जानकारी के अनुसार पांचली बुजुर्ग निवासी उम्मेद पुत्र मुंफेत के घर से 10 जनवरी की रात अज्ञात चोर दो भैंस चोरी कर ले गए थे। घटना के बाद पीड़ित ने थाना सरूरपुर में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। मामला दर्ज होने के बाद से ही पुलिस लगातार चोरों की तलाश में जुटी हुई थी। थाना सरूरपुर पुलिस ने उच्च अधिकारियों के निर्देशन में चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए विशेष टीमों का गठन किया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने, सर्विलांस की मदद लेने और रात्रि गश्त बढ़ाने के साथ-साथ मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया। इसी दौरान थाना सरूरपुर, थाना परतापुर पुलिस और सर्विलांस टीम मेरठ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चार शातिर पशु चोरों को गिरफ्तार कर लिया। थाना परतापुर पुलिस ने गश्त के दौरान मिली सूचना के आधार पर सोफिया स्कूल कट के पास से तीन आरोपियों को पकड़ा। पूछताछ के दौरान उनकी निशानदेही पर उनके एक अन्य साथी इरशाद को भी हिरासत में लिया गया। उसके डेयरी से चोरी की दो भैंसें बरामद कर ली गईं। गिरफ्तार आरो. पियों की पहचान एहसान उर्फ हकला पुत्र रहीस अहमद, साजिद हकला पुत्र नूर मोहम्मद उर्फ मोहम्मद मलिक, इरफान पुत्र शौकत अली और इरशाद पुत्र इब्राहिम के रूप में हुई है। बरामद भैंसों के संबंध में थाना परतापुर, थाना सरूरपुर और थाना कंकरखेड़ा में मुकदमे दर्ज पाए गए हैं। थाना प्रभारी गौरव सिंह ने बताया कि पशु चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। परतापुर पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की गश्त और निगरानी जारी रहेगी।

# अज्ञात युवकों ने कपड़ा व्यापारी पिता-पुत्र के साथ की मारपीट, व्यापारियों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** कस्बे में शनिवार दोपहर को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा एक कपड़ा व्यापारी और उसके पुत्र के साथ गाली गलौज व मारपीट कर मौके से फरार हो गये। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों की जांच में जुट गई है। घटना के बाद कस्बे के व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

बहसूमा व्यापार मंडल के सदस्य दुर्गा क्लॉथ साड़ी भंडार के मालिक विनय अग्रवाल अपने पुत्र विभोर अग्रवाल के साथ शनिवार दोपहर करीब दो बजे प्रतिदिन की भांति अपनी दुकान पर बैठकर व्यापार कर रहे थे। इसी दौरान कुछ युवक कपड़ा लेने के बहाने उनकी दुकान पर पहुंचे और पिता पुत्र के साथ गाली गलौज करने के बाद मारपीट शुरू कर दी। अचानक हुई इस घटना से बाजार में अफरा तफरी का माहौल बन गया। आसपास के व्यापारियों ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह बीच बचाव कर मामला शांत कराया। मौका देख आरोपी युवक मौके से फरार हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने मारपीट में घायल हुए पिता-पुत्र को सीएचसी हस्तिनापुर भिजवाया गया। थाना बहसूमा प्रभारी प्रतिभा सिंह ने बताया कि तहरीर आ गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

## पीड़ित ने दरोगा पर थर्ड डिग्री का लगाया आरोप एसएसपी ने दिए जांच के आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** थाना क्षेत्र के बहरामपुर गांव में अवैध खनन की शिकायत पर हल्का प्रभारी आकाश सूर्यवंशी पर शिकायतकर्ता ने थर्ड डिग्री देने का आरोप लगाकर एसएसपी से शिकायत की है और कार्रवाई की मांग की। वहीं आरोपी दारोगा ने दो पक्षों में झगड़ा पर दूसरे पक्ष पर कार्रवाई का दबाव न मानने पर वीडियो कॉल पर धमकी का आरोप लगाया। एसएसपी अविनाश पांडे ने जांच के आदेश दिए बहरामपुर खास निवासी दीपेश शर्मा पुत्र सतीश ने तहसील समाधान दिवस पर एक लिखित शिकायत में दीपेश शर्मा ने बताया कि 23 फरवरी को शादी के सिलसिले में करीब 9:30 बजे मंडप से जा रहा था रास्ते में उसे मिट्टी से भरे डंपर मिले जिनको चालक तेज गति से लापरवाही से चला रहा था और उनकी मिट्टी डंपर ने साइड नहीं दी जिसमें बड़ी मुश्किल से जान बची इसकी शिकायत थाना पुलिस से की लेकिन वहां के हल्का प्रभारी आक. ाश सूर्यवंशी पुलिस कर्मी राकेश ने उल्टे उसको उठाकर धर्मशाला पहुंचे और उसके साथ मारपीट की और उसके बाद इसे छोड़ दिया तभी दीपेश शर्मा ने फिर से 5 मार्च को शिकायत की तो दरोगा और सिपाही ने पुलिसकर्मी उसे उठाकर थाने ले आए और थर्ड डिग्री दी। आरोपी ने थर्ड डिग्री की शिकायत की है।

# मुनव्वरी बेगम बनीं राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की सदस्य

## भाजपा नेता काजी शादाब ने दी मुबारकबाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मेरठ।** केंद्र सरकार ने मुनववरी बेगम को राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग का सदस्य मनोनीत किया है इसके बाद भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य काजी शादाब ने शनिवार को मुनव्वरी बेगम को राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग भारत सरकार का सदस्य नियुक्त किए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। काजी शादाब ने कहा कि यह नियुक्ति उनके सामाजिक समर्पण, सेवा भावना और समाज के प्रति किए जा रहे निरंतर कार्यों का सम्मान है। हमें पूर्ण विश्वास है कि आप अपने इस महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन करते हुए अल्पसंख्यक समाज के अधिकारों की रक्षा और उनके सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण एवं सराहनीय कार्य करेंगी। इस गौरवपूर्ण अवसर पर मुनव्वरी बेगम को उनके उज्ज्वल एवं सफल कार्य काल के लिए ढेरों शुभकामनाएं दी।

# प्राची पंवार ने बढ़ाया क्षेत्र का गौरव: किशोर वाल्मीकि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** हस्तिनापुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रानी नगला निवासी राक. ेश पंवार की सुपुत्री कु. प्राची पंवार ने देश की प्रतिष्ठ परीक्षा UPSE में 59 रैंक हासिल कर सफलता प्राप्त की। सपा नेता किशोर वाल्मीकि ने आवास पर पहुंच कर प्राची पंवार को प्रतीक चिह्न देकर व मेडल पहनाकर सम्मानित किया। वहीं उनके पिता राजेश पंवार सहित सम्पूर्ण परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित की किशोर वाल्मीकि ने कहा प्राची पंवार ने देश के साथ-साथ हस्तिनापुर विधानसभा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बिटिया की सफलता पर उन्हे गर्व है। प्राची पंवार से प्रेरणा पाकर आने वाले समय में अनेक युवा और बेटिया सफलता प्राप्त करेगी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सपा अजय अधाना, पूर्व जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र गुर्जर, दीपक दिलोर आदि मौजूद रहे।

# रियलमी ने सी 83- 5जी फोन किया लॉन्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय युवाओं के सबसे पसंदीदा स्मार्टफोन ब्रांड रियलमी ने अपनी सी. सीरीज में रियलमी सी 83 5जी का लॉन्च किया। जो लंबी बैटरी लाईफ, अल्ट्रा. स्मूथ विज्युअल और भरोसेमंद 5जी परफॉर्मेंस प्रदान करने के लिए बनाया गया है। यह स्मार्टफोन उन यूजर्स के लिए है, जो एंडयोरेंस के साथ विश्वसनीयता पसंद करते हैं। इसलिए रियलमी सी 83 5जी में सेगमेंट की सबसे शक्तिशाली 7000 एमएमएच बैटरी के साथ 144 हट्र्ज का डिस्प्ले दिया गया है , जो 4 साल तक स्मूथ परफॉर्मेंस प्रदान करेगा। रियलमी सी 83 5जी में अपने सेगमेंट सबसे शक्तिशाली 7000 एम एम एच की टाईटन बैटरी दी गई है।

# सुभारती विवि में पुरातन छात्र समागम कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सुभारती विधि संस्थान, स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि का खूबसूरत सरदार पटेल ऑडिटोरियम सुरमई माहौल एवं पुराने साथियों से एक बार फिर से मिलने की आशा में एकत्र, सत्र 2024-25 के पुरातन विद्यार्थियों से सुसज्जित हुआ। मौका था पुरातन छात्र समागम 2026, इस कार्यक्रम का आयोजन सुभारती विधि महाविद्यालय के पुरातन छात्र समिति के समन्वयक अरशद आलम द्वारा सुभारती विधि संस्थान के निद. ेशक राजेश चंद्र पूर्व न्यायमूर्ति इलाहाबाद, उच्च न्यायालय, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश के निर्देशन तथा प्रो. डॉ. रीना बिश्नोई कार्यक्रम का संचालन करते हुए पुरातन छात्र समिति की समन्वयक अरशद आलम ने संकायाध्यक्ष तथा शिक्षकों का स्वागत पौंधा भेंट करके किया, तदुपरांत समागम कार्यक्रम का शुभारम्भ सुभारती विधि संस्थान के संकायाध्यक्ष प्रो. डॉ. रीना बिश्नोई ने सभी शिक्षकों व पुरातन छात्रों के संग मां सरस्वती के समक्ष पुष्प अर्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

सुभारती विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. डॉ. शल्या राज ने पुरातन छात्रों को आर्शीवाद देते हुए कहा कि एक बार फिर से अपने छात्रों को देखकर खुशी हो रही है। विधि का क्षेत्र बहुत पवित्र है।



इसकी पवित्रता को हमेशा बरकरार रखना और जो भी संस्कार आपने अपने कॉलेज और शिक्षकों से पाए है, उन्हें अपने जीवन में हमेशा साकार करना। पुरातन छात्र समिति के समन्वयक अरशद आलम ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए स्वागत भाषण प्रेषित किया। पुरातन छात्रों में प्रो. डॉ. रीना बिश्नोई, रिया, समीर अनु श्रेष्ठ याशिका प्रियांशी शिवम धैर्य अखिलेश सुचिता हिमांशु, आदि ने अपने अध्ययन समय चाहे वह एक वर्ष हो 2 वर्ष का हो अथवा 5 वर्ष का या फिर सर्वोच्च उपाधि पीएच.डी. के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में प्राप्त अनुभवों को साझा करते हुए इस दिन को यादगार बना दिया तथा अपने शिक्षकों को याद करते हुए कहा कि सुभारती लॉ कॉलेज से प्राप्त किया हुआ ज्ञान और यहां का अनुशासन हमेशा हमारा मार्गदर्शक बना रहेगा। आज के प्रतिस्पर्धी माहौल में यहां से सीखा हुआ ज्ञान हमारा प्रेरणा स्त्रेत है। हम सभी के जीवन में यहां का वातावरण का सकारात्मक प्रभाव हमेशा काम आता है। सुभारती लॉ कॉलेज में शिक्षा के साथ-साथ मिलें संस्कार हमारे जीवन में हमेशा काम आते है विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए जस्टिस राजेश चंद्रा ने कहा की यह समय छात्र जीवन में प्राप्त ज्ञान को देश की भलाई के लिए इस्तेमाल करने का है और जब आप अपने कार्यों से समाज के लिए कुछ महत्वपूर्ण करेंगे तो उससे आपका संस्थान, आपका विश्वविद्यालय, आपका परिवार सभी गौरवान्वित होंगे। उन्होंने सभी पुरातन छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। इस कार्यक्रम की सफलता में दिया, ओम ठाकुर, यश, देवांश, कार्तिक आदि छात्र-छात्राओं का विशिष्ट योगदान रहा। कार्यक्रम में डॉ. सारिका त्यागी, डॉ. प्रेमचंद, डॉ. आफरीन अल्मास, शालिनी गोयल, सोनल जैन, अरशद आलम, पार्थ मल्होत्रा, अनुराग चौधरी, आशुतोष देशवाल एवं हर्षित आदि शिक्षक शिक्षिकाएं तथा पुरातन छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वहीं एक अन्य कार्यक्रम में 'विधिक क्षेत्र में कैरियर निर्माण के आवश्यक पहलू' विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें सुभारती लॉ कॉलेज के निदेशक राजेश चंद्र पूर्व न्यायमूर्ति, इलाहाबाद उच्च न्यायालय, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश के मार्गदर्शन में तथा प्रो. डॉ. रीना बिश्नोई, संकायाध्यक्षा, सुभारती लॉ कॉलेज के संरक्षण में किया गया। सुभारती लॉ कॉलेज की पुरातन छात्र समिति के शिक्षक समन्वयक अरशद आलम पुरातन छात्र- सुभारती लॉ कॉलेज ने मुख्य वक्ता, डॉ. शिवानी शर्मा पुरातन छात्र- सुभारती लॉ कॉलेज वर्तमान में सिविल जज कम ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट, झारखंड का परिचय विद्यार्थियों से करवाया तथा उन्हें संबोधन हेतु आमंत्रित किया। डॉ. शिवानी शर्मा ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों से रूबरू होते हुए कहा कि आप जिस क्षेत्र में हैं वह बहुत ही व्यापक है। आपको अपने सपनों को साकार करने के लिए सतत् प्रयास करना होगा। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि आपको कभी भी अपनी कक्षाएं नहीं छोड़नी चाहिए। नियमित रूप से अपनी कक्षा में उपस्थित रहिए तथा आपके मन में जो भी प्रश्न आपके अध्ययन से संबंधित आते हैं उनको अपने विषय अध्यापक से अवश्य पूछिए। आपके मन की शंकाएं समाप्त हो जाएंगी। जब भी आपको खाली समय मिले उसे व्यर्थ में बर्बाद ना करिए बल्कि उस समय का सदुपयोग आप पुस्तकालय में बैठकर अपनी शंकाओं के समाधान में लगाइए। उन्होंने कहा कि अपने विषय को छोटे-छोटे उप-शीर्षकों में विभाजित कीजिए, तब उन्हें याद कीजिए। साथ ही किसी भी विधि को समझने के लिए आपको उसका बेयर एक्ट भी पढ़ना आना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में अरशद आलम द्वारा मुख्य वक्ता को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. प्रेमच. ंद, डॉ. सारिका त्यागी, डॉ. आफरीन अलमास, शालिनी गोयल सोनल जैन, अनुराग चौधरी, आशुतोष देशवाल, हर्षित, पार्थ मल्होत्रा आदि शिक्षक- शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर...

# तीन दर्जन नारी शक्ति को वेंक्टेश्वरा मातृशक्ति सम्मान देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंक्टेश्वरा संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर वेंक्टेश्वरा मातृशक्ति सम्मान समारोह-2026 का शानदार आयोजन किया गया। इस समारोह में मातृशक्ति के सम्मान में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओ ने काव्य पाठ समेत विभिन्न शानदार प्रस्तुतिया देकर इस कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इसके साथ ही अलग-अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली तीन दर्जन महिलाओं को पटका, पगड़ी एवं स्मृति चिन्ह देकर वेंक्टेश्वरा मातृशक्ति सम्मान समारोह-2026 से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर राजयोग एवं आध्यात्म के क्षेत्र में मातृशक्ति द्वारा नियंत्रित एवं शक्ति विश्व की सबसे बड़ी संस्था ब्रहमकुमारी की तीन दर्जन से अधिक बहनों को भी पटका, पगड़ी एवं तुलसी माला देकर सम्मानित किया गया। वेंक्टेश्वरा संस्थान के डॉ. सी.वी. रमन सभागार में आयोजित वेंक्टेश्वरा मातृशक्ति सम्मान समारोह-2026 का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, विख्यात साहित्यकार एवं कवियत्री व वेंक्टेश्वरा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डॉ. मधु चतुर्वेदी, प्रभारी कुल. पति युवराज सिंह, बी.के. विमल देवी आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। अपने सम्बोधन में वेंक्टेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक राष्ट्रपति पद पर महामहिम द्रापदी मुर्मू एवं उत्तर प्रदेश के राज्यपाल पद पर आनंदी बेन पटेल का आसीन होना इस बात का परिचायक है कि आज भारत में महिलायें शिखर पर स्थापित है। प्रधानमंत्री की बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ-बेटी खिलाओ एवं नारी वंदन जैसी शानदार योजनाओं से देश में मातृशक्ति का सम्मान बढ़ा है। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि सदियो से ही भारत में मातृशक्ति का वंदन होता रहा है एवं मातृशक्ति हमेशा वंदनीय रहेगी। कार्यक्रम में सम्मानित होने वाली शीर्ष महिलाओ में विख्यात साहित्यकार एवं महाकवियत्री डॉ. मधु चतुर्वेदी, ब्रहमकुमारी पश्चिमी यूपी की बी.के. विमल दीदी, बी.के. निर्दोष दीदी, बी.के. रचना दीदी, मानविकी से डॉ. स्नेहलता गोस्वामी, पैरामेडिकल क्षेत्र से डॉ. रीना जोशी एवं दीक्षा, नर्सिंग से डॉ. मंजरी राणा, डॉ. करूणा जोशी, एग्रीकल्चर क्षेत्र से डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. आशिया वाहिद, रिसर्च से डॉ. शिल्पा रैना, प्रबन्धन क्षेत्र में डॉ. अंशु, डॉ. शहजादी खातून, डॉ. श्रद्धा पाण्डेय, इन्दुवाला, अनुषा कर्णवाल, हुमा कौसर, निशा, सुमनदीप कौर, शिवानी, अंजलि ठाकुर, एस.एस. बघेल, डॉ. अरूण कुमार गोस्वामी, डॉ. विकास, डॉ. श्रीराम गुप्ता, शक्ति ध्वज, मेरठ परिसर से डॉ. पंकज कुमार, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।



# 37 शिकायतों में मात्र सात का किया मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने तहसील दिवस में अधिकारियो को प्राप्त शिकायतों का समय सीमा के अंदर गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 37 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से सात का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये गये।

तहसील सदर में आयोजित समाधान दिवस पर डीएम डॉ. वी.के. सिंह ने कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में है। सभी अधिकारी प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें। डीएम ने सभी को आश्वस्त किया कि उनके प्रार्थना पत्रों पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित कराई जायेगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्राप्त शिकायतों में चकरोड पर अवैध कब्जा हटवाने,

**तहसील सदर में डीएम की अध्यक्षता में हुआ समाधान दिवस आयोजित**

भूमि की पैमाईश कराने, पेंशन की मांग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, समाज कल्याण विभाग, विकास विभाग, चकबंदी सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 37 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिनमें से सात का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। डीएम ने कार्यालय तहसील सदर के विभिन्न पटलो, नायब तहसीलदार कोर्ट, आर. के. सैक्शन, संग्रह कार्यालय, राजस्व लिपिक कक्ष, पूर्ति निरीक्षक कक्ष, अभिलेखागार कक्ष आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने पटलो पर जाकर रजिस्टर व पत्रावलियो का अवलोकन किया व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने तहसील परिसर में साफ-सफाई, जनसुविधाएं, राजस्व न्यायालयो में मामलो का निस्तारण के निर्देश दिए।

# टीम इंडिया तीसरी बार जीतना चाहेगी खिताब



● टी-20 विश्व कप 2026 का फाइनल मुकाबला आज अहमदाबाद में होगा, न्यूजीलैंड पहला खिताब जीत रचना चाहेगी इतिहास

**अहमदाबाद, वार्ता।** जब भारत आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप कप 2026 के फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ उतरेगा, तो यह केवल क्रिकेट का एक और मैच नहीं होगा।

मैच में भारत की नजरे जीत पर होगी, वहीं न्यूजीलैंड इतिहास रचना चाहेगा। भारतीय टीम ने इंग्लैंड की क्रिकेट टीम के खिलाफ सेमीफाइनल में केवल जीत ही नहीं हासिल की उन्होंने तूफानी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए सात विकेट पर 253 रन का विशाल स्कोर किया, जिसमें संजू सैमसन ने अपनी जिदगी की सबसे बड़ी पारी खेली केवल 42 गेंदों पर 89 रन, जो जबरदस्त स्ट्रोकप्ले और निडर इरादे से भरे थे। मध्यम क्रम में ईशान किशन, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या और तिलक वर्मा ने दबाव बनाया, जिससे सेमीफाइनल रनों का पहाड़ बन गया।

इंग्लैंड ने जैकब बेथेल के शानदार शतक की मदद से वापसी की, लेकिन भारत ने आखिरी दम तक हिम्मत नहीं हारी और जीत हासिल की। और यही एक चैंपियनशिप की पहचान है। लेकिन अगर भारत तेजी से आया है, तो न्यूजीलैंड ने पहले सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका की क्रिकेट टीम के खिलाफ, ऐसा चेज किया जिसने पूरे टूर्नामेंट में तहलका मचा दिया। स्कोर बोर्ड पर 169 रन थे।

फिन एलन ने गेम को हाइलाइट रील बना दिया। केवल 33 गेंदों पर हैरान कर देने वाले 100 रन प्योर पावर, क्लीन स्ट्राइकिग, निडर क्रिकेट। उनके साथ, टिम सीफर्ट ने 58 रन बनाकर टेम्पो को तेज रखा, जिससे न्यूजीलैंड ने 13वें ओवर में नौ विकेट बाकी रहते हुए जीत हासिल कर ली। भारत की जबरदस्त बैटिंग लाइनअप, जिसकी अगुआई ईशान किशन कर रहे हैं टीम के टॉप स्कोरर 263 रन शुरू में ही अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगे। उनके मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती, जिन्होंने टूर्नामेंट में पहले ही 13 विकेट ले लिए हैं, पूरे अभियान में एक अहम हथियार रहे हैं।

## भारत ने मौजूदा टी-20 विश्व कप में जीते हैं 87 % मैच

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत और न्यूजीलैंड की टीमें टी-20 विश्व कप में खिताब जीतने के करीब पहुंच गई हैं। भारत ने लगातार दूसरी बार और कुल चौथी बार फाइनल में जगह बनाई है, जबकि यह दूसरा मौका है जब कीवी टीम इस टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला खेलेगी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 विश्व कप शुरू होने से ठीक पहले पांच मैचों की टी-20 सीरीज हुई थी।

भारत का प्रदर्शन उस सीरीज में काफी शानदार रहा था और टीम ने कीवियों को 4-1 से मात दी थी। मौजूदा टी-20 विश्व कप में हालांकि उनकी भिड़ंत नहीं हुई थी और अब खिताब के लिए दोनों टीमें एक दूसरे के सामने होंगी। टी-20 विश्व कप 2026 की मेजबानी भारत और श्रीलंका ने की। भारत ने अपने सात मैच घरेलू जमीन पर खेले, जबकि पाकिस्तान के खिलाफ उसका मुकाबला कोलंबो में हुआ। वहीं, न्यूजीलैंड ने पांच मैच में भारत में और तीन मुकाबले श्रीलंका में खेले। दिलचस्प बात यह है कि दोनों टीमें अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी-20 विश्व कप का मैच खेल चुकी हैं। भारत ने मौजूदा टूर्नामेंट में इस मैदान पर अब तक दो मुकाबले खेले। ग्रुप चरण में टीम ने नीदरलैंड को हराया, जबकि सुपर आठ में उसे इसी मैदान पर द.अफ्रीका से हार मिली। न्यूजीलैंड की बात करें तो टीम ने अहमदाबाद में एक मुकाबला खेला। ग्रुप चरण में उसे इस मैदान पर द. अफ्रीका के हाथों सात विकेट से हार मिली थी। दोनों टीमों का टूर्नामेंट में ओवरऑल प्रदर्शन देखें तो न्यूजीलैंड ने आठ में से पांच मैच जीते, दो हारे और एक मैच उसका बारिश में धुला। वहीं, भारत ने आठ में से सात मैच जीते और एक मैच गंवाया। भारत टूर्नामेंट में एकमात्र मुकाबला द. अफ्रीका से अहमदाबाद में ही हारा था। भारत ग्रुप ए में शामिल था और उसने शुरुआती चरण में अमे. रिका, नामीबिया, पाक और नीदरलैंड को हराया। सुपर -8 में भारत को पहले मैच में द. अफ्रीका से मिली हार थी, लेकिन उनसे जिम्बाब्वे और विंडीज को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत ने फिर सेमीफाइनल में इंग्लैंड को रोमांचक मुकाबले में सात रन से हराया और लगातार दूसरी बार खिताबी मुक. ाबले में प्रवेश किया। न्यूजीलैंड की टीम ग्रुप डी में थी। उसने ग्रुप स्टेज में अफगानिस्तान, यूएई और कनाडा को हराया, लेकिन द. अफ्रीका से हार गई। सुपर आठ में टीम का पहला मैच पाकिस्तान से था जो बारिश में धुल गया था। अगले मैच में कीवियों ने श्रीलंका को हराकर सेमीफाइनल के लिए दावा मजबूत किया। सुपर आठ के मैच में कीवियों को इंग्लैंड से हार मिली जिससे उसके अभियान को झटका लगा। उस वद्र टीम बाहर होने के कगार पर पहुंच गई थी। पाक को श्रीलंका को 147 रन तक रोकना था जिससे वह नेट रन रेट के आधार पर न्यूजीलैंड को बाहर कर सके, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया और कीवी टीम सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रही।

● मौजूदा टी-20 विश्व कप में हालांकि उनकी भिड़ंत नहीं हुई थी और अब खिताब के लिए दोनों टीमें एक दूसरे के सामने होंगी

## संक्षिप्त खेल समाचार

### लोरेंजो मुसेट्टी को हराकर मार्टन इंडियन वेल्स के दूसरे दौर में पहुंचे

**इंडियन वेल्स, (कैलिफोर्निया), वार्ता।** हंगरी के पेशेवर टेनिस खिलाड़ी मार्टन फुकसोविक्स ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए इंडियन वेल्स में बीएनपी परिबास ओपन में इटली के लोरेंजो मुसेट्टी को हराकर अपनी दूसरी टॉप पांचवीं जीत हासिल की और लगभग छह साल में उनकी पहली जीत है। फुकसोविक्स ने शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में दुनिया नंबर 5 लो. रेंजो मुसेट्टी को 7-5, 6-1 से हराया। हंगेरियन खिलाड़ी ने शानदार खेल दिखाते हुए इटैलियन खिलाड़ी के खराब प्रदर्शन का फायदा उठाकर टॉप 10 विरोधियों के खिलाफ 4-35 का सुधार किया।

### डालिबोर स्व्रचिना को हराकर जैनिक सिनर इंडियन वेल्स के अगले दौर में

**इंडियन वेल्स, (कैलिफोर्निया), वार्ता।** इटली के स्कोर टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने इंडियन वेल्स ओपन में चेक गणराज्य के डालिबोर स्व्रचिना के खिलाफ शानदार जीत दर्ज करे हुए टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली। जैनिक सिनर ने अपनी पहली इंडियन वेल्स ट्रॉफी की तलाश में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्सिना को 64 मिनट तक चले मुकाबले में 6-1, 6-1 से हराया। 24 साल के सिनर का अगला मुकाबला डेनिस शापा. वालोव से होगा, जिन्हें उन्होंने पिछले साल के यूएस ओपन में चार सेट में हराया था। दोनों प्रोफेशनल मुकाबलों में 1-1 से बराबर हैं, जिसमें शापोवालोव ने 2021 में सिनर को पांच सेट के मुकाबले में हराया था। मैच के बाद सिनर ने कहा कि मुझे लगता है कि मैं मानसिक रूप अच्छा महसूस कर रहा हूं। मैं शांत हूं, मैं रिलैक्स हूं।

## हॉकी विश्व कप में जगह पक्की करने उतरेगी भारतीय टीम



● टूर्नामेंट में आठ टीमें मेजबान भारत इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली उरुग्वे वेल्स और ऑस्ट्रिया प्रतिस्पर्धा करेंगी

**हैदराबाद, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम रविवार से शुरू होने वाले एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप क्वालिफायर 2026 में उरुग्वे के खिलाफ अपने शुरुआती मुकाबले में जीत के साथ एफआईएच हॉकी महिला विश्वकप 2026 में अपनी जगह पक्की करने के लक्ष्य को लेकर उतरेगी। इस टूर्नामेंट में आठ टीमें मेजबान भारत, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया क्वालिफिकेशन चरण में प्रतिस्पर्धा करेंगी। टूर्नामेंट को चार टीमों के दो पूल में बांटा गया है। पूल ए में इंग्लैंड, कोरिया, इटली और ऑस्ट्रिया हैं, जबकि मेजबान भारत, स्कॉटलैंड, उरुग्वे और वेल्स पूल बी में हैं। जिसमें हर पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। दोनों सेमीफाइनल और कांस्य पदक मैच के विजेता वर्ल्ड कप के लिए ऑटोमैटिक क्वालिफिकेशन हासिल करेंगे। इसके अलावा, हैदराबाद में चौथे स्थान पर रहने वाली दुनिया की सबसे ऊंची रैंक वाली टीम को भी टूर्नामेंट में जगह मिलेगी।

टीम हाल ही में नियुक्त मुख्य कोच शोर्ड मारिन के दिशा निर्देश में भी खेलेगी। भारत अभी दुनिया में नौवें स्थान पर है और इंग्लैंड के बाद टूर्नामेंट में दूसरी सबसे ऊंची रैंक वाली टीम है, जो दुनिया भर में सातवें स्थान पर है। एक मजबूत टीम और घर पर खेलने के फायदे के साथ, मेजबान टीम इस मौके का पूरा फायदा उठाने और वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफिकेशन पक्का करने के लिए दृढ़ संकल्पित होगी। भारतीय टीम अपने कैंपेन की शुरुआत 8 मार्च को उरुग्वे के खिलाफ करेगी, इसके बाद 9 मार्च और 11 मार्च को स्कॉटलैंड और वेल्स के खिलाफ मैच खेलेगी।

## इंग्लैंड, द. अफ्रीका व विंडीज टीमें चार्टर विमान से होगी स्वदेश रवाना

**दुबई, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका और वेस्ट इंडीज की टीमें पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध की वजह से हवाई यात्रा में रुकावट के कारण अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा उपलब्ध कराए गए चार्टर विमान से स्वदेश रवाना होगी।

इंग्लैंड, गुरुवार को भारत से अपना दूसरा फाइनल हारने के बाद, शनिवार शाम को मुंबई से रवाना होगा, जबकि वेस्ट इंडीज और दक्षिण अफ्रीका कोलकाता से एक अलग चार्टर फ्लाइट लेंगे। इंग्लैंड की टीम लंदन के लिए सीधे फ्लाइट लेगी। वेस्ट इंडीज, दक्षिण अफ्रीका के साथ पहले जोहान्सबर्ग और फिर एंटीगुआ जाएगी। दोनों टीमें अभी भी इस बात की पुष्टि का इंतजार कर रही हैं कि वे ठीक कब रवाना होंगी, लेकिन माना जा रहा है कि वे रविवार को रवाना होंगे।



● इंग्लैंड की टीम लंदन के लिए सीधे फ्लाइट लेगी, जबकि विंडीज द. अफ्रीका के साथ पहले जोहान्सबर्ग और फिर एंटीगुआ जाएगी

दक्षिण अफ्रीकी टीम के कुछ लोग, टीम मैनेजमेंट केशव महाराज, जेसन स्मिथ और जॉर्ज लिडे के साथ 15 मार्च से शुरू होने वाले सिमित ओवर्स के दौरे के लिए रविवार को न्यूजीलैंड जाएंगे।

दक्षिण अफ्रीका और वेस्ट इंडीज दोनों टीमें 2026 टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद से कोलकाता में हैं। दक्षिण अफ्रीका चार मार्च को पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से हार गया था, वहीं वेस्टइंडीज एक मार्च को आखिरी सुपर आठ गेम में इंडिया से हारने के बाद से कोलकाता में है। शनिवार को, वेस्ट इंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर डे 6 पोस्ट किया था, जिसमें बताया गया था कि वे अपने आखिरी मैच के बाद कितने दिन कोलकाता में फंसे रहे।

## ली शि फेंग को हराकर लक्ष्य सेन ऑल इंग्लैंड सेमीफाइनल में पहुंचे



● यह जीत लक्ष्य सेन के लिए खास तौर पर संतोषजनक थी

**बर्मिंघम, वार्ता।** भारतीय बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन ने क्वार्टर फाइनल में दुनिया के नंबर 6 खिलाड़ी ली शि फेंग को सीधे गेम में हराकर ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिटन चैंपियनशिप 2026 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। 12वीं रैंक वाले भारतीय शटलर ने यूटिलिटा एरिना बर्मिंघम में शुक्रवार को एक घंटे तक चले पुरुष एकल मुकाबले में चीन के ली को 21-13, 21-16 से हराया। यह जीत सेन के लिए खास तौर पर संतोषजनक थी, जिन्हें पिछले साल के टूर्नामेंट के इसी स्टेज में ली शि फेंग ने नॉकआउट कर दिया था।

लक्ष्य ने शुरुआती गेम में दबदबा बनाया और पहले इंटरवल में पांच पॉइंट की बढ़त के साथ एंट्री की। हालांकि ली ने रीस्टार्ट के बाद स्पीड बढ़ाई और अंतर कम करना शुरू कर दिया, लेकिन लक्ष्य ने जोरदार जवाब दिया। 15-13 पर, जब ली वापसी की कोशिश कर रहे थे, तो भारतीय शटलर ने लगातार छह पॉइंट बनाकर पहला गेम आसानी से जीत लिया। दूसरा गेम ज्यादा करीबी रहा, जिसमें मौजूदा एशियन गेम्स चैंपियन ली शि फेंग ने लक्ष्य की कोर्ट पर तेज समझ और टैक्टिकल खेल के सामने हिम्मत दिखाई। लक्ष्य ने गेम के बीच में केवल एक पॉइंट की बढ़त बना ली थी और अपनी बढ़त बनाए रखने के लिए उसे कड़ी मेहनत करनी पड़ी। हालांकि, पहले गेम की तरह ही, 24 साल के खिलाड़ी ने आखिरी समय में अपनी रफ्तार बदली। तीन पॉइंट बनाकर उन्होंने 17-13 की बढ़त बना ली, फिर मैच अपने नाम कर लिया, और 15 मैचों में ली शि फेंग पर अपनी आठवीं जीत दर्ज की। यह बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 1000 टूर्नामेंट में टॉप-10 चीनी खिलाड़ी पर लक्ष्य की दूसरी जीत है।

## एनाबेल का शतक, ऑस्ट्रेलिया को 125 रनों की बढ़त



● ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने कल के तीन विकेट पर 96 रन से आगे खेलना शुरु किया

**पर्थ, वार्ता।** ऐनाबेल सदरलैंड (129) और एलिस पेरी (76) की शानदार पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने एकमात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को भारत के खिलाफ पहली पारी में 323 रन बनाकर 125 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली।

आज यहां ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने कल के तीन विकेट पर 96 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्रा में भारतीय गेंदबाजों को विकेट से अधिक मदद नहीं मिली। 48वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने एलिस पेरी को पगबाधा आउट कर भारत को चौथी सफलता दिलाई। एलिस पेरी ने 116 गेंदों में 10 चौके और एक छक्का लगाते हुए 76 रन बनाए। इसके बाद 63वें ओवर में स्नेह राणा ने बेथ मूनी (19) को आउट किया। अगले ही ओवर में क्रांति गौड़ ने एश्ले गार्डनर (एक) का शिकार कर लिया। 73वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने ऐनाबेल सदरलैंड को आउटकर भारत को सातवीं सफलता दिलाई। ऐनाबेल सदरलैंड ने 171 गेंदों में 17 चौके लगाते हुए 129 रनों की पारी खेली। तालिया मैक्ग्रा (13), अलाना किग (21) रन बनाकर आउट हुई। 91वें ओवर की चौथी गेंद पर सायली सातघरे ने लूसी हैमिल्टन (23) को आउट कर 323 के स्कोर पर ऑस्ट्रेलिया की पारी का अंत किया। ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी के आधार पर 125 रनों की बढ़त हासिल हुई। भारतीय महिला टीम के लिए सायली सातघरे ने चार विकेट लिए। क्रांति गौड़ और दीप्ति शर्मा को दो-दो विकेट मिले। स्नेह राणा और शेफाली वर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। भारतीय टीम ने पहली पारी में 198 रन बनाए थे।

## कुछ दिल तोड़ने में कोई दिक्कत नहीं होगी : मिचेल सैंटनर

● हम इस टूर्नामेंट में काफी कंसिस्टेंट हैं क्योंकि हम कोशिश करते हैं कि स्थिति या बदलाव से घबराएं नहीं : कीवी कप्तान

**अहमदाबाद, वार्ता।** न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर का कहना है कि उनकी टीम को अगर सफेद गेंद विश्व. कप खिताब के लंबे इंतजार को खत्म करना है, तो उन्हें 'कुछ दिल तोड़ने' में कोई दिक्कत नहीं होगी। न्यूजीलैंड इस फाइनल मुकाबले में 'दूसरे नंबर पर रहने वाले अच्छे लोग' होने का टैग हटाने की उम्मीद कर रहा है।

पिछले 11 सालों में, न्यूजीलैंड चार आईसीसी सफेद गेंद विश्वकप के फाइनल में पहुंचे हैं, लेकिन हर बार उपविजेता रहे हैं। 2015 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप, 2019 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप, 2021 आईसीसी पुरुष



टी-20 वर्ल्ड कप और 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में। सैंटनर ने फाइलन मैच की पूर्व संध्या पर शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुझे ट्रॉफी जीतने में कोई दिक्कत नहीं होगी। हम इन टूर्नामेंट्स में काफी कंसिस्टेंट हैं क्योंकि हम कोशिश करते हैं कि स्थिति या बदलाव से घबराएं नहीं।

हम बस मैदान में उतरते हैं और अपना काम करते हैं। इस बार भी कुछ अलग नहीं रहा। सब जानते हैं कि हम फेवरेट नहीं हैं, लेकिन हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। हम जानते हैं कि अगर हम छोटी-छोटी चीजें अच्छे से करते हैं और टीम के तौर पर अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो हम काफी अच्छी पोजीशन में होंगे। मुझे एक बार ट्रॉफी उठाने के लिए कुछ दिल तोड़ने में कोई दिक्कत नहीं होगी। यह खिताबी मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा, जो दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट वेन्यू है, जहां 90 हजार से ज्ड़ादा दर्शकों के आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि मोमेंटम का बहुत बड़ा रोल है। हम पिछले गेम से बहुत कॉन्फ्डिंस ले रहे हैं। भारत भी ऐसा ही करेगा। इंग्लैंड पिछली रात जीत के बहुत करीब था, दक्षिण अफीका ने पूरे समय बहुत अच्छा क्रिकेट खेला और हमारे खिलाफ थोड़ी दिक्कत हुई। हमारे लिए, इससे कॉन्फिडेंस कम हो रहा है।

## वरुण की मिस्ट्री फीकी पड़ी, कुलदीप को मिलेगा मौका

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम ने टी-20 विश्व कप 2026 के फाइनल में जगह बना ली है। रविवार को होने वाले फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया का मुकाबला न्यूजीलैंड से होना है। मैच नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद में खेला जाएगा। खिताबी मुकाबले से पहले भारत के लिए वरुण चक्रवर्ती की फार्म बड़ी समस्या बनकर उभरी है। वरुण चक्रवर्ती को एक 'मिस्ट्री गेंदबाज' के रूप में लोकप्रियता मिली है। उनकी लेग स्पिन को समझ पाना बल्लेबाजों के लिए कड़ी परीक्षा से कम नहीं रहा है। अपनी रहस्यमयी गेंदबाजी के दम पर आईपीएल और फिर पिछले दोसाल में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भी उन्होंने बड़ी सफलता हासिल की है। टी-20 फार्मेट में आईसीसी रैंकिंग में वह पहले स्थान पर हैं। वरुण की वजह से कुलदीप यादव जैसे गेंदबाज को प्लेइंग इलेवन से बाहर रखा जा रहा है, लेकिन टी-20 विश्व कप में वरुण की रहस्यमयी गेंदबाजी का तोड़ संभवत: विपक्षी गेंदबाजों ने ढूंढ लिया है। वरुण ने टी-20 विश्वकप 2026 टूर्नामेंट में अब तक आठ मैचों में 13 विकेट लिए हैं, लेकिन हाल के मैचों में उनकी गेंदबाजी का असर कम होता दिखा है। ग्रुप स्टेज में छोटी टीमों के खिलाफ वरुण चक्रवर्ती असरदार रहे थे और चार मैचों में नौ विकेट निकाले थे, लेकिन सुपर-8 में पहुंचते ही उनका करिश्मा जैसे समाप्त हो गया है। विपक्षी टीम के बल्लेबाज उनकी गेंदों को आसानी से पढ़ पा रहे हैं और बिना किसी परेशानी के उनपर बड़ी हिट लगा रहे हैं। सुपर-8 के तीन मैचों में मंहगे रहते हुए महज तीन विकेट लेने वाले वरुण के लिए इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल तो बेहद निराशा. जनक और भूलने वाला रहा। सेमीफाइनल में दाएं हाथ के इस स्पिनर ने चार ओवर में 64 रन देकर एक विकेट लिया। उनकी असरहीन गेंदबाजी की वजह से भारत का मैच फंस गया था। उसी मैच में जसप्रीत बुमराह ने चार ओवर में 33 रन देकर टीम को संभाला। इससे पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ अहम मुकाबले में वरुण ने चार ओवर में 40 रन खर्च किए थे, जबकि जिम्बाब्वे के खिलाफ भी उन्होंने चार ओवर में 35 रन दिए थे। खैर, भारतीय टीम ने फाइनल में जगह बना ली है। अब देखना होगा कि पिछले चार मैचों में बिल्कुल निष्प्रभावी रहे वरुण को हेड कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव फाइनल की प्लेइंग इलेवन में बनाए रखते हैं या उनकी जगह कुलदीप यादव को मौका देते हैं। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव लगातार वरुण के मिस्ट्री स्पिन पर

● आज अहमदाबाद में होगा टीम इंडिया का न्यूजीलैंड टीम से फाइनल मुकाबला



भरोसा जताते रहे हैं। टीम मैनेजमेंट का मानना है कि उनकी अनोखी गेंदबाजी विपक्षी बल्लेबाजों की लय बिगाड़ सकती है, खासकर न्यूजीलैंड के मिडिल ऑर्डर के खिलाफ। वरुण मिडिल ओवरों में आक्रामक गेंदबाजी करने की भूमिका निभाते हैं और जरूरत पड़ने पर पावरप्ले में भी गेंदबाजी कर सकते हैं। इसके अलावा टीम मैनेजमेंट आमतौर पर जीतती हुई टीम में ज्यादा बदलाव करने से बचता है। कुलदीप यादव को मौका बेशक न मिला हो, लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि वह मौजूदा समय में कलाई के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर हैं। कुलदीप को बड़े मैचों में खेलने का अनुभव है और उन्होंने अपने दम पर भारतीय टीम को जीत भी दिलाई है। इसलिए अगर उन्हें फाइनल में वरुण की जगह मौका मिलता है तो इसमें किसी को कोई हैरानी नहीं होनी चाहिए।



रांची। पश्चिम एशिया संघर्ष से जुड़ी बढ़ती ऊर्जा लागत के मद्देनजर घरेलू एलपीजी व व्यावसायिक सिलेंडरों की कीमतों में 60 रुपये व 114.5 रुपये की भारी वृद्धि के बीच एलपीजी सिलेंडर लेने के लिए कतार में खड़े लोग।

## किसी अन्य देश पर भी हमला कर सकते हैं ट्रम्प: पूर्व डब्ल्यूपीएफ महासचिव

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में ईरान को लेकर बढ़ते तनाव के बीच वर्ल्ड पीस फोरम (डब्ल्यूपीएफ) के पूर्व महासचिव एन श्वेतोंग ने चेतावनी दी है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नीतियों के तहत भविष्य में अन्य देशों के साथ भी संघर्ष की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। श्वेतोंग ने एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि हाल की घटनाएं वैश्विक राजनीति में एक चिंताजनक पैटर्न की ओर संकेत करती हैं। उन्होंने कहा कि ईरान किसी भी संभावित अमेरिकी हमले से बचाव के लिए किसी बाहरी शक्ति पर निर्भर नहीं रह सकता।

# एपस्टीन फाइल: ट्रम्प पर नाबालिग के यौन शोषण का आरोप

## नए दस्तावेज में खुलासा, पहले अधिकारियों ने डुप्लीकेट बताकर रोक दिया था

**वाशिंगटन।** अमेरिका में न्याय विभाग ने कुख्यात यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े नए दस्तावेज जारी किए हैं। एफबीआई को दिए इंटरव्यू में महिला ने दावा किया कि एपस्टीन ने उसकी मुलाकात डोनाल्ड ट्रम्प से कराई थी। ट्रम्प ने उनका यौन शोषण किया। तब वे नाबालिग थीं। ये पेज पहले जारी नहीं किए गए थे। एफबीआई ने महिला के दावों से जुड़े 4 इंटरव्यू किए थे।

शुरुआती रिलीज में सिर्फ एक इंटरव्यू का सार दिखा, जिसमें महिला ने एपस्टीन के खिलाफ आरोप बताए थे। बाकी तीन इंटरव्यू गायब होने पर सवाल उठ रहे थे। अधिकारियों ने अब कहा कि इन्हें गलती से 'डुप्लीकेट' मानकर रोक दिया गया था। बाद में रिव्यू किया तो यह बात गलत निकली। अमेरिका की विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता एपस्टीन से जुड़े डाक्यूमेंट हैंडल करने के तरीके को लेकर ट्रम्प सरकार पर सवाल उठा रही है। उनका आरोप है कि ट्रम्प प्रशासन ने एपस्टीन जांच से जुड़ी ऐसी जानकारियां दबाईं, जो ट्रम्प को नुकसान पहुंचा सकती थीं। हाउस की एक कमेटी ने अटार्नी जनरल पाम बान्डी को



■ ये पेज पहले जारी नहीं किए गए थे, एफबीआई ने महिला के दावों से जुड़े 4 इंटरव्यू किए थे
■ अमेरिका की विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता एपस्टीन से जुड़े डाक्यूमेंट हैंडल करने के तरीके को लेकर ट्रम्प सरकार पर सवाल उठा रही है

नोटिस जारी करने के पक्ष में वोट किया। उन्हें कोर्ट में जवाब देना होगा। ट्रम्प पर आरोप लगाने वाली महिला के 2019 में एफबीआई ने कई इंटरव्यू लिए थे। गुरुवार को जो डाक्यूमेंट जारी हुए हैं, उनमें इन्हीं इंटरव्यू के डिटेल्स शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस इंटरव्यू में उस महिला ने आरोप लगाया कि जब उसकी उम्र 13 से 15 साल के बीच थी, तब एपस्टीन और ट्रम्म ने उसका यौन-शोषण किया था। एक इंटरव्यू में महिला ने कहा कि एपस्टीन उसे न्यूयार्क या न्यूजर्सी ले गया था और वहीं ट्रम्प से मिलवाया था। महिला ने जांचकर्ताओं को बताया कि जब ट्रम्प उस पर सेक्स करने के लिए दबाव डाल रहे थे, तब उसने उन्हें काट भी लिया था। महिला का यह भी दावा है कि पिछले कई सालों में उसे और उसके करीबी लोगों को चुप रहने के लिए धमकी भरे कई फोन काल भी आए थे। महिला का मानना है कि ये काल एपस्टीन से जुड़े लोगों की तरफ से हो सकते थे। एपस्टीन फाइल्स में ट्रम्प का नाम 38 हजार से अधिक बार दर्ज है। रिकार्ड में 1990 के दशक में एपस्टीन के निजी विमान से 7-8 यात्राओं का जिक्र है। ट्रम्प के मार-ए-लागो क्लब की गेस्ट लिस्ट में भी शामिल हैं। जांच में सामने आया कि यौन शोषण का नेटवर्क अमेरिका तक सीमित नहीं था। एपस्टीन ने संगठित ट्रैफिकिंग नेटवर्क बनाया। एपस्टीन फाइल्स में अब तक 15 देशों के रईसों, नेताओं और अंतरराष्ट्रीय हस्तियों के नाम सामने आए हैं। ट्रम्प ने एपस्टीन से जुड़े सभी आरोपों में किसी भी गलत काम से इनकार किया है. पहले न्याय विभाग ने भी कहा था कि जारी किए गए कुछ डाक्यूमेंट में ट्रम्प के खिलाफ 'झूठे और सनसनीखेज दावे' हैं। वहीं विपक्षी डेमोक्रेटिक नेताओं ने ट्रम्प सरकार पर आरोप लगाया है कि उसने एपस्टीन जांच से जुड़ी कुछ ऐसी जानकारियों को छिपाने की कोशिश की, जो ट्रम्प के लिए नुकसानदेह हो सकती थीं।

## संक्षिप्त समाचार

### दुबई में एमिरेट्स एयरलाइंस की सभी उड़ानें निलंबित

दुबई। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में प्रमुख विमानन कंपनी एमिरेट्स ने शनिवार को दुबई से आने और जाने वाली अपनी सभी उड़ानों को अगले आदेश तक निलंबित करने की घोषणा की । एयरलाइन ने यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए यात्रियों को हवाई अड्डे पर न आने की सलाह देते हुए कहा है कि जिन यात्रियों की बुकिग 28 फरवरी से 31 मार्च के बीच है, वे अपनी यात्रा को 30 अप्रैल तक के लिए पुन: बुक कर सकते हैं या रिफंड का अनुरोध कर सकते हैं।

### अमेरिका ने इजरायल को 12000 बम बेचने की मंजूरी दी

वॉशिंगटन। अमेरिका ने इजरायल को 12000 हवाई बमों सहित हथियारों की बिक्री को मंजूरी दे दी है। इस सौदे की कुल अनुमानित कीमत लगभग 15-18 करोड़ डॉलर है। विदेश मंत्रालय के एक बयान में कहा गया कि इजरायल ने 1000 पाउंड क्षमता वाले 12000 बम खरीदने का अनुरोध किया है। विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा है कि यह इन रक्षा सामग्रियों का सौदा अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा हितों के अनुरूप है। इस कारण इस संबंध में बने कानून की एक धारा 36(बी) के तहत आवश्यक कांग्रेस समीक्षा प्रक्रिया को भी दरकिनार किया गया।

### चीन ने पीला सागर में विमान मुठभेड़ पर ऑस्ट्रेलिया के आरोपों को खारिज किया

**बीजिंग।** चीन ने शुक्रवार को पीला सागर के ऊपर विमानों के बीच हुई मुठभेड़ को लेकर ऑस्ट्रेलिया के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। चीन ने ऑस्ट्रेलिया के तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करने पर आपत्ति जताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया है। चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि एक ऑस्ट्रेलियाई युद्धपोत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों को लागू करने के बहाने पीला सागर और पूर्वी चीन सागर में चीन के खिलाफ निकट-सीमा टोह के लिए बार-बार नौसैनिक हेलीकॉप्टर भेजे।

# ईरान के खिलाफ जंग में उतरेगा पाकिस्तान!

## पाक सेना प्रमुख आसिम मुनीर और सऊदी रक्षा मंत्री के बीच हुई बड़ी बैठक के बाद अटकलें जारी

**दुबई/वाशिंगटन।** अमेरिका -इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच सऊदी अरब सीधे निशाने पर है। खाड़ी के इस देश के आयल फील्ड और एयरपोर्ट पर लगातार हमले हो रहे हैं। इसी बीच रियाद में पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और सऊदी रक्षा मंत्री खालिद बिन सलमान की अहम बैठक हुई। बैठक में ईरान के हालिया हमलों और उन्हें रोकने के उपायों पर चर्चा हुई। सऊदी रक्षा मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि बैठक संयुक्त रणनीतिक रक्षा समझौते के तहत हुई और इस दौरान दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता को बनाए रखने पर जोर दिया। हाल के दिनों में ईरान ने सऊदी अरब के शायबा आयल फील्ड को निशाना बनाया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि छह ड्रोन को मार गिराया गया, जबकि दो बैलिस्टिक मिसाइलें प्रिंस सुल्तान एयर बेस के पास नष्ट की गईं। यह क्षेत्र यूएई की सीमा के पास स्थित है और पिछले हमलों के बाद अब ईरान सीधे इसमें शामिल हो रहा है। ईरान और सऊदी अरब के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान की कूटनीतिक भूमिका अहम हो गई है। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने संसद में खुलासा करते हुए कहा कि हाल के दिनों में ईरान द्वारा सऊदी अरब पर हमलों में कमी या प्रतिक्रिया न देने के पीछे पाकिस्तान की कूटनीतिक पहल रही है। यह खुलासा पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक स्थिति को और जटिल बना देता है। इशाक डार ने बताया कि पाकिस्तान का सऊदी अरब के



■ ट्रम्प की हत्या की साजिश करने वाला पाकिस्तानी व्यक्ति दोषी करार, ईरान के कहने पर बनाया था प्लान

साथ एक रणनीतिक रक्षा समझौता है। जब ईरान और सऊदी अरब के बीच तनाव बढ़ा, तो पाकिस्तान ने तत्काल ईरान से संपर्क किया। पाकिस्तान ने ईरान को इस रक्षा समझौते के बारे में आगाह किया और आश्वासन मांगा कि सऊदी अरब की जमीन का इस्तेमाल ईरान के खिलाफ नहीं किया जाएगा। पाकिस्तान ने ईरान को यह आश्वासन भी प्रदान किया। इस कूटनीतिक प्रयास ने तत्काल टकराव को टालने में मदद की। अब तक चल रहे संघर्ष में खाड़ी देशों ने सीधे टकराव से खुद को दूर रखा था और अमेरिका ने भी इन देशों की जमीन का इस्तेमाल अपने हमलों के लिए नहीं किया था। हालांकि, अगर ईरान द्वारा सऊदी अरब पर हमले जारी रहते हैं और सऊदी अरब-पाकिस्तान रक्षा समझौता सक्रिय हो जाता है, तो स्थिति पूरी तरह से बदल सकती है। यदि पाकिस्तान सऊदी अरब की ओर से ईरान के खिलाफ किसी भी सैन्य कार्रवाई में शामिल होता है, तो यह संघर्ष केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा। यह सीधे तौर पर दक्षिण एशिया में भी फैल जाएगा, क्योंकि पाकिस्तान और ईरान के बीच एक लंबी सीमा लगती है। वहीं न्यूयार्क में एक पाकिस्तानी व्यक्ति को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और अन्य नेताओं की हत्या की साजिश रचने का दोषी पाया गया है। इस व्यक्ति के संबंध ईरान से हैं। उसने यह साजिश ईरानी कमांडर कासिम सुलेमानी की मौत का बदला लेने के लिए रची थी। सुलेमानी की मौत साल 2020 में एक अमेरिकी हमले में हुई थी। मामले में 48 साल के आसिफ रजा मर्चेंट को शुक्रवार को ब्रूकलिन की अदालत में दोषी ठहराया गया। एक फेडरल जूरी ने उसे भाड़े पर हत्या करने और आतंकवाद फैलाने की कोशिश का अपराधी माना। मर्चेंट को अब उम्रकैद की सजा हो सकती है। अमेरिकी अटार्नी जनरल पामेला बोंडी ने बताया कि मर्चेंट खास तौर पर ट्रम्प को मारने के इरादे से अमेरिका आया था। अमेरिकी न्याय विभाग के अनुसार, मर्चेंट 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स' (आईआरजीसी) का एक प्रशिक्षित एजेंट था। उसने अदालत में माना कि साल 2024 में आईआरजीसी ने उसे राजनीतिक हत्याओं का इंतजाम करने के लिए अमेरिका भेजा था। उसके निशाने पर ट्रम्प के अलावा पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन और निक्की हेली भी हो सकते थे। मर्चेंट ने स्वीकार किया कि उसका मुख्य लक्ष्य ट्रम्प ही थे। मर्चेंट अप्रैल 2024 में अमेरिका पहुंचा था। जून में वह कुछ लोगों से मिला जिन्हें वह हत्यारा समझ रहा था। असल में वे न्यूयॉर्क पुलिस के अंडरकवर अधिकारी थे। जुलाई 2024 में देश छोड़ने से पहले ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पामेला बोंडी ने कहा कि यह आदमी ट्रम्प को मारने की उम्मीद में आया था, लेकिन उसका सामना अमेरिकी कानून की ताकत से हुआ।

## पाकिस्तान के बलूचिस्तान में सेना की कार्रवाई, 15 ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान प्रांत में दो अलग-अलग अभियानों में 15 विद्रोही को मार गिराया है। सेना की मीडिया विंग (आईएसपीआर) ने शनिवार को यह जानकारी दी। ये ऑपरेशन खुफिया जानकारी मिलने के बाद गुरुवार को किए गए थे। पहला ऑपरेशन हरनाई जिले में हुआ। यहां सेना ने खवारिज के ठिकाने पर हमला किया। भीषण मुठभेड़ के बाद 12 विद्रोही मारे गए। पाकिस्तान सरकार ने साल 2024 में प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को 'फितना अल-खवारिज' नाम दिया है। यह नाम इतिहास के एक हिंसक समूह के संदर्भ में रखा गया है। दूसरा ऑपरेशन बसिमा जिले में चलाया गया। यहां सेना ने आतंकवादियों की मौजूदगी का पता लगाया और उन पर हमला किया। इस जोरदार गोलीबारी में तीन और आतंकवादी ढेर हो गए।

# अमेरिकी-इजरायली हमलों में कम से कम 1332 ईरानी नागरिकों की मौत: ईरान

**संयुक्त राष्ट्र।** ईरान के संयुक्त राष्ट्र में स्थाई प्रतिनिधि अमीर सईद इरावानी ने कहा है कि अमेरिका-इजरायल के हवाई हमलों में अब तक कम से कम 1332 ईरानी नागरिकों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग घायल हुए हैं। इरावानी ने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में ईरानी रेड क्रिसेंट सोसायटी के हवाले से बताया कि मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि देशभर में 180 से अधिक बच्चों की मौत हुई है और 20 से अधिक स्कूलों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका-इजरायल ने ईरान में नागरिकों और नागरिक अवसंरचनाओं को जानबूझकर निशाना बनाया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वे अपने सैन्य अभियानों में किसी भी तरह का संयम नहीं बरत रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईरानी शहरों पर अंधाधुंध हमले किए जा रहे हैं और घनी आबादी वाले रिहायशी क्षेत्रों तथा महत्वपूर्ण नागरिक ढांचे को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। उनके अनुसार इस तरह का युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध की श्रेणी में आता है। इरावानी ने कहा कि अब तक देश में 13

■ देशभर में 180 से अधिक बच्चों की भी मौत हुई है

स्वास्थ्य सुविधाओं पर हमले किए गए हैं। गुरुवार को तेहरान और अन्य शहरों में कुछ खेल और मनोरंजन स्थलों को भी निशाना बनाया गया, जिसमें 18 महिला खिलाड़ियों की मौत हो गई, जबकि लगभग 100 अन्य घायल हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि इन हमलों का उद्देश्य नागरिकों में भय पैदा करना और अधिकतम विनाश करना है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका और इजरायल का यह दावा निराधार है कि उनके हमले केवल सैन्य ठिकानों को निशाना बना रहे हैं। इरावानी ने कहा कि ईरान संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के तहत अपने आत्मरक्षा के अधिकार का प्रयोग करता रहेगा और उसकी सैन्य प्रतिक्रिया 'कानूनी, आवश्यक और अनुपातिक' है तथा केवल हमलावर पक्ष के सैन्य लक्ष्यों को ही निशाना बनाती है। उन्होंने कहा कि ईरान युद्ध नहीं चाहता लेकिन वह अपनी संप्रभुता से समझौता नहीं करेगा और अपने लोगों, क्षेत्रीय अखंडता और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा।

# ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स की अमेरिका को धमकी

**तेहरान।** ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) ने अमेरिकी नौसेना को सीधी चुनौती देते हुए कहा कि वे सामरिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य जलमार्ग से जहाजों को एस्कॉर्ट करने वाले अमेरिकी बलों का 'इंतजार' कर रहे हैं।

आईआरजीसी के प्रवक्ता अली मोहम्मद नैनी ने शनिवार को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि उनका बल अमेरिकी नौसेना की किसी भी उपस्थिति का सामना करने के लिए तैयार है। यह बयान अमेरिकी ऊर्जा सचिव की उस घोषणा के बाद आया है, जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी नौसेना जल्द ही होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों को सुरक्षा घेरा प्रदान करने की तैयारी कर रही है।

■ होर्मुज जलडमरूमध्य जलमार्ग से जहाजों को एस्कॉर्ट करने वाले अमेरिकी बलों का 'इंतजार' कर रहे

फॉर्स समाचार एजेंसी के अनुसार, ईरानी प्रवक्ता नैनी ने अमेरिकियों को कोई भी निर्णय लेने से पहले 1987 की उस घटना की याद दिलाई, जब ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स की बिछाई गई सुरंगों के कारण अमेरिकी सुपरटैंकर 'ब्रिजटन' में आग लग गई थी। ईरान ने स्पष्ट किया है कि वह इस क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रवक्ता ने हाल ही में तेल टैंकरों को निशाना बनाए जाने की घटनाओं का हवाला देते हुए अमेरिका को सावधानी बरतने की सलाह दी है।

# खाड़ी देशों पर हमलों के बीच ईरान ने मांगी माफी

## हमलों के कारण पश्चिमी एशिया का हवाई क्षेत्र प्रभावित हुआ है और दुबई जैसे व्यस्त हवाई अड्डों पर परिचालन बाधित रहा

**दुबई/रियाद।** खाड़ी क्षेत्र में जारी भीषण तनाव के बीच शनिवार को सऊदी अरब, कतर, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर ईरान की ओर से ताजा ड्रोन और मिसाइल हमले किए गए। दूसरी ओर ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने पड़ोसी देशों पर ईरान के हमलों के लिए माफी भी मांगी।

इन हमलों के कारण पश्चिमी एशिया का हवाई क्षेत्र प्रभावित हुआ है और दुबई जैसे व्यस्त हवाई अड्डों पर परिचालन बाधित रहा। दुबई हवाई अड्डे पर शनिवार को कई ड्रोन हमले हुए, जिससे विमानों की आवाजाही कई घंटों तक ठप रही। इसके कारण क्षेत्र की प्रमुख विमानन कंपनी एमिरेटस ने विमान संचालन को रोकने का फैसला किया है। कतर के रक्षा मंत्रालय ने भी एक बैलिस्टिक



■ दुबई हवाई अड्डे पर शनिवार को कई ड्रोन हमले हुए, जिससे विमानों की आवाजाही कई घंटों तक ठप रही

मिसाइल हमले को विफल करने की पुष्टि की है, जिसके बाद दोहा में सुरक्षा अलर्ट जारी कर लोगों को घरों के भीतर रहने की सलाह दी गई। इसे देखते हुए कतर एयरवेज ने कहा है कि वह कल लंदन, पेरिस, मैड्रिड, रोम, फ्रैंकफर्ट और बैंकॉक से दोहा के हमाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए फ्लाइट्स ऑपरेट करने का योजना बना रहा है। उसने कहा कि यह फ़ैसला कतर विमानन प्राधिकरण से अस्थाई अनुमति मिलने के बाद लिया गया। वहीं बहरीन की सेना ने बताया कि हमलों की शुरुआत से अब तक उसने 86 मिसाइलों और 148 ड्रोनों को मार गिराया है। सऊदी अरब ने भी अपने विशाल 'शयबाह' तेल क्षेत्र की ओर बढ़ रहे 16 ड्रोनों को शनिवार तड़के नष्ट करने का दावा किया है। इस बीच, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने सरकारी टेलीविजन पर एक संबोधन में पड़ोसी देशों पर हुए हमलों के लिए व्यक्तिगत रूप से माफी मांगते हुए इसे एक असामान्य मोड़ दे दिया है। उन्होंने कहा कि तेहरान अपने पड़ोसियों पर हमला नहीं करना चाहता और भविष्य में तब तक कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी जब तक ईरान पर उन देशों की जमीन से हमला न हो। राष्ट्रपति ने खाड़ी देशों से 'साम्राज्यवाद' के हाथों की कठपुतली न बनने की अपील की, हालांकि उनके इस बयान के बाद भी क्षेत्र में हवाई हमले और जवाबी कार्रवाई जारी रही।

## अब पड़ोसी देशों पर हमला नहीं करेगा ईरान: पेजेशकियान

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने पड़ोसी देशों से माफ़ी मांगते हुए कहा है कि अब ईरान उन देशों पर हमला नहीं करेगा। पेजेशकियान ने ईरान के सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक वीडियो संदेश में कहा कि मुझे लगता है कि उन पड़ोसी देशों से माफ़ी मांगना जरूरी है जिन पर हमला हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारा पड़ोसी देशों पर हमला करने का कोई इरादा नहीं है। हम शांति और सुकून कायम करने के लिए इलाके में सहयोग की अपील करते हैं। पेजेशकियन ने कहा कि सैन्य बलों को एक आदेश दिया गया है। अब से, पड़ोसी देशों पर तब तक हमला न करें जब तक कि उन पर पहले हमला न हो।

# अमेरिका परमाणु शस्त्रागार को तेजी से बढ़ाने का विकल्प खुला रख रहा है: रूसी उप विदेश मंत्री

**मॉस्को।** रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने कहा है कि अमेरिका रणनीतिक हथियारों के मामले में पूरी तरह स्वतंत्र रहना चाहता है और अपनी मर्जी से परमाणु क्षमता बढ़ाने का विकल्प तैयार रख रहा है। रयाबकोव ने कहा कि अमेरिकी अधिकारियों के बयानों से संकेत मिलता है कि अमेरिका इस क्षेत्र में पूरी आजादी बनाये रखना चाहता है। वे अपने पास कई विकल्प रख रहे हैं, जिसमें संभवत: परमाणु शस्त्रागार को तेजी से बढ़ाने का विकल्प भी शामिल है। इसे इस तरह पेश किया जा रहा है कि राष्ट्रपति के पहले आदेश पर इन विकल्पों को फौरन सक्रिय किया जा सके। गौरतलब है कि रूस-अमेरिका के बीच हुई 'न्यू स्ट्रैटेजिक आर्म्स रिडक्शन ट्रीटी' (न्यू स्टार्ट) की मियाद पांच फरवरी को खत्म हो गई थी। पिछले साल सितंबर में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने घोषणा की थी कि रूस एक साल और 'न्यू स्टार्ट' के प्रतिबंधों का पालन करने को तैयार है और उन्होंने सुझाव दिया था कि अमेरिका को भी ऐसा ही करना चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पुतिन के प्रस्ताव को अच्छा विचार बताया था। हालांकि चार फरवरी को रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि अब संधि के पक्षकार किसी भी दायित्व या घोषणा से बंधे नहीं हैं।

# इमरान की पार्टी के 47 नेताओं-कार्यकर्ताओं को जेल

## रावलपिंडी की आतंकवाद निरोधक अदालत का फैसला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 47 नेताओं और समर्थकों को अदालत ने 10 साल की सजा सुनाई है। यह फैसला रावलपिंडी की आतंकवाद निरोधक अदालत ने शनिवार को सुनाया।

अदालत ने इन सभी लोगों को मई 2023 में हुए हिंसक विरोध-प्रदर्शनों और तोड़फोड़ के मामले में दोषी पाया। दरअसल, 9 मई 2023 को इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पूरे पाकिस्तान में पीटीआई कार्यकर्ताओं ने बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किए थे। कई जगहों पर प्रदर्शन हिंसक हो गए थे और सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया था। रावलपिंडी में प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने सेना मुख्यालय की ओर बढ़ने की कोशिश भी की थी। इस दौरान कई सरकारी इमारतों और वाहनों को नुकसान पहुंचाया गया था। इस



■ 9 मई 2023 को इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पूरे पाकिस्तान में पीटीआई कार्यकर्ताओं ने बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किए थे

मामले में पुलिस ने रावलपिंडी के आरए बाजार पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया था। आरोप था कि प्रदर्शनकारियों ने आगजनी, तोड़फोड़, पुलिस पर हमला और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। साथ ही सेना के संग्रहालय, हमजा कैंप और मेट्रो स्टेशन को भी नुकसान पहुंचाया गया था। आतंकवाद निरोधक अदालत के जज अमजद अली शाह ने इन 47 लोगों को अदालत में पेश न होने के कारण पहले ही घोषित अपराधी घोषित कर दिया था। अदालत ने उन्हें अनुपस्थिति में ही दोषी ठहराते हुए 10-10 साल की जेल की सजा सुनाई और प्रत्येक पर 5 लाख पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना भी लगाया। अगर जुर्माना नहीं दिया गया तो अतिरिक्त जेल की सजा भी भुगतनी पड़ेगी। इसके अलावा दोषियों की चल और अचल संपत्ति जब्त करने का आदेश भी दिया गया है। सजा पाने वालों में पीटीआई के कई बड़े नेता शामिल हैं, जैसे उमर अयूब खान, शिबली फराज, शाहबाज गिल, जुल्फी बुखारी, मुराद सईद, जरताज गुल और हम्माद अजहर जैसे नाम शामिल हैं।

अदालत के फैसले में कहा गया कि संयुक्त जांच दल (जेआईटी) की जांच में इन लोगों की भूमिका हिंसक प्रदर्शन की योजना बनाने में सामने आई थी। इसलिए इन्हें आतंकवाद निरोधक कानून के तहत दोषी माना गया। यह मामला 9 मई 2023 को हुए सेना मुख्यालय हमले से जुड़ा है। इस पूरे केस में कुल 118 लोगों को आरोपी बनाया गया है, जिनमें इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी का नाम भी शामिल है। इमरान खान फिलहाल रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं ।

# प्रिंस खालिद ने ईरान को दी 'गलतफहमी' से बचने की चेतावनी

**रियाद।** सऊदी अरब के रक्षा मंत्री प्रिंस खालिद बिन सलमान ने देश के सैन्य ठिकानों और तेल केंद्रों पर हुए सिलसिलेवार मिसाइल और ड्रोन हमलों के बाद ईरान को 'गलतफहमी और गलत आकलन' से बचने की कड़ी चेतावनी दी है।

सऊदी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बयान जारी कर बताया कि अमेरिकी सैन्य कर्मियों की मौजूदगी वाले एक एयर बेस और एक प्रमुख तेल क्षेत्र को निशाना बनाकर किए गए हमलों को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया गया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, राजधानी रियाद के दक्षिण-पूर्व स्थित प्रिंस सुल्तान एयर बेस की ओर दागी गई एक बैलिस्टिक मिसाइल को बीच में ही रोककर नष्ट कर दिया गया। सऊदी प्रेस एजेंसी ने मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से पुष्टि की है कि इसी एयर बेस पर एक और मिसाइल हमला हुआ, जिसे भी विफल कर दिया गया। इसके अलावा, संयुक्त अरब अमीरात की सीमा के पास स्थित शयबाह तेल क्षेत्र को निशाना बनाकर किए गए कई ड्रोन हमलों और रियाद के पूर्व में एक अन्य ड्रोन हमले को भी सेना ने नाकाम कर दिया है। दुनिया के शीर्ष तेल निर्यातक देश सऊदी अरब ने इस सप्ताह की शुरुआत में भी रास तनुरा रिफाइनरी पर कम से कम दो ड्रोन हमलों की सूचना दी थी। प्रिंस खालिद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि इस तरह की कार्रवाइयां क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता को कमजोर करती हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि ईरानी पक्ष बुद्धिमानी से काम लेगा और ऐसी हरकतों से बचेगा, जो क्षेत्र को और अधिक अस्थिरता की ओर धकेल सकती हैं।



# धुरंधर 2 में सारा अर्जुन ने उठा ली बंदूक

**मुंबई।** धुरंधर द रिवेंज यानी धुरंधर 2 का ट्रेलर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगा है। जहां लोग एक बार फिर से खूनी एक्शन से सरावोर कहानी देख चहक उठे हैं तो वहीं कुछ लोगों को रणवीर सिंह के किरदार हमजा अली मजारी के अतीत की झलक न देखने को लेकर निराशा हुई है। ट्रेलर में कई अहम राज भी खुले हैं साथ है फिल्म की हीरोइन सारा अर्जुन भी बंदूक ताने दिख रही हैं। पहले पार्ट धुरंधर में सारा अर्जुन का किरदार यालिना जमाल कहानी में इश्क का रंग घोलता दिखा था और धुरंधर 2 में हाथ में बंदूक थामे दिख रही हैं।

सारा अर्जुन महज 20 साल की हैं और उन्होंने धुरंधर में अपनी उम्र से 20 साल बड़े हीरो रणवीर सिंह संग इश्क लड़ाया था, लेकिन पर्दे पर बनी यह जोड़ी लोगों को खूब पसंद आई थी और दोनों को खूब प्यार भी मिला था। धु.रंधर में सारा ने यालिना जमाल के किरदार में कम समय स्क्रीन पर रहकर ही लोगों का दिल जीत लिया था। धुरंधर फिल्म की कहानी में इश्क का रंग भरने वाली यालिना की आंखों में मोहब्बत की चमक देखने को मिली थी। लेकिन अब धुरंधर 2 के ट्रेलर में यालिना की आंखों में तेवर और हाथों में बंदूक दिख रही है। माना जा रहा है कि ट्रेलर में दिखाया ए कहानी में अहम मोड़ का हिस्सा हो सकता है।

पाकिस्तान के कराची शहर का एक कस्बा ल्यारी अपने खूंखार लीडर्स के लिए जाना जाता है। अक्षय खन्ना का किरदार रहमान डकैत यहां का बादशाह बन जाता है और धुरंधर में रहमान की मौत हो जाती है। इसके बाद राज चलाता है उजैर बलूच और उसे साथ मिलता है हमजा अली मजारी यानी रणवीर सिंह का। साथ ही यहां मेजर इकबाल का भी खूब आतंक है जो भारत की सीमाओं में आंतकी मंसूबों की कहानी गढ़ता रहता है। लेकिन धुरंधर 2 में मेजर इकबाल भी खूंखार अंदाज में नजर आ रहा है। धुरंधर 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। साथ ही नए पार्ट में सारा अर्जुन के नए अवतार को देखना भी काफी दिलचस्प होगा।

पाकिस्तान के कराची शहर का एक कस्बा ल्यारी अपने खूंखार लीडर्स के लिए जाना जाता है। अक्षय खन्ना का किरदार रहमान डकैत यहां का बादशाह बन जाता है और धुरंधर में रहमान की मौत हो जाती है। इसके बाद राज चलाता है उजैर बलूच और उसे साथ मिलता है हमजा अली मजारी यानी रणवीर सिंह का। साथ ही यहां मेजर इकबाल का भी खूब आतंक है जो भारत की सीमाओं में आंतकी मंसूबों की कहानी गढ़ता रहता है। लेकिन धुरंधर 2 में मेजर इकबाल भी खूंखार अंदाज में नजर आ रहा है। धुरंधर 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। साथ ही नए पार्ट में सारा अर्जुन के नए अवतार को देखना भी काफी दिलचस्प होगा।



# धुरंधर के बाद सोलो लीड फिल्म में काम करेंगे अर्जुन रामपाल

**मुंबई।** ब्लॉकबस्टर फिल्म धु.रंधर की ज़बरदस्त सफलता के बाद अर्जुन रामपाल एक दमदार सोलो लीड के साथ फिर से बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। यह नई, अभी अनटाइटल्ड फैमिली ड्रामा फिल्म मनोरंजन के साथ एक मजबूत सामा.जिक संदेश भी लेकर आती है। कहानी जीवन की सादगी, अपनी जड़ों से जुड़ाव और उन रिश्तों का जश्न मनाती है जो सच में मायने रखते हैं।

यहां कोई घिसा-पिटा मसाला नहीं, बल्कि दिल को छू लेने वाली, अपनेपन से भरी और पूरे परिवार के साथ देखने लायक कहानी है, जो हमें अपनी विरासत और अपनों की कद्र करना याद दिलाती है। यह फिल्म अर्जुन रामपाल और लेखक-निर्देशक शैलेश वर्मा की पहली साथ काम करने वाली फिल्म है। इसे पारस सॉफ्टवेयर एंड एंटरटेनमेंट और वेमो मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड ने प्रोड्यूस किया है।

फिल्म अगस्त 2026 के मध्य में सिनेमाघरों में रिलीज़ होने की तैयारी में है। वेमो के एमडी डॉ. विकास कुमार मोदी और शैलेश वर्मा इस साल तीन ऐसी फिल्मों की लाइनअप लेकर आ रहे हैं जो सामाजिक रूप से प्रभावशाली और मजबूत मूल्यों पर आधारित होंगी।

# जैस्मीन अख्तर और डॉ. जियूस ने नए पंजाबी ट्रैक व्हिप के साथ मचाया धमाल



**मुंबई।** जैस्मीन अख्तर ने अपना लेटेस्ट ट्रैक व्हिप रिलीज़ किया है, जो मशहूर म्यूज़िक प्रोड्यूसर डॉ. ज़ियूस के साथ एक हाई-एनर्जी कोलेबोरेशन है। एटीट्यूड, बोल्ड विजुअल्स और पावरफुल बीट्स से भरा यह नया गाना पंजाबी म्यूज़िक लवर्स के बीच पहले से ही एक्साइटमेंट पैदा कर रहा है।

म्यूज़िक वीडियो कनाडा में शूट किया गया है, जो ट्रैक में एक वाइब्रेंट बैकग्राउंड जोड़ता है। डॉ. ज़ियूस के सिग्नेचर बीट्स और तेजी नभेला के लिखे लिरिक्स के साथ, व्हिप कंटेंपररी पंजाबी म्यूज़िक को एक शानदार विजुअल कॉन्सेप्ट के साथ मिलाता है जो ग्लैमर और एनर्जी दोनों को हाईलाइट करता है। रिलीज़ के बारे में बात करते हुए, जैस्मीन अख्तर ने डॉ. ज़ियूस के साथ एक बार फिर कोलेबोरेट करने को लेकर अपनी एक्साइटमेंट शेयर की और अपने पिछले ट्रैक के लिए मिले प्यार को याद किया। जैस्मीन अख्तर ने कहा, डॉ. ज़ियूस के साथ काम करना हमेशा से एक शानदार अनुभव रहा है। हमारे पिछले गाने आह मेरे लक्क ने को सुनने वालों से बहुत प्यार मिला था, और इस तरह का रिस्पॉन्स आपको हमेशा और कुछ बनाने के लिए मोटिवेट करता है। व्हिप के साथ, हमने कुछ बोल्ड और एनर्जी से भरपूर लाने की कोशिश की है। मुझे सच में उम्मीद है कि दर्शक इस नए ट्रैक पर भी उतना ही प्यार बरसाएंगे। पंजाबी म्यूज़िक सीन में अपनी दमदार आवाज़ और पॉपुलैरिटी के लिए जानी जाने वाली, जैस्मीन अख्तर नए साउंड और डायनामिक विजुअल्स के साथ एक्सपेरिमेंट करती रहती हैं। डॉ. ज़ियूस के सिग्नेचर म्यूज़िक और तेजी नभेला के कैची लिरिक्स के साथ, व्हिप एक ऐसा ट्रैक होने का वादा करता है जो फैंस के साथ मजबूती से जुड़ेगा। यह गाना अब बड़े स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

# कुब्रा ने संकल्प की शूटिंग के दौरान नाना पाटेकर से सीखा अभिनय



**मुंबई।** अभिनेत्री कुब्रा सैत ने संकल्प की शूटिंग के दौरान नाना पाटेकर से अभिनय के गुर सीखे। प्रकाश झा निर्देशित अपने आगामी प्रोजेक्ट संकल्प के ट्रेलर लॉन्च के दौरान, कुब्रा सैत ने दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर के साथ काम करने के अपने अनुभव को न सिर्फ बेहद खास, बल्कि उन्हें अद्वितीय कहते हुए उन्हें बेहद प्रेरणादायक भी बताया। कुब्रा सैत ने कहा, नाना पाटेकर वाकई एक अद्वितीय कलाकार हैं, जो न सिर्फ अगले दिन का स्क्रिप्ट अपने हाथों से लिखते हैं, बल्कि उसकी हर लाइन खुद याद करते हैं।

उनकी लेखनी बेहद प्रभावशाली है, उनका जुड़ाव पूरी तरह समर्पित और उनकी मेहनत बेमिसाल है। उन्हें काम करते हुए देखना मेरे लिए जिंदगी के सबसे बड़े सीखने वाले अनुभवों में से एक रहा है। कुब्रा की बातों से यह भी साफ झलकता है कि नाना पाटेकर अपने किरदारों के लिए कितनी गहराई से तैयारी करते हैं। दशकों से अपने दमदार अभिनय के लिए पहचाने जाने वाले नाना पाटेकर आज भी अपनी अनुशासन और काम के प्रति गंभीरता से नई पीढ़ी के कलाक.ारों को प्रेरित कर रहे हैं। साथ ही कुब्रा सैत की इस दिल से की गई तारीफ ने यह भी दिखाया कि संकल्प के सेट पर काम का माहौल बेहद सहयोगी और सीखने वाला था, जहां कलाकार एक-दूसरे से लगातार कुछ नया सीख रहे थे। अब जब संकल्प को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ चुकी है, तो ऐसे में कुब्रा के यह शब्द इस प्रोजेक्ट के पीछे लगी मेहनत, समर्पण और जुनून की एक झलक भी पेश कर रहे हैं।

> **नाना पाटेकर वाकई एक अद्वितीय कलाकार हैं, जो न सिर्फ अगले दिन का स्क्रिप्ट अपने हाथों से लिखते हैं, बल्कि उसकी हर लाइन खुद याद करते हैं, उनकी लेखनी बेहद प्रभावशाली है, उनका जुड़ाव पूरी तरह समर्पित और उनकी मेहनत बेमिसाल है, उन्हें काम करते हुए देखना मेरे लिए जिंदगी के सबसे बड़े सीखने वाले अनुभवों में से एक रहा है।**
> -कुब्रा सैत

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

# विद्या बालन को अपना हीरो मानती हैं तापसी पन्नू

## विद्या ने महिला कलाकारों को भूमिका दिलाने में निभाया अहम रॉल

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू, विद्या बालन को अपना हीरो मानती है। हाल ही में तापसी पन्नू ने बताया कि हिंदी सिनेमा में अपने करियर को लेकर उनकी सोच पर विद्या बालन का कितना गहरा प्रभाव रहा है। तापसी ने कहा कि वह विद्या को अपना हीरो मानती हैं, क्योंकि उनकी फिल्मों ने उन्हें यह विश्वास दिलाया कि इंडस्ट्री में महिला कलाकार भी लंबे समय तक मजबूत और दमदार भूमिकाओं के साथ आगे बढ़ सकती हैं। तापसी पन्नू ने कहा, विद्या मेरी हीरो हैं, क्योंकि उन्होंने मेरे करियर को देखने का पूरा तरीका बदल दिया। उन्होंने मुझे यह विश्वास दिलाया कि मैं भी ऐसा कर सकती हूं। यकीन मानिए अगर उनकी द डर्टी पिक्चर और कहानी जैसी फिल्में नहीं बनी होती, तो शायद मेरे जैसे कलाकारों को इंडस्ट्री में आगे बढ़ते रहने का साहस ही नहीं मिलता। इन्ही फिल्मों ने मेरे करियर की शेल्फ लाइफ को लेकर मेरा नजरिया बदल दिया, क्योंकि यह फिल्में तब रिलीज हुई, जब मैं हिंदी फिल्मों में अपने करियर की शुरुआत कर रही थी। इन फिल्मों की सफलता ने मुझे यह भरोसा दिलाया कि अभिनेत्रियां भी कंटेंट-ड्रिवन और मजबूत कहानियों वाली फिल्मों को अपने दम पर आगे बढ़ा सकती हैं।

